शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 217 | गुवाहाटी | बुधवार, 1 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

एनआईए की कोर्ट में पेश हुए विधायक अखिल गोगोई पेज 3
तकनीक की मदद से लोगों में भरोसा पैदा कर रही सरकार : प्रधानमंत्री पेज 4
अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान : योगी पेज 5
राजस्थान के 166 राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल हुए महात्मा गांधी इंग्लिश... पेज 8

## बिहू नृत्य के वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी शुरू, पीएम होंगे शामिल : सीएम

### भाग लेंगे साढ़े ग्यारह हजार कलाकार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम सरकार ने 11 हजार 500 कलाकारों के साथ असम में सबसे बड़ा बिहू नृत्य आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को बताया कि इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख लोग भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा मंगलवार को जनता भवन (असम सचिवालय) में सांस्कृतिक मामले एवं उद्योग मंत्री बिमल बोरा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री केशव महंत के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बैसाख माह के एक दिन पहले यानी 14 अप्रैल को रंगाली बिहू यानी बोहाग बिहू के दिन गुवाहाटी के सोरुजाई स्टेडियम में सबसे बड़ा बिहू नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 11 हजार 500 नर्तक और ढोल वादक असम के पारंपरिक लोक नृत्य बिहू की प्रस्तुति देंगे। इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि 14 अप्रैल के मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य बिहू को लोकप्रिय बनाना और इसे विश्व मंच पर ले जाना है। डॉ. शर्मा ने कहा कि चार सौ अनुभवी कोरियोग्राफर बिहू नृत्य कलाकारों को प्रशिक्षण देंगे। इसके लिए 27 फरवरी से कलाक्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के साथ-साथ जी20 और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के राजदूतों को भी आमंत्रित किया जा रहा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री इसके अतिरिक्त रंगघर के सौंदर्यीकरण, एम्स गुवाहाटी के उद्घाटन, पलाशबाड़ी और शुआलकूची पुलों के शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को सुचारू और प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। नृत्य प्रदर्शन का एक वीडियो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जमा किया जाएगा। श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में मास्टर प्रशिक्षकों के निर्देशन प्रदान किया जाएगा। -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में एनडीए बनाएगी सरकार : हिमंत



**गुवाहाटी।** त्रिपुरा, नगालैंड या मेघालय में त्रिशंकू विधानसभा नहीं होने का दावा करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राजग सभी विधानसभा क्षेत्रों में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। तीन पूर्वोत्तर राज्य। एनईडीए के संयोजक शर्मा ने कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कोई भी साथी कांग्रेस या तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कोई त्रिशंकू विधानसभा नहीं होगी। एनडीए तीनों राज्यों में सरकार बनाएगी। तीन राज्यों में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि त्रिपुरा और नगालैंड में यथास्थिति रहेगी। नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) के संयोजक ने कहा कि त्रिपुरा में भाजपा का सीएम होगा, जबकि हम नगालैंड में गठबंधन सरकार में हैं। मेघालय के लिए सीएम का -शेष पृष्ठ दो पर

### सांग्मा के बयान से कांग्रेस में हलचल

**शिलांग।** मेघालय में मतदान और उसके बाद जारी एग्जिट पोल में सरकार बनाने को लेकर मामला फंस गया है। एग्जिट पोल में किसी भी पार्टी को बहुमत न मिलने का दावा किया गया है। हालांकि, एनपीपी यहां सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती दिख रही है। इस बीच मुख्यमंत्री कोनराड सांग्मा ने गठबंधन बनाने के संकेत दिए हैं। सांग्मा ने कहा कि वह स्थिर सरकार बनाने के लिए सभी विकल्प खुले रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक स्थिर सरकार बनाने के लिए अपने सभी -शेष पृष्ठ दो पर

## कैबिनेट में आपोन घर योजना और भूमि संरक्षण नीति पर निर्णय



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम मंत्रिमंडल की बैठक में चाय बागान क्षेत्रों में युवा दक्षता बढ़ाने कि *आपोन घर* योजना के तहत धन आवंटन और भूमि संरक्षण सेवा नीति पर निर्णय लिए गए। मंगलवार को जनता भवन (असम सचिवालय) में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य के मंत्री केशव महंत ने एक संवाददाता सम्मेलन में निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की कैबिनेट में चाय बागानों में युवा कौशल बढ़ाने का फैसला लिया गया। युवा कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए *महाप्रभु जगन्नाथ सामुदायिक भवन और कौशल केंद्र* -शेष पृष्ठ दो पर

## सिसोदिया को एससी से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध हैं। बता दें कि दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सोमवार को मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था।

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Doorgraph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## बढ़ती महंगाई से जीडीपी में भी फिर आई गिरावट




**नई दिल्ली।** बढ़ती हुई महंगाई के बीच भारत की ग्रोथ को फिर से झटका लगा है। मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश की जीडीनी 4.4 फीसदी रह गई है। वहीं दूसरी ओर कोर सेक्टर में में राहत की सांस देखने को मिली है। फर्टीलाइजर्स, कोल और इलेक्ट्रीसिटी के प्रोडक्शन में तेजी देखने को मिली है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सरकार ने देश के आंकड़ें किस तरह के देखने को मिले हैं। मंगलवार को सांख्यिकी मंत्रालय की ओर जारी किए डेटा के अनुसार अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के लिए भारत -शेष पृष्ठ दो पर

## विश्व का सबसे लंबा रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास की यात्रा पूरी



**डिब्रूगढ़।** विश्व का सबसे लंबा रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास ने अपनी यात्रा पूरी कर ली। गंगा विलास की यात्रा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से शुरू हुई थी, जो अपनी 50 दिवसीय नदी यात्रा का समापन करते हुए मंगलवार को असम के डिब्रूगढ़ पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 जनवरी को वाराणसी से क्रूज को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बता दें कि अपनी यात्रा के दौरान, क्रूज ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जैसे 5 राज्यों को पार किया। एमवी गंगा विलास ने ढाका, बांग्लादेश के रास्ते 17 फरवरी को असम में प्रवेश किया। जानकारी के अनुसार, गंगा विलास ने 27 नदी ईकाइयों में 3,200 किलोमीटर की दूरी तय की। यात्रा के दौरान, एमवी गंगा विलास में सवार पर्यटकों ने विश्व धरोहर स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों, -शेष पृष्ठ दो पर

## सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा मंजूर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। दिल्ली के उपमुख्यंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। बता दें कि सिसोदिया कथित आबकारी घोटाले के मामले में पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर चल रहे, वहीं स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद हैं। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार को गिरफ्तार किया था और सोमवार को कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड प्राप्त करने में कामयाब रही। सीबीआई की -शेष पृष्ठ दो पर

## तेलंगाना में समय से पूर्व चुनाव की आशंका



**हैदराबाद।** तेलंगाना में साल 2023 के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन भाजपा नेताओं को आशंका है कि सीएम केसीआर राज्य में जल्द चुनाव कराने की सिफारिश कर सकते हैं। इसीलिए भाजपा ने राज्य में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिल्ली स्थित घर में तेलंगाना चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर अहम बैठक हुई। 4 घंटे तक चली इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह सहित राज्य के दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। इसमें तय किया गया कि भाजपा के टॉप लीडर्स आने वाले महीनों में राज्य में रैलियां करेंगे। पार्टी ने जनता से जुड़ने के लिए प्रजा गोसा, भाजपा भरोसा और प्रजा संग्राम यात्रा अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। दिल्ली में हुई इस बैठक में जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा भाजपा तेलंगाना अध्यक्ष बंदी संजय, राज्य प्रभारी तरुण चुग, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, सांसद अरविंद धरमपुरी, सुधाकर रेड्डी-टीएन, के लक्ष्मण सहित कई नेता मौजूद रहे। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि 4 घंटे तक चली बैठक दो राउंड में हुई। पहले राउंड में दो घंटे जेपी नड्डा, अमित शाह और भाजपा तेलंगाना अध्यक्ष संजय ने बैठक की अध्यक्षता की। अगले 2 घंटे दूसरे राउंड की बैठक को राज्य के नेताओं ने लीड किया। बैठक में राज्य के नेताओं को भाजपा की उपलब्धियां जनता तक -शेष पृष्ठ दो पर

## भोपाल-उज्जैन ट्रेन ब्लास्ट : सात आतंकियों को फांसी और एक को उम्रकैद

**लखनऊ।** लखनऊ की विशेष एनआईए कोर्ट ने 2017 में हुए भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट केस के 7 दोषियों को फांसी और 1 को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी को फांसी की सजा सुनाई गई है। जबकि मोहम्मद आतिफ ईरानी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मंगलवार को फैसले के दौरान आठों आतंकी एनआईए कोर्ट में मौजूद थे। रात करीब 8 बजे यह फैसला आया। ट्रेन ब्लास्ट में कुल 9 आतंकी शामिल थे। एक आतंकी सैफुल्ला की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है। एनआईए ने कोर्ट में पेश की अपनी रिपोर्ट में 9 आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप लगाए थे और इनके सबूत भी दिए थे। जांच एजेंसी ने बताया था कि ये लोग जाकिर नाइक का वीडियो दिखाकर युवाओं को जिहाद के लिए उकसाते थे। इस केस में 21 मार्च, 2018 को आरोप तय किए गए थे। शुक्रवार यानी 24 फरवरी को कोर्ट ने बाकी 8 आतंकियों मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

कभी भी यह मत सोचो कि तुम्हारे लिए, तुम्हारी आत्मा के लिए कुछ भी नामुमकिन है। यह सोच ही सबसे ज्यादा दुखदायी है।
**स्वामी विवेकानंद**

### न्यूज गैलरी

#### असम राइफल्स के नए परिसर का उद्घाटन 17 को

**एजल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 मार्च को मिजोरम में असम राइफल्स के एक नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि शाह एजल के पास जोखवासंग में असम राइफल्स के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। नवंबर 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के शीर्ष एजेंडे में असम राइफल्स कैंप को एजल से लगभग -शेष पृष्ठ दो पर

## रामचरित मानस में कूड़ा-कचरा है : बिहार का शिक्षा मंत्री



**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने एक बार फिर रामचरित मानस पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने बजट सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर कहा कि मैं अपने पुराने बयान पर कायम हूं। रामचरित मानस में थोड़ा कचरा है, जिसे साफ करने की जरूरत है। उन्होंने रामचरित मानस की एक और चौपाई पर सवाल खड़ा किया है। इसके पहले भी डॉ. चंद्रशेखर ने मनु स्मृति और रामचरित मानस को समाज में नफरत फैलाने वाला ग्रंथ बताया था। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस समाज में दलितों-पिछड़ों और महिलाओं को पढ़ाई से रोकता है। इस बयान के बाद बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। शिक्षा मंत्री के बयान का महागठबंधन में शामिल जेडीयू ही विरोध कर -शेष पृष्ठ दो पर

## मौसम के साथ बढ़ने लगी बीमारियां

**नई दिल्ली।** मौसम बदलने के साथ ही धीरे-धीरे तापमान में भी इजाफा होने लगा है। हालांकि, इस बार फरवरी में ही तापमान ने कई रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। भले ही सुबह और शाम को तापमान गिर रहा है, लेकिन दोपहर में पारा इतना ज्यादा बढ़ रहा है कि लोगों को अभी से गर्मी सताने लगी है। मौसम में होते इस उतार चढ़ाव ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की अभी से चिंता बढ़ा दी है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर गर्मी से जुड़ी बीमारियों को लेकर अलर्ट किया है। उन्होंने सभी से *नेशनल एक्शन प्लान* पर ध्यान देने -शेष पृष्ठ दो पर

ॐ श्री श्याम देवाय नमः


श्री खाटूश्याम मण्डल, दिसपुर के
29वे वार्षिकोत्सव एवं फाल्गुन महोत्सव
के उपलक्ष में तीन दिवसीय
श्री श्याम कथा एवं भण्डारा का आयोजन
दिनांक 2 मार्च से 4 मार्च/समय 4 से 7 बजे
भजन कीर्तन 7 से 9 बजे प्रतिदिन | भण्डारा 7 से 10 बजे प्रतिदिन
कथा वाचक : अलका जी शर्मा, राजस्थान
निशान यात्रा 3 बजे जैन मन्दिर से सम्पर्क सूत्र M-98641-66100
स्थान : श्री राम मन्दिर (कल्याण भवन), दिसपुर, गुवाहाटी
कृपया इस पत्र को ही आमंत्रण पत्र के रुप में स्वीकार करें
सदस्यता सहयोग राशि 1100/- प्रति वर्ष
सम्पर्क सूत्र - 94355-24964, 94355-48649, 94350-18319, 98640-62666
N.B. : FREE YOGA AT SHREE RAM MANDIR, DISPUR, DAILY 6 AM TO 7 AM, M-98640 44300

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**CORRIGENDUM**

It is for general information to all concerned that the E-Tender invited vide this office Tender Notice No.10 dtd:- 23/02/2023 and Notice No 11 dtd:-23/02/2023 under CAMPA scheme has been cancelled due to unavoidable circumstances.

Divisional Forest Officer,
Social Forestry Division,
Sivasagar.

*-- Janasanyog /C/21388/22*

# 2023 का चुनाव कांग्रेस का आखिरी चुनाव, अब नहीं जीते तो घर बैठ जाना

## दिग्विजय सिंह का कांग्रेसियों को दो टूक

**रायपुर।** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वे पार्टी नेताओं को एकता सूत्र में बांधने के लिए हिदायत दे रहे हैं। दिग्विजय सिंह कह रहे हैं कि अगर ऐसी ही गुटबाजी रही तो साल 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए अंतिम चुनाव होगा। वायरल वीडियो रायपुर अधिवेशन के बाद का बताया जा रहा है। वीडियो में उनके साथ कांतिलाल भूरिया भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में बहुत से नेतागण दिग्विजय को घेरे हुए दिख रहे हैं। दिग्विजय उन्हें संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि अगर ऐसी ही



गुटबाजी चलती रही तो, 2023 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए आखिरी चुनाव होगा, और ऐसे में कमलनाथ भी कूछ नहीं कर पाएंगे। बाद में जनता मौका नहीं देगी। दिग्विजय सिंह कह रहे हैं कि अगर ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़े और इस बार नहीं जीत पाए तो आप लोग घर बैठ जाएंगे। आपको कोई कार्यकर्ता नहीं मिलेगा। आप लोग आपस में बात करने के लिए तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही चलता रहा तो कांग्रेस कभी भी सत्ता में वापसी नहीं करेगी। दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि मैं भी सिर खपा रहा हूं और कमलनाथ जी भी कूछ नहीं कर पाएंगे। समझ लो अब एक हो जाओ। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## सांसदों को सदन में उठाने चाहिए महत्वपूर्ण मुद्दे : जगदीप धनखड़

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम के दौरान उम्मीद जताई कि देश के सांसद, संसद में कार्यवाही के दौरान स्वस्थ चर्चा में भाग लेंगे। साथ ही वो सदन की कार्यवाही बाधित करने से भी परहेज करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है कि वो सदन में अनुशासन सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्यसभा में लोकतंत्र के मंदिर में मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया और संसद में अनधिकृत जानकारी देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन को उचित ठहराया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर इनोवेशन उद्घाटन समारोह में बोलते हुए संसद सत्र के दौरान हालिया व्यवधानों का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह एक स्थायी ढांचा है जिसे भंग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने के लिए बनी संसद बिना किसी कामकाज के बाधित रही तो यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी होगी।

## जी-20: बाली घोषणा पत्र की आलोचनाओं पर भारत ने दी प्रतिक्रिया

### चीनी विदेश मंत्री इसी माह करेंगे यहां की यात्रा

**नई दिल्ली।** बीते साल इंडोनेशिया में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के बाली घोषणा पत्र की आलोचनाओं पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। भारत ने कहा है कि इसकी बातचीत में भारत की अहम भूमिका थी। मंगलवार को सूत्रों ने कहा है कि हमने बाली घोषणापत्र पर कुछ राजनीतिक रूप से प्रेरित और पक्षपाती टिप्पणियां देखी हैं। जबकि तथ्य यह है कि यह भारत की सुविचारित और संतुलित स्थिति है जिसने बाली घोषणा को बनाने में योगदान दिया। सूत्रों ने यह भी कहा कि खास तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन कि यह युद्ध का युग नहीं है, की सभी ने खूब सराहना की। हमारा प्रयास जी-20 वित्त मंत्रियों की बैठक में बाली की सहमति को प्रदर्शित करना था। यह घोषणापत्र में व्यक्त किया गया था। ऐसे में इसकी कोई भी आलोचना गलत और तथ्यात्मक रूप से गलत है। दरअसल, यूक्रेन-रूस युद्ध की वजह से जी-20 के सदस्य देशों के बीच घोषणापत्र के कुछ मुद्दों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। उन मुद्दों के कारण 15 दौर की मंत्रिस्तरीय वार्ता के बावजूद पूरा संगठन दो खेमे में बंटा हुआ था। खास तौर पर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देश घोषणापत्र के ही बिना ही शिखर सम्मेलन के समापन पर तैयार थे। दिसके बाद भारत ने अन्य विकासशील देशों के साथ मिलकर कोशिश की थी। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग दो मार्च को भारत की यात्रा पर होगें। उनकी भारत यात्रा का उद्देश्य यहां जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेना है। इस दौरान उनके विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक करने की उम्मीद भी है। बीते साल दिसंबर में विदेश मंत्री और स्टेट काउंसलर वांग यी की जगह लेने के बाद किन की यह पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पूर्व विदेश मंत्री वांग ने 2019 में सीमा तंत्र पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था। इसके बाद 2022 में उन्होंने नई दिल्ली की यात्रा की थी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए दुबई में पॉपुलर क्वीन ऑफ यूनिवर्स 2023 प्रतियोगिता आयोजित

**गुवाहाटी।** दुबई मुंबई के अमर सिने प्रोडक्शंस द्वारा दुबई में 21 से 23 फरवरी 2023 तक इंटरनेशनल सस्टेनेबल फैशन शो के लिए पॉपुलर क्वीन ऑफ यूनिवर्स का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न देशों की आईएडब्ल्यूए क्वीन ने दुबई के ग्रैंड शेरेटन में पर्यावरण बचाओ गो ग्रीन के लिए वॉक की। भारत के आईएडब्ल्यूए एनजीओ ने दुबई में 19 से 23 फरवरी 2023 तक दुबई में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा की। दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम की मेजबानी दुबई की बबली पूजा कतुहरिया ने की। शो के दौरान दुनिया भर में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने रैंप पर वॉक किया। 22 फरवरी को डॉ कबीर केवी द्वारा यॉट में शेख माजिद राशिद अल मुअल्ला के सीओओ द्वारा दुबई के खूबसूरत समुद्र में ग्रैंड क्राउनिंग की गई। शेख माजिद राशिद अल मुअल्ला के सीओओ प्राइवेट कार्यालय। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री, फिलोनोथ्रिपिस्ट, सामाजिक कार्यकर्ता व आईएडब्ल्यूए की अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर जो द अमेरिकन



यूनिवर्सिटी की राजदूत भी हैं के अलावा अमरसिने प्रोडक्शन के अमर बेदी ने सामाजिक कार्यकर्ता और क्वींस के साथ दुनिया भर में जागरूकता पैदा करने का संकल्प लिया। डा. दलजीत कौर ने कहा कि पेड़ों की कटाई, ऊंची इमारतों ने ग्लोबल वार्मिंग पर बहुत प्रभाव डाला है जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन के संकट को बढ़ा रहा है। प्राकृतिक आपदाएं सभी मानव द्वारा पृथ्वी पर बहुत अधिक दबाव डालने के कारण हैं। पृथ्वी की स्थिरतासमय की परम आवश्यकता है। डा. दलजीत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर जीवन देने के लिए एक साथ हाथ मिलाना है और अपने पीछे एक विरासत छोड़ना है ताकि वे एक स्वस्थ जीवन छोड़ सकें। ग्रैंड शेरेटन द्वारा वेन्यू पार्टनर के रूप में भव्य कार्यक्रम में सहयोग दिया गया। इनके अलावा इवेंट पार्टनर तशवीर सलीम और लिंकमे, ग्लैम एंड ब्यूटी द्वारा फूड पार्टनर खाऊ गली मेकअप, मिस्त्र से डिजाइनिंग पार्टनर नादिन एलीथी और भारत से हाउस ऑफ अली, स्माइल पार्टनर इम्प्लांट्री थे।

## नौसेना में चार दशक का करियर बिताने के बाद वाइस एडमिरल ने उतारी सफेद वर्दी

**नई दिल्ली (हिंस)।** यूपी सैनिक स्कूल लखनऊ और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह सफेद वर्दी में चार दशक से अधिक के शानदार करियर के बाद मंगलवार को सक्रिय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। राष्ट्र के प्रति अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें 2011 में विशिष्ट सेवा मेडल, 2016 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और 2022 में परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। वह दिसंबर, 2021 से पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। उनके कार्यकाल के दौरान जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों के साथ विस्तारित, लंबी दूरी के हथियारों की तैनाती की गई। पिछले 15 महीनों में बंदरगाह यात्राओं से लेकर विभिन्न नौसेनाओं के साथ भारत ने बहुपक्षीय और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों में हिस्सा लिया। इस अवधि में गोवा में विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ, पनडुब्बी वागीर और एयर स्क्वाड्रन आईएनएएस 316 की कमीशनिंग भी हुई। इसके अलावा जहाजों सूरत और उदयगिरि के साथ-साथ पनडुब्बी वाग्शीर को लांच किया गया।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चेक गणराज्य के विदेश मंत्री से की वार्ता

**नई दिल्ली (हिंस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन दिवसीय भारत के दौरे पर आए चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की के साथ बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय, आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की रविवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे हैं।

**REQUEST FOR QUOTATION**

Sealed RFQ Document downloaded from the website **“https://fisheriesdirector.assam.gov.in”** are hereby invited by the undersigned from Registered Supplier/Firm affixing non refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paisa twenty five) only for collection of rate for supply of office IT items and furnitures at Directorate of Fisheries, Assam, Guwahati under PMMSY. Details of bidder/firm i.e. proper address, email and whatsapp mobile number etc. has to be submitted with the RFQ document. The last date of submission of bid/quotation at the office of the undersigned is **24th March 2023** up to 12.30 PM. The quotation will be opened on the same day at 01.00 pm where the bidders or their authorized representative may be present. The stipulated time period is 2 months.

| SL | Name | EMD | Cost of RFQ document (Rs.) | Time Period |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Quotation of Rate for Supply of Office IT items and furniture at Directorate of Fisheries, Assam under PMMSY. | Rs. 2,000.00 (Rs.1,000.00 for SC /ST/ OBC/ MOBC bidder) | 100.00 | 2 (two) months after issuance of supply order |

Intending bidders have to download the Bidding document from the website **“https://fisheriesdirector.assam.gov.in”** of the Deptt. of Fisheries, Assam from 3rd March, 2023 up to 24th March, 2023.

Director of Fisheries
Assam, Guwahati

*-- Janasanyog /C/21417/22*

# पृष्ठ एक का शेष

### *बिहू नृत्य के ...*

प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों के बिहू नृत्य कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों के चयन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला बिहू समिति ने ली है। कार्यक्रम के लिए 6 से 12 अप्रैल तक ड्रेस रिहर्सल होगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस प्रस्तुति में 11,500 प्रतिभागी भाग लेंगे, इसमें 70 प्रतिशत लड़कियां और 30 प्रतिशत लड़के होंगे, इनकी उम्र 15 से 35 साल के बीच है। कार्यक्रम आयोजन के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने व्यक्तिगत पहचान की सुविधा के लिए बिहू नर्तकियों को एक समर्पित पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रतिभागियों को परिवहन व्यय के लिए तीन सौ रुपए और कपड़ों के लिए तीन हजार रुपए दिए जाएंगे। इन सभी कलाकारों को राज्य सरकार सम्मानित भी करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने बिहू के चहुंमुखी प्रचार के लिए एक मार्च से 14 अप्रैल तक पावरलूम के जरिये तैयार असमिया गमछा, मेखला-चादर और पावरलूम से तैयार अरोनाई (बोड़ो जनजाति का वस्त्र) की बिक्री पर रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध पारंपरिक हथकरघा के बारे में जागरुकता बढ़ाने और मशीन से बनी वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित करने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सात दिवसीय बिहू उत्सव अगले साल की शुरुआत में सोरुसजाई स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से पारंपरिक असमिया संस्कृति और नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। इस वर्ष एकमात्र फोकस प्रचार के माध्यम से बिहू को लोकप्रिय बनाना और बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करना है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह विश्व रिकार्ड का प्रयास राज्य के सांस्कृतिक इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि कोकराझार के पटगांव में बोड़ो साहित्य सभा के 62वें वार्षिक सम्मेलन में जिन बातों की घोषणा की गई थी, उनकी तत्काल तैयारियां शुरू की जाएंगी।

### *पूर्वोत्तर के तीनों ...*

फैसला भाजपा द्वारा जीते गए राज्यों की संख्या पर विचार करने के बाद किया जाएगा। त्रिपुरा में 16 फरवरी को और नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को चुनाव हुए थे। परिणाम 2 मार्च को घोषित किए जाएंगे। आपको बता दें कि तीनों राज्यों में भाजपा या तो सत्ता में है या सरकार को समर्थन दे रही है। मेघालय में एनडीए की सरकार है। वहीं नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रही है। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी एनडीए का हिस्सा है। वहीं त्रिपुरा में भाजपा की सरकार है।

### *सांग्मा के बयान ...*

विकल्प खुले रखेंगे। हम यह देखकर खुश हैं कि रुझान हमारे पक्ष में हैं, क्योंकि हमें पिछली बार की तुलना में अधिक सीटें मिलने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक स्थिर सरकार बनाने के लिए राज्य के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। बता दें, पिछली बार सांग्मा ने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। इसके बावजूद दोनों पार्टियों ने अगल-अगल चुनाव लड़ा है। मेघालय में भाजपा, कांग्रेस, एनपीपी और तृणमूल कांग्रेस समेत इस बार 13 राजनीतिक दल मैदान में हैं। कूल 375 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें 36 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। मेघालय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने 60-60 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इसके अलावा सीएम कोनराड के. सांग्मा के नेतृत्व वाली एनपीपी ने 57 उम्मीदवारों, यूडीपी ने 46, एचएसपीडीपी ने 11, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 9, गण सुरक्षा पार्टी ने एक, गारो नेशनल काउंसिल ने दो, जनता दल (यूनाइटेड) ने तीन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। एक सीट पर एक प्रत्याशी के निधन के चलते अभी 59 सीटों पर ही मतदान हुआ है। ऐसे में नतीजे भी इन्हीं 59 सीटों के आएंगे। बची हुई सीट पर बाद में उपचुनाव होगा। मेघालय 60 सदस्यीय विधानसभा सीटों वाला राज्य है। यहां सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी के पास कम से कम 31 सीटें जीतनी होती हैं। पिछले चुनाव में यहां कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। कांग्रेस के 21 उम्मीवारों ने जीत हासिल की थी, तो एनपीपी के 20 प्रत्याशी जीते थे। हालांकि, सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी कांग्रेस को सत्ता से बाहर रहना पड़ा था। भाजपा समेत कूछ अन्य दलों ने एनपीपी को समर्थन दे दिया और सरकार बनवा दी।

### *कैबिनेट में आपोन ...*

योजना के पहले चरण के तहत चाय बागान में पांच सौ जगन्नाथ सामुदायिक भवन और कौशल केंद्रों के निर्माण के लिए 750 करोड़ रुपए की स्वीकृति। साथ ही क्रमवार तरीके से सभी चाय बागानों को इस योजना में शामिल कर निर्धारित स्थान पर केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना विभिन्न सांस्कृतिक और सामुदायिक जरूरतों के संदर्भ में प्रत्येक चाय बागान के साथ-साथ सामुदायिक केंद्रों में कौशल सुविधाएं प्रदान करके चाय बागान समुदाय की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि आज की मंत्रिमंडल बैठक में राज्य कर्मचारियों की आपोन घर योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज सहायता आवश्यकता को पूरा करने के लिए 104.57 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी है। इससे राज्य कर्मचारियों को होम लोन लेने में मदद मिलेगी। आपोन घर योजना के तहत अब तक 36,159 कर्मचारियों ने लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने भूमि संरक्षण विभाग में प्रशासन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से असम भूमि संरक्षण सेवा नीति, 2023 को मंजूरी दे दी। यह विभाग के विभिन्न कैडरों (राजपत्रित) की पदोन्नति और नियुक्ति के लिए नीतियां तैयार करेगा। इससे कर्मचारियों को प्रेरित करने के साथ-साथ सेवा संबंधी कठिनाइयों को भी दूर किया जा सकेगा।

### *बढ़ती महंगाई से ...*

की जीडीपी घटकर 4.4 फीसदी रह गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में कांस्टैंट प्राइस के आधार पर जीडीपी 40.19 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में 38.51 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 4.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2022-23 की तीसरी तिमाही में करंट प्राइस के आधार पर जीडीपी 69.38 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 की तीसरी तिमाही में यह 62.39 लाख करोड़ रुपए था, जो 11.2 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आर्थिक विकास को पहले के 8.7 फीसदी से संशोधित कर 9.1 फीसदी कर दिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्री ने 28 फरवरी को जानकारी देते हुए कहा कि जनवरी के लिए आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का भारत का संयुक्त सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.8 फीसदी प्रतिशत बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि अप्रैल-जनवरी 2022-23 के लिए आईआईपी में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी 2022 के सूचकांक की तुलना में जनवरी 2023 में आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक 7.8 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ा। आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं के वजन का 40.27 प्रतिशत शामिल है। जनवरी 2023 में फर्टीलाइजर, कोयला, बिजली, स्टील, नेचुरल गैस, सीमेंट और रिफाइनरी प्रोडक्ट्स का प्रोडक्टशन पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ा है।

### *विश्व का सबसे ...*

नदी घाटों और बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों का दौरा किया। इन जगहों पर विरासत को जानने का मौका मिला। बता दें कि केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक, रामेश्वर तेली ने स्विटजरलैंड के पर्यटकों सहित अन्य पर्यटकों का स्वागत किया। जानकारी के अनुसार, लग्जरी क्रूज में तीन डेक, 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट हैं। गंगा विलास की पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटकों ने पूरी यात्रा के लिए हस्ताक्षर किए थे। जानकारी के मुताबिक, यह अगले दो वर्षों के लिए आने-जाने के लिए पहले से ही बुक है। बता दें कि एमवी गंगा विलास क्रूज ने भारत और बांग्लादेश को दुनिया के नदी क्रूज मानचित्र पर प्रस्तुत किया है। भारतीय उपमहाद्वीप में पर्यटन और माल ढुलाई के लिए एक नया क्षितिज और कार्यक्षेत्र खोल रहा है। आध्यात्मिकता की तलाश करने वाले पर्यटकों को काशी, बोध जैसे स्थलों की यात्रा करने का अवसर मिलता है।

### *सिसोदिया और सत्येंद्र ...*

इस कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि मामला दिल्ली में होने का यह मतलब नहीं कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट का रूख करें। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास अपनी जमानत को लेकर कई सारे विकल्प हैं। उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस मामले में हम कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते। वहीं सूत्रों के मुताबिक आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर अब इस मामले को हाईकोर्ट में लेकर जाएगी। पार्टी ने कहा कि हम कोर्ट का सम्मान करते हैं। भाजपा दिल्ली सरकार में हुए कथित शराब घोटाले के बारे में जानकारी देने के लिए राजधानी के हर घर का दरवाजा खटखटाएगी। भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के हर बूथ के हर घर तक पहुंचकर नई शराब नीति में हुई अनियमितताओं की जानकारी देगी। इसकी विस्तृत योजना आज दिल्ली प्रदेश भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक में तय की जाएगी।

### *तेलंगाना में समय से ...*

पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए पार्टी राज्य में *प्रजा गोसा, भाजपा भरोसा* और प्रजा संग्राम यात्रा अभियान शुरू करने का फैसला लिया गया है। इसका उद्देश्य पार्टी का बूथ लेवल पर मजबूत करना है। वहीं, भाजपा के टॉप लीडर्स आने वाले महीने में तेलंगाना के 119 निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियां करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक महीने के बाद हैदराबाद में समापन रैली करेंगे।

### *भोपाल-उज्जैन ट्रेन...*

रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को दोषी ठहराया था। पुलिस ने आतंकियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। लखनऊ के काकोरी में हुई मुठभेड़ में सैफुल्ला मारा गया था। जबकि अन्य आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए थे। इसके बाद मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने करते हुए बाकी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। 7 मार्च 2017 को भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन (59320) सुबह 6:25 बजे निर्धारित समय से भोपाल स्टेशन ट्रेन रवाना हुई। सुबह 9:38 बजे का वक्त रहा होगा। शाजापुर जिले के कालापीपल के पास जबड़ी रेलवे स्टेशन के करीब ट्रेन में ब्लास्ट हुआ। इसमें नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग ट्रेन से कूद गए। उसकी वजह से उन्हें चोटें आईं। ब्लास्ट की आवाज सुनकर कुछ लोगों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। 14 मार्च 2017 को केंद्र सरकार ने मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी। जांच में सामने आया कि आतंकी संगठन आईएस से जुड़े आतंकियों ने बम प्लांट किया था। जांच एजेंसियों ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से मोहम्मद फैजल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को गिरफ्तार किया, जबकि एक आतंकी सैफुल्लाह मुठभेड़ में मारा गया।

### *रामचरित मानस में ...*

रही है। शिक्षा मंत्री के ताजा बयान को जदयू ने चीप पब्लिसिटी बताया है। कहा कि उनमें दम है तो वो दूसरे धर्मों पर सवाल उठाकर दिखाएं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस ग्रंथ में कई ऐसे दोहे हैं, जिस पर वह आगे भी सवाल उठाते रहेंगे। रामचरित मानस को कूड़ा-कचरा कहने पर जब रिपोर्टर ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ये मैंने नहीं कहा कि यह डॉ. लोहिया ने कहा है। मैं उनकी बातों को दोहरा रहा हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में किसी की हिम्मत नहीं कि मेरे बयान पर सवाल खड़ा कर सके। मैं आज भी कह रहा हूं कि रामचरित मानस में शूद्रों का अपमान किया गया था। लोहिया और आंबेडकर की नजर से मैं पढ़ता हूं। आज का शूद्र पढ़ा-लिखा है। उसे बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने बकायदा मोबाइल निकालकर इस चौपाई को पड़ा और उल्टे पत्रकारों से सवाल किया कि इस पर उनका क्या कहना है? ताड़ना का मतलब अगर शिक्षा है तो हर जगह क्यों नहीं बदला गया। सिर्फ एक जगह लीपापोती की गई है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बयान के बाद जेडीयू विधायक डॉ. संजीव ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह चीप पब्लिसिटी के लिए बयान दे रहे हैं। इन्हें इलाज की जरूरत है। रामचरित मानस पर कोई सवाल नहीं खड़ा कर सकता है। हिम्मत है तो दूसरे धर्मों के बारे में बयान देकर सड़क पर चल कर दिखाएं। यह तो हिंदू धर्म की महानता है कि वह अभी तक इस तरह का बयान दे रहे हैं।


### *मौसम के साथ बढ़ने ...*

के लिए कहा है। केंद्र की ओर से लिखी गई चिट्ठी में कहा गया है कि कई जगहों पर अभी से तापमान हाई लेवल पर पहुंच गया है। ऐसे में गर्मी से होने वाली बीमारियां भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत सभी राज्यों में दैनिक निगरानी की जाएगी। अधिकारियों से स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी तैयारियों के लिए सभी जिलों में तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। पत्र में कहा गया है कि राज्य के स्वास्थ्य विभागों को चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को गर्मी से होने वाली बीमारी, इसकी शीघ्र पहचान और प्रबंधन के प्रति संवेदनशील बनने की जरूरत है। इसके अलावा विभागों को आवश्यक दवाओं, इंट्रावेनस फ्लूड, आइस पैक, ओआरएस और सभी आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### *असम राइफल्स के ...*

15 किलोमीटर दूर जोखवासंग में स्थानांतरित करना शामिल था। फरवरी 2019 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने असम राइफल्स को उस वर्ष 31 मई तक अपने बटालियन मुख्यालय को जोखवासांग में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। देश के सबसे पुराने अर्धसैनिक बल के पास शहर के बीचोबीच जोडिन और खातला में असम राइफल्स के दो अड्डे हैं। जोडिन में स्थित एक को जोखवासांग में स्थानांतरित किया जा रहा है। पिछले साल नवंबर में अमित शाह के साथ एक बैठक के दौरान, जोरमथांगा ने केंद्रीय गृह मंत्री को सूचित किया था कि असम राइफल्स शिविर के स्थानांतरण में देरी से राज्य की राजधानी में ढांचागत परियोजनाओं में देरी हो रही है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**(योगाभ्यास)**

**मोह माया बन्धन नहीं, कनक कामिनी आग।**
**अलल पक्षि गति गगन को, सुरति सुहागिन जाग॥ 67॥**

**शब्दार्थ :** (अलल पक्षि) गगन में निराधार उड़ने वाला एक पक्षी।

**भाष्य :** अनुरागी साधक कनक-कानिी के विषय ताप एवं उसके मोह, माया के बंधन से रहित हो कर चेतन सोहागिन सुरति को जागृत कर अलल पक्षी के समान निराधार चेतन आकाश को गमन करता है।

**अलल पक्ष इव लव लगी, अन्तर सदा उदास।**
**तारा मण्डल बेध कर, गगन मण्डल घर वास॥ 68॥**

**शब्दार्थ :** (उदास) वैराग्य, अनिच्छा।

**भाष्य :** साधक अलल पक्षी के समान अपने निज घर से प्रेम करता है और अंतर में जगत से अनिच्छित हो कर अनहद-मंडल को पार कर अपने चेतन सुरति द्वारा गगन-मंडल में स्थिर हो निवास करता है।

# एनआईए की कोर्ट में पेश हुए विधायक अखिल गोगोई



**गुवाहाटी (हि.स.)।** शिवसागर से विधायक और राइजर दल के अध्यक्ष अखिल गोगोई मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कोर्ट में पेश हुए। दरअसल, गुवाहाटी हाई कोर्ट ने सीएए आंदोलन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं और देशद्रोह के मामले में अखिल गोगोई के खिलाफ फिर से एनआईए को मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अखिल गोगोई को राहत देते हुए निर्देश दिया है कि 3 मार्च तक अखिल को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अखिल कोर्ट के सामने पेश भी होते हैं तो भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी अखिल गोगोई को गिरफ्तार नहीं कर पाएगी। मंगलवार को वामपंथी विचारक अखिल गोगोई के साथ बिटू सोनोवाल और धैर्य कोंवर, मानस कोंवर भी एनआईए की कोर्ट में पेश हुए। इससे पहले अखिल एनआईए की कोर्ट में गत 23 फरवरी को भी पेश हुए थे।

## जंगली हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**बिश्वनाथ (हि.स.)।** बिश्वनाथ जिला के गहपुर के दक्षिणी हिस्से में पुनः जंगली हाथियों ने दो ग्रामीण परिवारों के घरों को ध्वस्त कर दिया। बीती रात करीब 10 बजे जंगली हाथियों के झुंड से निकलकर चार जंगली हाथियों ने गहपुर के गमिरी के बेबेजिया में शंकर दास के घर को भारी नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथी के हमले से बचने के लिए परिवार के सदस्यों ने बेड के नीचे घुसकर अपनी जान बचाई। चार जंगली हाथियों के एक समूह ने शंकर दास के बागान के केले के पेड़, तामोल (सुपारी) के पेड़, नारियल के पेड़ आदि को नष्ट कर दिया। जंगली हाथियों ने इलाके के निवासी राजनाथ दास के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पिछले कई महीनों से बेबेजिया क्षेत्र में जंगली हाथियों का लगातार झुंड उत्पात मचा रहा है। काजीरंगा में जोड़े गए छठे क्षेत्र से शावक समेत एक बाघिन का इलाके में आतंक जारी रहने के बीच जंगली हाथियों के लगातार इलाके में आने से लोगों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है।

# इकोसिस्टम संतुलित करने के लिए हर वर्ष एक सप्ताह का वैश्विक लॉकडाउन हो : पर्यावरणविद पायेंग




**कोकराझाड़ (हि.स.)।** ग्लोबल वार्मिंग पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद जादव पायेंग ने मंगलवार को वैश्विक नेताओं से इको-सिस्टम में संतुलन बनाने के लिए हर वर्ष दुनियाभर में एक सप्ताह का लॉकडाउन करने का आह्वान किया है। पायेंग मंगलवार को कोकराझाड़ में चल रहे चार दिवसीय बोडोलैंड अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान महोत्सव के दूसरे दिन स्वदेशी ज्ञान प्रणाली विषय पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। पायेंग को भारत का वन पुरुष भी कहा जाता है। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) सरकार के सक्रिय समर्थन से बोडोलैंड विश्वविद्यालय ने चार दिवसीय ज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया है। पायेंग ने कहा कि मैं दुनिया के करोड़ लोगों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाने की दिशा में सोचें। मुझे लगता है कि अगर हम विश्व स्तर पर एक साल में एक हफ्ते के लिए लॉकडाउन लगा सकते हैं, तो पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन धीरे-धीरे वापस आ जाएगा। मैं यह अपने व्यक्तिगत अनुभव से कह रहा हूं। ईश्वर ही प्रकृति है और प्रकृति ही ईश्वर है की अवधारणा में विश्वास रखने वाले पायेंग ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने भारत में वनों और हरियाली को संरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा था। उन्होंने कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है कि हम जंगलों को नष्ट करके विकास नहीं ला सकते हैं। हमें अपने जंगलों और प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। प्रकृति की कीमत पर विकास एक अभिशाप है। पायेंग ने यह भी उम्मीद जताई कि देश में नई शिक्षा नीति कुछ बदलाव लाएगी। उन्होंने महिलाओं के लिए 60 प्रतिशत आरक्षण की वकालत की। छात्रों को संबोधित करते हुए 64 वर्षीय पायेंग ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया, जब उन्होंने 1979 में पेड़ लगाना शुरू किया था, जो अंततः 30 वर्षों के बाद एक विशाल जंगल में बदल गया। उत्सव के दूसरे दिन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सतत कृषि, व्यवहार परिवर्तन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, लिंग सशक्तिकरण, संचार और मीडिया, मानवाधिकार, बाल अधिकार और संरक्षण और शांति निर्माण जैसे विषयों पर कई सेमिनार हुए। इससे पहले,सोमवार को नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित परोपकारी और हीरा निर्यातक सावजी भाई ढोलकिया, सेसमोल के संस्थापक सोनम वांगचुक, बॉलीवुड अभिनेता और परोपकारी विवेक ओबेरॉय सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में महोत्सव का उद्घाटन किया गया था।

# काटिगोरा में 25.50 लाख के 17 बर्मीज मवेशी जब्त



**कछार (हि.स.)।** कछार जिले के काटिगोरा पुलिस ने मंगलवार को सेरागी बाजार से सटे लाठीमारा गांव से 17 बर्मीज मवेशियों को बरामद किया है। पुलिस ने इन बर्मीज मवेशियों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 25.50 लाख रुपये आंकी है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कछार पुलिस अधीक्षक नोमल महतो ने मीडिया को बताया कि एक सूचना के आधार पर काटिगोरा थाने के थानाध्यक्ष नवकुमार सैकिया ने उप निरीक्षक एल सिंगसिंग समेत अन्य पुलिसकर्मियों के साथ सेरागी बाजार के लाठीमारा गांव में छापा मारा। पुलिस टीम ने लाठीमारा गांव से होकर बहने वाली नदी के किनारे तलाशी अभियान चलाकर 17 बर्मीज मवेशियों को बरामद किया। पुलिस अधीक्षक महतो ने बताया कि इन बर्मीज मवेशियों की देखभाल करने के लिए एक पशु चिकित्सक को बुलाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मवेशी तस्करों का इरादा म्यांमार से मिजोरम होते हुए कछार जिला के काटिगोरा इलाके से दूसरे राज्य या किसी अन्य देश में तस्करी करने का था। उन्होंने कहा कि इस घटना से जुड़े किसी भी आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस बर्मीज मवेशियों की तस्करी में लिप्त लोगों को गंभीरता से खंगाल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले एक-दो दिनों के भीतर इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है। संवाददाता सम्मेलन में कछार के पुलिस अधीक्षक नोमल महतो के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुब्रतकुमार सेन भी मौजूद थे।

## आधा किग्रा ब्राउन शुगर समेत दो गिरफ्तार

**बरपेटा (हि.स.)।** जिले के हाउली में पुलिस ने आधा किग्रा ब्राउन शुगर के साथ ड्रग्स की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया है कि हाउली थाना प्रभारी गोपाल बोरा के नेतृत्व में टीम ने बरपेटा के हाउली में प्लास्टिक की 11 साबुनदानी में छुपाकर लाई गई ब्राउन शुगर समेत ड्रग्स की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह ड्रग्स तस्करी कर सिलीगुड़ी से लाई गई थी। गिरफ्तार दोनों आरोपी सुमेज अली गांव फुलकीपारा और कमालउद्दीन हाजीपारा गांव का निवासी हैं। इनके पास से आधा किग्रा ड्रग्स बरामद हुई है। बरपेटा राजस्व सर्कल पुलिस अधिकारी के अनुसार जब्त ड्रग्स सिलीगुड़ी से तस्करी कर यहां लाई गई थी। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया और पुलिस दोनों से हाउली थाने में सघन पूछताछ कर रही है।

# लायंस जिला 322जी का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न




**गुवाहाटी (विभास)।** लायंस क्लब जिला 322जी का आरोही नामक दो दिवसीय अधिवेशन विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों एवं निर्विरोध चुनाव के साथ संपन्न हुआ। माछखोआ स्थित प्रागज्योती आईटीए सेंटर में अधिवेशन की अध्यक्षता जिलापाल बीएस राठौड़ ने की। इस मौके पर लायंस के नए सत्र हेतु जिलापाल के अलावा वीडीजी (प्रथम) वीडीजी (द्वितीय) के नामों की घोषणा की गई। मौजूदा अध्यक्ष बीएस राठौड़ ने लायंस जिला 322जी के नए जिलापाल के रूप में निर्मल कुमार भूरा, वीडीजी (प्रथम) के रूप में श्रीमती सीमा गोयनका व वीडीजी (द्वितीय) के रूप में अधिवक्ता पंकज पोद्दार निर्विरोध चुने गए। लायंस जिला 322जी के इन पदाधिकारियों के नामों की घोषणा के साथ ही समूचा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विभिन्न लायंस क्लब की ओर से चुने गए पदाधिकारियों को बधाई देने का तांता लग गया। उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में मूल रूप से वीडीजी द्वितीय पद के लिए चुनाव महत्वपूर्ण होते हैं। मगर इस बार लायंस की विभिन्न क्लबों के समर्थन से लायंस अनमोल के प्रत्याशी पंकज पोद्दार निर्विरोध वीडीजी द्वितीय के रूप में चुने गए। इस दौरान बांसुरी पोद्दार ने वीडीजी (द्वितीय) चुने गए पंकज पोद्दार का परिचय पढ़ा। अधिवेशन में लायंस अनमोल को परेड में प्रथम, फोटो प्रदर्शनी व बैनर प्रेजेंटेशन में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि चुने गए लाइन जिला के सभी पदाधिकारी आगामी 1 जुलाई से अपने सत्र का पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में त्रिपुरा, मेघालय, असम सहित बराक वैली से आए 650 से अधिक लायंस सदस्यों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन को सफल बनाने में लायंस जिला 322जी के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अमीनगांव में पोलिकॉन समूह का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**गुवाहाटी (विभास)।** महानगर के समीपवर्ती अमीनगांव के एक्सपोर्ट प्रमोशनल इंडस्ट्रीयल पार्क (ईपीआईपी) परिसर स्थित पोलिकॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मारवाड़ी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में उक्त अंचल के 300 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इस दौरान पोलिकॉन समूह की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच नि:शुल्क दवाइयां भी बांटी गई। इस शिविर में ईएनटी, फिजिओथेरपी, रक्त वर्गीकरण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय समय पर पोलिकॉन समूह की ओर से उक्त अंचल में स्वास्थ्य शिविर के अलावा विभिन्न तरह के सहयोग दिए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि पोलिकॉन समूह इलाके में व्यापार के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाहन लंबे समय से करते आ रहा है। शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी हॉस्पिटल्स के चिकित्सकों सहित पूरी टीम का भरपूर सहयोग रहा।

# भारतीय विज्ञान-प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




**गुवाहाटी (विभास)।** भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया है प्रथम दिवस पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आशीष कुमार मुखर्जी ने दीप प्रज्वलन कर इसका उद्घाटन किया है इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर प्लांट जिनोम रिसर्च न्यू दिल्ली के निदेशक डॉक्टर शुभ चक्रवर्ती, कंसोर्सियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च इंदौर के निदेशक प्रोफेसर अम्लान जे पाल, नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर गुड़गांव के निदेशक प्रोफेसर कृष्ण राय, सहित अन्य प्रोफेसर उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सी वी रमन के जन्म दिवस के उपलक्ष में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष संस्थान का थीम ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेलबिंग है, आई ए एस एस टी ने इस कार्यक्रम के तहत रिसर्च स्कॉलर्स के बीच में उनके रिसर्च को लेकर क्विज कंपटीशन कराया जिसे छात्र छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से प्रोफेसरों से अपने अनुभव को साझा किया जिनमें से 6 रिसर्च स्कॉलर स्कोर उनके उल्लेखनीय प्रेजेंटेशन के लिए पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुर्तगाल के यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्टो के डॉक्टर पेड्रो अलेक्जेंड्रिना फर्नांडीस ने भी अपने विचार व्यक्त किए, वही प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर निलोत्पल सेन शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन 1 मार्च को असम के विभिन्न कालेजों के 50 से अधिक होनहार विद्यार्थियों को संस्थान में प्रयोगशाला में ले जाकर विभिन्न अनुसंधान के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि आने वाले समय में उनकी पढ़ाई में इससे मदद मिल सके।

## अनियंत्रित कार के चलते दो सड़क हादसे : एक बच्ची की मौत, चार घायल

**गोलाघाट (हि.स.)।** गोलाघाट जिलांतर्गत बोकाखात के लाखोजान और लताबाड़ी में मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित कार के चलते दो स्थानों पर सड़क दुर्घटना हुई। हादसे में दो वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और वाहन चालक समेत चार व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि एक हुंडई कार (एएस-01बीएस-6888) का चालक आज सुबह बोकाखात के लाखोजान में पद्मेश्वर पेगू (22) और रंजीत साउताल (30) को ठोकर मारने के बाद फरार हो गया। इसी बीच कार ने फिर से बोकाखात के लताबारी में अनियंत्रित होकर एक महिला तसलीमा बेगम (25) और उसकी गोद में उसकी बच्ची आलिसा बेगम (2) को भी ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों को अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल तसलीमा बेगम को बोकाखात के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में कार का चालक अतीकुर रहमान (20) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे का कारण बनी कार लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। पुलिस ने कार को अपनी कस्टडी में ले लिया है।

# मारवाड़ी हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य-जांच शिविर




**गुवाहाटी (विभास)।** आठगांव स्थित मारवाड़ी हॉस्पिटल के सहयोग से महानगर के समीपवर्ती अमीनगांव के एक्सपोर्ट प्रमोशनल इंडस्ट्रीयल पार्क (ईपीआईपी) परिसर स्थित पोलिकॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मारवाड़ी हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में उक्त अंचल के 300 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इस दौरान पोलिकॉन समूह की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच नि:शुल्क दवाइयां भी बांटी गई। इस शिविर में ईएनटी, फिजिओथेरपी, रक्त वर्गीकरण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय समय पर पोलिकॉन समूह की ओर से उक्त अंचल में स्वास्थ्य शिविर के अलावा विभिन्न तरह के सहयोग दिए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि पोलिकॉन समूह इलाके में व्यापार के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाहन लंबे समय से करते आ रहा है। शिविर को सफल बनाने में मारवाड़ी हॉस्पिटल्स के चिकित्सकों सहित पूरी टीम का भरपूर सहयोग रहा।

# पूसीरे में कुछ ट्रेनों के समय में संशोधन, मुंबई-गुवाहाटी के बीच वन वे स्पेशल




**गुवाहाटी (हि.स.)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने अपने क्षेत्राधिकार के अधीन कुछ ट्रेनों के समय में संशोधन करने का निर्णय लिया है। पूसीरे ने नाहरलगुन-तिनसुकिया इंटरसिटी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ और न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस के समय में संशोधन किया गया है, ताकि इस जोन में अन्य ट्रेनों की आवाजाही को अधिक बेहतर बनाया जा सके। इसके अलावा लामडिंग-अलीपुरद्वार जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय में भी संशोधन किया है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने मंगलवार को एक बयान में बताया है कि 1 मार्च को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और गुवाहाटी के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाने का भी निर्णय लिया है। 27 फरवरी से ट्रेन संख्या 15908 नाहरलगुन- तिनसुकिया इंटरसिटी एक्सप्रेस रंगिया और तिनसुकिया मंडल के अधीन स्टेशनों पर संशोधित समय के साथ सप्ताह में 5 दिन चल रही है। यह ट्रेन नाहरलगुन से संशोधित समय 06.00 बजे रवाना होती है और संशोधित समय 11.00 बजे तिनसुकिया पहुंचती है। हारमती, उत्तर लखिमपुर, बगीनदी, गोगामुख, बोरदोलोनि, धेमाजी, डिब्रूगढ़ और न्यू तिनसुकिया स्टेशनों पर भी उक्त ट्रेन के समय-सारणी में बदलाव किया गया है। 15907 तिनसुकिया- नाहरलगुन इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय-सारणी अपरिवर्तित रहेगी। इसी तरह से 28 फरवरी से ट्रेन संख्या 15770 लामडिंग-अलीपुरद्वार जंक्शन (दैनिक) इंटरसिटी एक्सप्रेस लमडिंग, रंगिया और अलीपुरद्वार मंडल के अधीन संशोधित समय के साथ चलेगी। यह ट्रेन लमडिंग से संशोधित समय 15.30 बजे रवाना होकर 19.30 बजे कामाख्या पहुंचेगी। लंका, होजाई, जमुनामुख, कामपुर, चापरमुख, जागीरोड, डिगारू और गुवाहाटी स्टेशनों पर भी उक्त ट्रेन के समय-सारणी में बदलाव किया गया है। कामाख्या से अलीपुरद्वार जंक्शन तक इस ट्रेन की समय-सारणी अपरिवर्तित रहेगी। सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 15933 न्यू तिनसुकिया जंक्शन-अमृतसर (साप्ताहिक) एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 15903 डिब्रूगढ़- चंडीगढ़ (द्वि-साप्ताहिक) एक्सप्रेस क्रमशः 28 फरवरी और 3 मार्च से संशोधित समय-सारणी पर चलेगी। ट्रेन संख्या 15903 डिब्रूगढ़ से संशोधित समय 09.20 बजे प्रस्थान करेगी। न्यू तिनसुकिया, शिमलगुड़ी, मरियानी, फरकाटिंग, डिमापुर, दिफू, लमडिंग और गुवाहाटी स्टेशनों पर भी इन दोनों ट्रेनों के समय-सारणी में बदलाव किया गया है। गुवाहाटी से आगे और अंतर-जोनल के अधीन स्टेशनों की समय-सारणी अपरिवर्तित रहेगी। इसके अलावा, स्पेशल ट्रेन संख्या 01490 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से 1 मार्च को 00.30 बजे रवाना होगी और गुवाहाटी 3 मार्च को 05.30 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 19 कोच होंगे। यात्रियों के लिए एसी 3-टीयर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास की व्यवस्था होगी। प्रतीक्षा सूची वाले यात्री इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# तकनीक की मदद से लोगों में भरोसा पैदा कर रही सरकार : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पोस्ट बजट वेबिनार में कहा कि सरकार आज तकनीकी मदद से लोगों का भरोसा जीत रही है जिसके चलते जनता सरकार को रुकावट नहीं बल्कि उत्प्रेरक मान रही है। प्रधानमंत्री आज "एज ऑफ लिविंग यूजिंग टेक्नोलॉजी" विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत अपने नागरिकों को तकनीक के जरिए सशक्त बना रहा है। सरकार के हर बजट में नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि इस बार के बजट में भी टेक्नोलॉजी के साथ-साथ मानवीय स्पर्श को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पिछड़ों और वंचितों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके परिणाम स्वरूप ही लोगों में अब सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है और वह मानते हैं कि सरकार उनके रास्ते की रुकावट नहीं बल्कि उत्प्रेरक है। उन्होंने कहा कि एक जमाने में सरकार की प्राथमिकताओं में बहुत ज्यादा विरोधाभास था। समाज का एक वर्ग चाहता था कि उनके जीवन में हर कदम पर सरकार का प्रभाव हो यानी सरकार उनके लिए कुछ न कुछ करे। तब की सरकार के समय इस वर्ग ने अभाव ही महसूस किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हाल के वर्षों की उन तकनीकी पहलुओं का उल्लेख किया जिनके माध्यम से लोगों के जीवन सुविधाजनक हुआ है। इसमें कोविन ऐप, एक देश एक राशन कार्ड जैसी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी मदद से टैक्स की पूरी प्रक्रिया फेसलेस कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आज सरकार तकनीकी मदद से लोगों का भरोसा जीत रही है। छोटी-छोटी गलतियों पर सजा देने के प्रावधानों को हटा रही है और छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए गारंटर की भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री कहा कि सरकार के बीते कुछ वर्षों के प्रयास से अब स्थिति बदलने लगी है। गरीबों के जीवन की ईज ऑफ लिविंग में बड़ा बदलाव आया है।

## सोशल मीडिया पर पेपर लीक होने की सभी खबरें झूठी : सीबीएसई



**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 10वीं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के बारे में सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं को लेकर अलर्ट जारी किया है। सीबीएसई ने कहा है कि पेपर लीक होने की सभी खबरें झूठी हैं। सीबीएसई बोर्ड ने चेतावनी दी है कि पेपर लीक को लेकर अफवाह फैलाने वाले छात्रों और अन्य लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दसवीं और बारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं इस वर्ष के लिए शुरू हो गई हैं और 5 अप्रैल 2023 तक जारी रहेंगी। बोर्ड के मुताबिक उन्होंने परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व नियमित रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेपर लीक की अफवाहें फैला रहे हैं। बोर्ड के मुताबिक यह लोग दावा कर रहे हैं कि उनकी पहुंच 2023 परीक्षा के प्रश्नपत्रों तक है। ये व्यक्ति, समूह और एजेंसियां भोले-भाले छात्रों और अभिभावकों को लूटने का इरादा रखते हैं, क्योंकि वे ऐसे झूठे दावों के बदले में पैसे की मांग करते हैं। बोर्ड का कहना है कि इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतें छात्रों और जनता के बीच भ्रम और दहशत पैदा करती हैं। बोर्ड फर्जी खबरें और अफवाहें फैलानो वाले इन लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सतर्क और सक्रिय है। सीबीएसई आईपीसी और आईटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके फर्जी समाचार प्रसारित करने में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए नियमित रूप से दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल (एमएसी) को सूचित कर रहा है। फर्जी खबरें फैलाने में लिप्त पाए जाने वाले छात्रों व अन्य लोगों के खिलाफ बोर्ड विभिन्न नियमों और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करेगा। माता-पिता से भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपने बच्चों को ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करने और ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न होने के लिए मार्गदर्शन करें, जो बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन को बाधित करती हो। बोर्ड के मुताबिक परीक्षाओं के दौरान ऐसी असत्यापित खबरों और अफवाहों के प्रति जनता को सतर्क किया जाता है और अनुरोध किया जाता है कि वे ऐसी गतिविधियों में भाग न लें या किसी भी तरह के संचार के माध्यम से ऐसी जानकारी का प्रसार न करें ताकि परीक्षाओं की शुचिता को हर कीमत पर बनाए रखा जा सके।

## केन्द्र ने लिखा राज्यों को पत्र, गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य कार्य योजनाओं को एक मार्च से करें लागू



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने गर्मी से जुड़ी बीमारियों को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को उन्होंने सभी राज्यों पत्र लिखकर नेशनल एक्शन प्लान पर ध्यान देने को कहा है। पत्र कहा गया है कि देश में कुछ जगहों पर तापमान का स्तर बढ़ गया है। ऐसे में गर्मी से होने वाली बीमारियों के बढ़ने की संभावनाओं को देखते केंद्र ने सभी राज्यों को पहले ही सचेत कर दिया है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों में जिला और शहर के स्वास्थ्य विभाग को गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य कार्य योजनाओं को फिर से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही राज्य के स्वास्थ्य विभागों को चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, जमीनी स्तर के कार्यकताओं को एक मार्च से गर्मी से होने वाली बीमारी, इसकी शीघ्र पहचान और प्रबंधन के प्रति संवेदनशील बनाने और क्षमता निर्माण के प्रयास जारी रखने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को सभी आवश्यक दवाओं, इंट्रावेनस फ्लूड, आइस पैक, ओआरएस और सभी जरूरी चीजों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधा तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा, पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## कोरोना के बाद एडिनो वायरस बना सरदर्द, दो माह में प. बंगाल में 15 बच्चों से अधिक बच्चों की मौत



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कुछ समय से लोग अचानक बीमार पड़ रहे हैं। खांसी का दौर हफ्तों तक रहता है। जैसे ही ठीक होते हैं, फिर बीमार पड़ जाते हैं। घर के एक सदस्य के बीमार होते ही पूरा परिवार बीमार हो रहा है। इस गुमनाम वायरस को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने चिंता जाहिर की है। लोग पूछ रहे है कि इस बदलते मौसम में यह गुमनाम बीमारी क्या है? कोरोना के बाद देश के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता काफी बढ़ी है। ऐसे में अगर खांसी कई हफ्तों तक ठीक नहीं होती है तो टेंशन होना जायज है। उधर पश्चिम बंगाल में कोविड के बाद एडिनोवायरस सबसे बड़ा सिरदर्द में बनता जा रहा है। एडिनोवायरस से ज्यादातर पांच साल तक के बच्चे संक्रमित हो रहे हैं। दो महीने में राज्य में एडिनोवायरस से 15 बच्चों से अधिक बच्चों की मौत हो चुकी है। एडिनोवायरस के लक्षणों में बुखार, सर्दी और सांस लेने में तकलीफ होना शामिल है। डॉक्टरों का कहना है मौसम बदल रहा है। सुबह और शाम हल्की ठंड, तो दोपहर में गर्मी महसूस हो रही है। ऐसे में जो लोग दोपहर को बाहर से आते हैं, वह घर आते ही पंखा चला लेते हैं जो बदलते मौसम में बीमारी की सबसे बड़ी वजह है। इससे सर्द-गर्म हो जाता है, जिसके चलते कुछ देर बाद बुखार महसूस होने लगता है। इसलिए जब भी बाहर से आएं, गर्मी महसूस हो तो पंखा ना चलाएं बल्कि कुछ देर आराम से बैठें।

तापमान अपने आप सामान्य लगने लगेगा। कई एक्सपर्ट का मानना है कि खांसी की समस्या के लिए वायरस जिम्मेदार तो है ही, पलूशन की भी अहम भूमिका है। पलूशन के चलते सांस की नलियों में सूजन, एलर्जी की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में दवा असर होने में भी ज्यादा वक्त लगता है। कंसल्टेंट फिजिशन डॉ अंशुल वार्ष्णेय का मानना है कि खांसी से रोकथाम में फ्लू की वैक्सीन कुछ कारगर हो सकती है। उनका कहना है यह वैक्सीन गारंटी तो नहीं लेती कि टीके के बाद फ्लू नहीं ही होगा, लेकिन इतना जरूर है कि वायरस उस कदर परेशान नहीं कर पाता, जैसा बिना वैक्सीन वाले को करता है। खांसी से परेशान लोगों को गुनगुना पानी पीना चाहिए। हर दिन 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ठंडी चीजें खाने से बचें। ठंडी हवाओं से भी शरीर को बचाएं, कानों को ढंककर रखें। ज्यादा तली हुई और मसाले वाली चीजों से परहेज करें। दरक, लौंग, काली मिर्च, कच्ची हल्दी, मुलैठी आदि को मिलाकर काढ़ा बनाकर पीएं।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चेक गणराज्य के विदेश मंत्री से की वार्ता



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन दिवसीय भारत के दौरे पर आए चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की के साथ बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय, आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की रविवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। सोमवार को लिपावस्की ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक की है। इस बैठक में दोनों ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इस वार्ता के दौरान आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ है। विदेश मंत्री लिपावस्की 28 फरवरी 2023 को सीआईआई के कार्यक्रम भारत-ईयू बिजनेस एंड सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में भी शामिल होंगे। इसके बाद उसी दिन वह मुंबई जाएंगे और 1 मार्च 2023 को यही से वापसी होगी। लिपावस्की की इस यात्रा से भारत -चेक गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गति प्रदान करने में मदद मिलेगी।

## जिस दिन सामने आएगा ये घोटाला उस दिन आंख मिलाने लायक नहीं बचेंगे केजरीवाल : कपिल मिश्रा

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले के मसले पर देश की राजधानी में पिछले कुछ दिनों से जारी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मसले पर एक बार फिर बीजेपी नेता कपिल मिश्रा एक्टिव हो गए हैं। लगातार दूसरे दिन उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। ताजा हमले में उन्होंने सीएम केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को चेताया है कि शराब घोटाला तो बस एक ट्रेलर भर है। असली घोटाला तो आना बाकी है। जिस दिन वो सामने आ गया उस दिन सीएम और डिप्टी सीएम किसी से आंख मिलाने लायक नहीं बचेंगे। दरअसल मंगलवार की सुबह आठ बजकर 12 मिनट पर किए अपने ताजा ट्वीट में भारतीय जनता पार्टी के नेता और कभी सीएम केजरीवाल के काफी करीबी रहे कपिल मिश्रा ने एक और घोटाले के संकेत दिए हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है याद रखना दोस्तों अभी तो मनीष सिसोदिया का केवल शराब घोटाला सामने आया है। जिस दिन शिक्षा के नाम पर कैसे छोटे-छोटे बच्चों के हिस्से का पैसा खाया ये सामने आएगा उस दिन आंख मिलाने के लायक नहीं बचेंगे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया। एक दिन पहले यानी 27 फरवरी को भी कपिल मिश्रा ने ट्वीट कर मुख्मंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग की थी कि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जैसे भ्रष्ट मंत्रियों को तुरंत अपने कैबिनेट से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने तंजिया लहजे में कहा था कि जेल से सरकार चलाने का



पाप बंद होना चाहिए। कुछ विभाग आप भी संभालिए कब तक बिना काम का मुख्यमंत्री बनकर बैठे रहेंगे। आपके सात में से दो मंत्री जेल में हैं एक बीमार और एक के पास कोई विभाग नहीं है। कानून अपना काम कर रहा है। आप सरकार को ठप्प करके बैठे हैं। इससे पहले भी हिंदूवादी नेता कपिल मिश्रा ने आप पर हमला बोलते हुए कहा था कि शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को उससे बर्बाद हुए परिवारों के माता बहनों की हाय लगी है। मैं शुरू से कह रहा हूं अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल जाएंगे। अब तक दो लोग जेल जा चुके हैं। अब अगला नंबर सीएम केजरीवाल का ही है।

## रूस ने निभाया वादा, तीसरी एस-400 पहुंची भारत

**-सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है स्क्वाड्रन-400**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका के बीच रूस ने भारत से अपनी मित्रता की एक और मिशाल पेश कर अपना वादा पूरा किया है। रूस ने स्क्वाड्रन-400 की तीसरी यूनिट भारत पहुंचा दिया है। इससे पाकिस्तान और चीन की तरफ से आने वाली मिसाइलों, विमानों, हेलिकॉप्टरों को मार गिराया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से जारी युद्ध के बीच भारत को एस-400 की तीसरी स्क्वाड्रन भेजने का अपना वादा पूरा कर दिया है। यह स्क्वाड्रन सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। वर्ष 2018 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वर्ष के 2023 के अंत तक भारत को पांच एस-400 स्क्वाड्रन देने के लिए 5.43 बिलियन डॉलर का अनुबंध किया था। इसके तहत अब तक तीन एस-400 भारत को दे चुकी है। इससे पहले दिसंबर 2021 में पहली एस-400 भारत को मिली थी, इसे पठानकोट में पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया गया है। इसके बाद दूसरी एस-400 अप्रैल 2022 में भारत आई थी।

इस उत्तरी पूर्व में चीन सीमा के पास सिलीगुड़ी में तैनात किया गया है। माना जा रहा है रूस से मिली तीसरी एस-400 यूनिट पंजाब या राजस्थान में पाकिस्तान सीमा के आसपास तैनात किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि रूस की एस-400 मिसाइल सिस्टम की एक रेजीमेंट में आठ ट्रक लॉन्चर होते हैं। हर ट्रक में चार लॉन्चर लगे होते हैं। एक बार में चार मिसाइलें दागीं जा सकती है। इस तरह से एक रेजीमेंट में 32 मिसाइलें होती हैं। भारत के पास ऐसे तीन रेजीमेंट होने से देश की राजधानी दिल्ली और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत हो जाएंगी। इससे चार सौ किलोमीटर तक का लक्ष्य भेदा जा सकता है।

## तृणमूल कांग्रेस का ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट हैक




**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस का ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। पार्टी प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है, "अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक ट्विटर हैंडल हैक हो गया है। हमलोग ट्विटर के अधिकारियों के संपर्क पर हैं जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि इस बारे में त्वरित कार्यवाही कर रहे हैं।" पार्टी के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने हालांकि इसके अलावा और कुछ नहीं बताया है। मंगलवार सुबह नजर पड़ी कि तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल का लोगो बदल गया है। काले रंग का वाई डीपी में लगा है और अकाउंट का नाम बदलकर "युगा लैब" कर दिया गया है। हालांकि उस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी योजना "दीदी के सुरक्षा कवच" से संबंधित एक ट्वीट अभी भी है। उस पर जनजातीय समुदाय के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जाने वाले कार्यों का जिक्र करते हुए लिखा गया है कि पश्चिम बंगाल के प्रत्येक जनजाति व्यक्ति के लिए दीदी का सुरक्षा कवच एक बड़ी योजना है।" उल्लेखनीय है कि इसके पहले पिछले साल अप्रैल महीने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का ट्विटर अकाउंट भी हैक हो गया था।

## दिसंबर 2024 तक देशभर में होगी 5जी सेवाएं: अश्वनी वैष्णव



**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि 2024 के दिसंबर माह तक पूरे देश में अत्याधुनिक संचार सेवा 5जी की पहुंच होगी। केन्द्रीय मंत्री ने एक पत्रकार वार्ता में इससे जुड़ी उपलब्धि साझा करते हुए बताया कि 5जी के रोलआउट से जुड़ा पहले चरण का लक्ष्य 31 मार्च के निर्धारित समय से काफी पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 387 जिलों तक दूरसंचार कंपनियों की 5जी सेवा पहुंच चुकी है। केन्द्रीय मंत्री ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत में टेलीकॉम क्षेत्र सनराइज सेक्टर बनकर उभरा है। यह बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के दूरसंचार क्षेत्र को जीएसएमए द्वारा गवर्नमेंट लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कल भारत में डिजाइन किया गया, भारत में निर्मित पहला इनोडबी चंडीगढ़ में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारा अगला प्रमुख लक्ष्य आने वाले मानसून सत्र में दूरसंचार विधेयक को पारित कराना है। इससे स्पेक्ट्रम, लाइसेंस, विनियमन के मामले में सुधारों की एक बड़ी श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा।


## सीबीआई की कैद में सिसोदिया, भाजपा ने की इस्तीफे की मांग



**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** सीबीआई की कैद में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वहीं दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए सिसोदिया के साथ ही सत्येंद्र जैन के इस्तीफे की मांग की है। खुराना का कहना है कि अभी खबर लगी है कि मनीष सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट गए हैं, कल के कोर्ट के फैसले को चैलेंज करने। यह इनका लीगल अधिकार है उनको जाने का हक है, लेकिन आज एक सवाल पूछा जाता है, जो मॉरल दृष्टि से भी है, अरविंद केजरीवाल याद कीजिए 2013 की बात जब आप कहां करते थे कि पहले आरोप लगेगा सिद्ध बाद में होगा पहले इस्तीफा होना चाहिए, याद करिए पी चिदंबरम हों, शीला दीक्षित हों, नितिन गडकरी हों तमाम राजनेताओं के ऊपर आरोप लगाए थे। खुराना ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार के एक मंत्री आठ महीनें से जेल में है और दूसरे अभी पुलिस रिमांड में हैं और पंजाब में जिस तरह से कुछ मंत्रियों और एमएलए पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। आपने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अब तक सत्येंद्र जैन को आपने नहीं हटाया है, जबकि वह जेल में हैं तब भी उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त नहीं किया गया है, तो कहां गई आपकी वह नैतिकता। हम मांग करते हैं कि जेल गए मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ ही मनीष सिसोदिया दोनों से इस्तीफा लें। क्योंकि 33 मंत्रालय मनीष सिसोदिया के पास हैं, तो क्या वह मंत्रालय अब जेल से चलाएंगे। हरीश खुराना ने कहा कि आपके पास 60 विधायक हैं आप उनमें से मंत्री पद दे सकते हैं, जबकि उनके पास तो कोई बड़ा मंत्रालय भी नहीं है।

## सदाचार के स्टेशन से चलने वाली हर गाड़ी अब भ्रष्टाचार के स्टेशन पर पहुंच रही : शांता कुमार



**पालमपुर, (हि. स.)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने केन्द्र की भाजपा सरकार की नाक के नीचे राजधानी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को दोबारा बुरी तरह से हरा कर सरकार बनाई। लगभग 11 साल पहले भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन से जन्मी इस पार्टी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया साफ सुधरी छवि वाले शानदार काम करने वाले उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रसिद्ध हुए परन्तु आज वही जेल में बन्द हैं। सदाचार के स्टेशन पर चलने वाली गाड़ी भ्रष्टाचार के स्टेशन पर पहुंच रही है। भाजपा नेता शांता कुमार ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि एक और तथ्य भी गहरा विचारनीय है कि सिसोदिया के घर की पूरी तलाशी हुई। उनके बैंक लॉकर सब खंगाले गये परन्तु सीबीआई को कहीं कुछ नही मिला। कुल मिला कर उन पर आरोप यही है कि ऐसी शराब की नीति बनाई जिससे व्यापारियों को लाभ हुआ। इस में एक निष्कर्ष यह भी निकलता है कि सिसोदिया व्यक्तिगत रूप से पूरी तरह ईमानदार है, परन्तु पार्टी और चुनाव के लिए धन इक्टठा करने के लिए यह सब कुछ किया होगा। मेरे विचार से यही सच है और यदि यह सच है तो देश को बड़ी गम्भीरता से कुछ नये निर्णय करने होंगे। उन्होंने कहा कि यह सोचना भी बहुत कठिन है कि बिना किसी अपराध के सीबीआई ने सिसोदिया को जेल में डाला। सिसोदिया ने शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय काम किया और बहुत अच्छी छवि बनाई। इसके बाद भी वे भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है। आज की परिस्थिति का निष्कर्ष यही निकलता है कि भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि सदाचार के स्टेशन से चलने वाली हर गाड़ी अब भ्रष्टाचार के स्टेशन पर पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि 75 साल की आजादी के बाद आज भारत वहां पहुंचा है, जहां हमारा लोकतंत्र काले धन और झूठ से शुरू होता है। चुनाव पर खर्च होने वाले करोड़ों अरबों रुपये काला धन होता है। पार्टियां बड़े बड़े व्यापारियों से धन लेती हैं, वे व्यापारी दान नही देते। सरकार की मदद से भ्रष्टाचार कर अपना पैसा पूरा करते है। भारत का लोकतंत्र इस प्रकार काले धन से शुरू होता है और चुनाव जीतने के बाद सभी प्रतिनिधि चुनाव आयोग के पास चुनाव में खर्च होने का झूठा हिसाब पेश करते हैं। जिस देश का लोकतंत्र काले धन और झूठ से शुरू होता है, उस देश में सब कुछ अच्छा कैसे हो सकता है।

# अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान : योगी

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 350 लोगों की समस्याएं
- पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण का अधिकारियों को निर्देश



**गोरखपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने पर भी जोर दिया। गोरखनाथ मंदिर में लहगे जनता दर्शन में दो टूक शब्दों में कहा, "लोग परेशान नहीं होने चाहिए। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की मंशा रखने वालों के इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करें।" योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कर्रवाई करें। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने लगभग 350 लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**इलाज में मदद देगी सरकार** – जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन्हें सरकार से इलाज में मदद देने को आश्वस्त किया। इलाज में धन की बाधा नहीं आने देने की बात भी कही।

**गोवंश को खिलाया गुड़-चना** – गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया।

## माफिया को ताकत समाजवादी पार्टी से मिली, भाजपा तोड़ रही कमर : भूपेन्द्र सिंह चौधरी



**लखनऊ, (हि.स.)।** माफिया को इतनी ताकत समाजवादी पार्टी से ही मिली है। समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में प्रदेश को माफियाराज बनाया था। भाजपा सरकार उन सभी माफिया और गुंडों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। ये वक्तव्य भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने दिये। उन्होंने ट्वीट किया, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार माफियाओं के समूल नष्ट करने के लिए संकलिप्त है। इन माफियाओं को जो इतनी ताकत मिली है वह समाजवादी पार्टी की देन है। भाजपा सरकार उन सभी माफियाओं और गुंडों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। दूसरे ट्वीट में लिखा, प्रयागराज में हुई घटना दुःखद है, भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और इस घटना में जो भी सम्मिलित हैं उनके खिलाफ भाजपा सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी कि एक नजीर बन जाएगी।

## मेरठ कैंट बोर्ड का चुनाव 30 अप्रैल को होगा



**मेरठ, (हि.स.)।** तीन साल बाद मेरठ कैंट बोर्ड का चुनाव 30 अप्रैल को होगा। इसके लिए 24 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इससे पहले कैंट बोर्ड की वोटर लिस्ट को दुरुस्त किया जाएगा। मेरठ कैंट बोर्ड का चुनाव तीन साल बाद होने जा रहा है। बोर्ड में निर्वाचित सदस्यों के नहीं होने पर केंद्र सरकार ने सतीश चंद्र शर्मा को कैंट बोर्ड सदस्य मनोनीत किया। कैंट बोर्ड के सीईओ ज्योति कुमार की अगुवाई में चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है। एक मार्च से चुनाव कार्यक्रम की सार्वजनिक सूचना जारी होगी। दो से चार मार्च तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 10 मार्च को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदनों पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। 13 और 14 मार्च को आपत्ति पर सुनवाई होगी। 21 मार्च को नई मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 24 मार्च से प्रत्याशियों के नामांकन होंगे। 29 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 31 मार्च को नामांकन पत्रों पर अपील की सुनवाई होगी। तीन और पांच अप्रैल को नामांकन वापसी का दिन रहेगा। आठ अप्रैल को चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। इसके बाद 30 अप्रैल को मतदान होगा। एक मई को मतगणना और चुनाव परिणाम आएगा। कैंट बोर्ड के आठ वार्डों में से वार्ड तीन, पांच और आठ महिला के लिए आरक्षित रहेंगे।

## रांची में जी-20 बैठक के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**रांची, (हि.स.)।** रांची में होने वाले जी-20 देशों की बैठक को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार की रात से ही मेहमान रांची आने शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और बीएनआर चाणक्य तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। जी-20 बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों के आगमन और प्रस्थान को लेकर एयरपोर्ट के एरिया में विशेष सुरक्षा और गश्ती दल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। एयरपोर्ट जाने वाली सड़क के दोनों ओर 10 फीट की दूरी तक न कोई व्यक्ति का समूह और ना ही किसी प्रकार के कोई वाहन खड़े होंगे। एयरपोर्ट की चारदीवारी से सटे क्षेत्र में मांस, मुर्गा मछली की दुकानें हटा दी गई है। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और बीएनआर होटल तक पुलिस अलर्ट मोड में है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि वैसे तो एक मार्च से अतिथि रांची पहुंचेंगे, लेकिन कुछ अतिथि 28 फरवरी को भी रांची पहुंच सकते हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए रांची को तीन जोन और 10 सेक्टर में बांट दिया गया है। सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

एयरपोर्ट के चारों ओर पांच किलोमीटर के क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों को एक मार्च की सुबह सात बजे से ही सघन गश्ती, पैदल मार्च और मोबाइल पेट्रोलिंग का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जी-20 देशों के होने वाले बैठक को लेकर अतिथियों के रांची में आने से लेकर उनके प्रस्थान तक एक अलग कंट्रोल रूम का निर्माण भी रांची पुलिस के द्वारा किया गया है। होटल रेडिसन ब्लू के पास स्थित पंजाबी भवन को नया नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष में तीन दंडाधिकारी, 03 पुलिस उपाधीक्षक, तीन पुलिस अधीक्षक और 12 पुलिस अवर निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है।

कंट्रोल रूम में 24 घंटे अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, खाद्य और पेयजल पदार्थ, जांच दल, आकस्मिक चिकित्सा दल की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को लेकर लगभग 2500 जवानों की तैनाती की गई है। रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी लगातार घूम घूम कर सुरक्षा का जायजा ले रहे हैं।

## होटल रेडिसन ब्लू और बीएनआर के 500 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन घोषित




**रांची, (हि.स.)।** रांची के होटल रेडिशन ब्लू में जी-20 की बैठक दो मार्च को होने वाली है। बैठक में शामिल होने जी-20 देशों के डेलिगेट्स एक मार्च को ही रांची आयेंगे। सभी होटल रेडिसन ब्लू (आवासन सह-सम्मेलन स्थल) और बीएनआर चाणक्या में ठहरेंगे। ऐसे में एसएसपी किशोर कौशल ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से होटल रेडिसन ब्लू और चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन और रेड जोन घोषित कर दिया है।

इन दोनों क्षेत्रों के 500 मीटर के दायरे में ड्रोन, पारालाइडिंग, हॉट एयर बलून और अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है। एसएसपी ने इन दोनों क्षेत्रों को नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित करने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची से अनुरोध किया था। इस अनुरोध पर उपायुक्त ने उक्त स्थलों को नो फ्लाइंग जोन और रेड जोन घोषित करने का निर्देश दिया। डीसी ने इन क्षेत्रों के आस-पास जी-20 समिट के प्रतिनिधियों के आगमन के एक दिन पहले (28 फरवरी) और प्रस्थान के एक दिन बाद (चार फरवरी) तक नो फ्लाइंग जोन- रेड जोन घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस संबंध में एसडीओ ने आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश 28 फरवरी पूर्वाह्न 5 बजे से 4 मार्च रात्रि 10 बजे तक लागू रहेगा। होटल रेडिसन ब्लू और होटल चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है।

## आजाद से भयभीत रहती थी अंग्रेजी हुकूमत : पवन मिश्र



**देवरिया, (हि.स.)।** देश की आजादी के नायक रहे अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के संयोजन में भाजपा कार्यकताओं ने मेडिकल कालेज के पास स्थित उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। और पुष्पांजलि करके उनके बलिदान को याद किया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि अमर शहीद चद्रशेखर आजाद को देश युगों-युगों तक याद रखेगा। आजादी की लड़ाई के दौरान अंग्रेजी हुकुमत चद्रशेखर आजाद से भयभीत रहती थी, अंग्रेजी सेना को चद्रशेखर आजाद के क्रांतिकारी तेवर से हमेशा डर बना रहता था। उन्होंने कहा कि देश के लिए किया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा उनकी याद दिलाता रहेगा। भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री नवीन सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद जैसे अमर बलिदानियों के कारण देश आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

## हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।पंकज मिश्रा की ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार लगाई गई थी। उल्लेखनीय है कि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने भी पूर्व में ही खारिज कर दी थी।

इससे पूर्व ईडी ने पंकज मिश्रा समेत तीन के खिलाफ एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में ईडी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। पिछले साल ईडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था। ईडी की टीम ने 36 करोड़ से अधिक रुपये को इस मामले में सीज किया था।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्र-छात्राओं ने लिया स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ बेतिया का संकल्प

**बेतिया, (हि.स)।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बेतिया पश्चिम चंपारण में सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता ने डॉ सीवी रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। नेशनल साइंस डे 2023 की थीम "वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान" रखी गई है। नेशनल साइंस डे इसलिए मनाया जाता है।

28 फरवरी 1928 को महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन ने "इफेक्ट" की खोज की थी, जिसे "रमन इफेक्ट" नाम से भी जाना जाता है। महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन को 1930 में फिजिक्स के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था" विज्ञान स्वच्छता एवं आधुनिक मानव"।

## नगर की तरह गांव भी बनेंगे मॉडल, स्वच्छ भारत मिशन के लिए बढ़े कदम

**मीरजापुर, (हि.स.)।** नगर की तरह गांवों को भी मॉडल बनाने की कवायद तेजी के साथ शुरू हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के हलिया विकास खंड के तीन ग्राम पंचायतों को ठोस, तरल एंव अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत मॉडल बनाने का कार्य तेजी के साथ प्रारंभ कर दिया गया है। ग्राम पंचायत हलिया, नौगंवा और बंजारीकला में अब कूड़ा घर बनाकर सामुदायिक नाफेड, हैंडपंप का प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कचरा पात्र को स्थायी रूप से बनाने की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायतों में अंडरग्राउंड नालियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनमें सिक केचर लगाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। ताकि आसानी से जल निकासी हो सके। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से घर-घर का कचरा निकाल कर, कचरे को एकत्रित करने के बाद उसे एग्लीगेशन सेंड में लाया जाएगा। गीला व सूखा कचरे को पृथक करने का कार्य भी होगा। मॉडल गांव नौगंवा के सचिव आलोक भारती ने बताया कि ग्राम पंचायत में कूड़ा घर, कचरा पात्र, ठेलिया, सफाईकर्मी कीट, नेपेड, कंपोस्ट कीट भूमिगत नाली का निर्माण कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में करीब 1700 मीटर भूमिगत नाली निर्माण कार्य का लक्ष्य निर्धारित है।

इसमें से करीब चार सौ मीटर नाली का कार्य पूरा होगा गया है। मॉडल गांव के रुप में गांव को विकसित करने के लिए सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। मॉडल गांव हलिया के सचिव कौशलेंद्र राय व बंजारी कला गांव के सचिव मनोज गौड़ ने बताया कि मॉडल गांव में सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए तेजी के साथ कार्य चल रहा है। नौगवां निवासी सोनू सिंह ने कहा कि गांव को शहर के मॉडल में विकासित करने के लिए हम सरकार की सराहना करते हैं। ग्राम पंचायत नौगंवा में तेजी के साथ विकास कार्य चल रहा है। बंजारीकला निवासी मृगेंद्र प्रताप सिंह व अवधराज सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को उम्मीद नहीं थी कि गांव में घर-घर कूड़ा लेने के लिए कचरा वाहन आएगा। स्वच्छ भारत मिशन के कदम अब गांव के विकास की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं हलिया निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मॉडल गांव के रुप में चयनित ग्राम पंचायतों में विकास की गति ऐसी ही रही तो जल्द ही नगर की तरह गांव में सुविधाएं मिलने लगेंगी।

## भाजपा विधायकों ने विधानसभा मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भाजपा विधायकों ने राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। राज्य में जल्द नियोजन नीति लागू किया जाये। भाजपा विधायकों का कहना है कि सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती है। इसलिए लगातार स्थानीय और नियोजन नीति को लटकाए हुए है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हर वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कहकर सत्ता में आई हेमंत सरकार तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बना पाई है। भाजपा विधायकों ने कहा कि मौजूदा सरकार राज्य के युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा के विधायक सदन के अंदर और सदन के बाहर इस निकम्मी सरकार का पोल खोलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में लूट की छूट है। चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है।

## समन जारी होने पर राबड़ी ने कहा, केंद्र के इशारे पर 30 साल से किया जा रहा परेशान



**पटना, (हि.स.)।** लैंड फॉर जॉब मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से समन जारी होने पर बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मंगलवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनके परिवार के लोगों को समन जारी किया गया है। क्योंकि, वे लोग बिहार में लालू से डर रहे हैं। इसलिए परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 30 साल से हमें परेशान किया जा रहा है। हम झेल रहे हैं और आगे भी झेलेंगे। वे हमें बांधना चाहते हैं। हम बंधने और डरने वाले नहीं हैं। बिहार बजट सत्र के दूसरे दिन बिहार विधान परिषद पहुंची राबड़ी देवी पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहीं थीं। इस मामले में लालू यादव पर आरोप है कि 2004 से 2009 की अवधि के दौरान लालू प्रसाद ने उम्मीदवारों से रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी के पदों पर नौकरी के बदले अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन ली थी और आर्थिक लाभ प्राप्त किया था। पटना के रहने वाले कई लोगों ने खुद या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से प्रसाद के परिवार के सदस्यों और उनके परिवार के नियंत्रित एक निजी कंपनी के पक्ष में पटना स्थित अपनी जमीन बेची थी, वे ऐसी अचल संपत्तियों के हस्तांतरण में भी शामिल थे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी बेटी मीसा भारती समेत 16 आरोपितों को 15 मार्च को दिल्ली स्थित सीबीआई की विशेष कोर्ट में हाजिर होने का समन जारी किया है। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में 15 को पेशी है।

## विधानसभा में 2.61 लाख 885 करोड़ का बजट पेश, 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की योजना

पटना, 28 फरवरी (हि.स.)। बिहार विधानसभा में मंगलवार को राज्य सरकार के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का 2.61 लाख 885 करोड़ का बजट पेश किया। इसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र पर विशेष बल दिया गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश में बीपीएससी के जरिए 49 हजार खाली सीटें भरी जाएंगी। 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की योजना है। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार का विकास दर शानदार रहा है। सीमित संसाधनों में विकास दर ज्यादा है। बजट आकार देश में 14वें स्थान पर है और बिहार का विकास दर 10.98 प्रतिशत है। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार अभी विकासशील प्रदेश है। इस राज्य को विकसित बनाने के लिए केंद्र से अतिरिक्त मदद की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में 75 हजार 543 पदों की मंजूरी दी गयी है। स्कूलों में 40506 प्रधान शिक्षकों की बहाली होगी। 44193 माध्यमिक और 89724 उच्च माध्यमिक शिक्षकों की बहाली होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्तियां चल रही हैं, इसे भी मई तक पूरी कर ली जाएगी। राज्य में बिहार कर्मचारी चयन आयोग के तरफ से 2900 पद सृजन किया जाएगा। साथ कहा कि कोरोना काल के बाद आर्थिक मजबूती का सबूत यह है कि हमारी विकास दर देश में तीसरे नंबर पर है। सिर्फ दो राज्य बेहद कम फासले में हमसे आगे हैं। हमें केंद्र से विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार का बजट आकार पिछले 10 वर्षों में तीन गुना बढ़ा है। विकास दर में बिहार राज्य देश में लगातार प्रगति कर रहा है।

आज बिहार तीसरे नंबर पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में नारी शक्ति योजना के लिए 60 करोड़ और साइकिल योजना के लिए 50 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने कहा कि बिहार के कुल नौ जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। सिंचाई के लिए नदी जोड़ो योजना के तहत कोसी-मेची लिंक पर काम चल रहा है। इन सभी योजना पर राशि का प्रावधान कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मदरसे के पुर्ननिर्माण के लिए 40 करोड़, पीएमसीएच के विस्तार के लिए 5540 करोड़, नारी शक्ति योजना के लिए 60 करोड़, बालिका साइकिल योजना के लिए 50 करोड़, बालिका पोशाक योजना के लिए 100 करोड़, मैट्रिक में फर्स्ट आने वालों के लिए 94 करोड़ खर्च किये जाने की योजना बनायी गयी है। 21 सदर अस्पतालों को मॉडल अस्पताल बनाया जाएगा। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में अल्पसंख्यक स्कूल बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में किशनगंज और दरभंगा जिले में स्कूल तैयार हो चुका है। इसके अलावा सरकार राज्य के मदरसों को बेहतर बनाने का काम कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा मिथिला पान, मखाना को जीआईए टैग दिया गया है। यह बिहार वासियों के लिए खुशी की बात है। नारी शक्ति योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग और बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थियों को सरकार की तरफ से मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी के लिए एक लाख की राशि उपलब्ध करायेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर सशक्त किया जा रहा है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा गया है। 62 अस्पतालों में दीदी की रसोई, अनुसूचित जाति/ जनजाति, आवासीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में 14 दीदी की रसोई का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जा रहा है। एम्बुलेंस और ई-रिक्शा के लिए अब सरकार अनुदान देगी। बालिका पोशाक योजना के लिए 100 करोड़, मैट्रिक में फर्स्ट आने वालों के लिए 94 करोड़ खर्च किये जाने की योजना बनायी गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार हमारी सरकार की योजनाओं को कॉपी करके नकल करती है। उन्होंने कहा कि हर घर बिजली योजना हमने 2016 में शुरू की। मोदी सरकार ने 2017 में इसे लागू किया। फिर हमने जल जीवन हरियाली योजना 2019 में शुरू की। मोदी सरकार ने यहां भी नकल की और हमारी देखा-देखी योजना देशभर में लागू कर दी। उनके भाषण के दौरान भाजपा विधायकों ने हंगामा भी किया। वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार की बड़ी उपलब्धियों में एक है कि उसका राजकोषीय घाटा नियंत्रित हुआ है। साथ ही राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी पर वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी के बाद कई जगहों पर टैक्स लगाना अब संभव नहीं है। ऐसे में उस घाटे को कम करने की कोशिश की जा रही है।

## सूत्री मांगों के समर्थन में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का धरना प्रदर्शन



**भागलपुर, (हि.स.)।** अपने 21 सूत्री मांगों के समर्थन में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने भागलपुर के समाहरणालय परिसर में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर जिले के सैकड़ों की संख्या में जिला मुख्यालय पहुंची सेविका और सहायिका जिलाधिकारी कार्यालय के समीप धरने पर बैठ गई। उल्लेखनीय हो कि अपनी मांगों को लेकर राज्य के सभी जिला मुख्यालय में आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया की मांगे पूरी नहीं होने पर बिहार विधानसभा का घेराव किया जाएगा। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक मार्च किया जाएगा। कर्मचारियों ने मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## संपादकीय

# कांग्रेस अधिवेशन में वही पुराने राग

**कांग्रेस** के कार्यकर्ताओं से लेकर विपक्षी दल तक उम्मीद कर रहे थे कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ठोस निर्णय होंगे और नयी रणनीति बनेगी लेकिन परिणाम बताता है कि नेताओं का मजमा तो जुटा लेकिन न तो अपेक्षित निर्णय हुए और न ही कोई नयी बात कही गई। कांग्रेस अधिवेशन में भी अडाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला, विदेश मंत्री जयशंकर के विरोध में बयानबाजी और 2024 लोकसभा चुनाव जैसे मुद्दे छाए रहे। राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक ने उन्हीं बातों को दोहराया, जो वे प्रतिदिन यहाँ-वहाँ दोहराते रहते हैं। जबकि विपक्षी दल चाहते थे कि 2024 के चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकजुटता एवं गठबंधन को लेकर कोई ठोस संकेत दे। परंतु कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना नहीं बन सकता। अर्थात यदि कोई गठबंधन बनता है तो उसमें कांग्रेस का नेतृत्वकारी भूमिका में रहेगा। यदि कांग्रेस को छोड़कर तीसरा मोर्चा बनता है, तब वह भाजपा का सहयोग ही करेगा। यानी कांग्रेस ने साफ संदेश दिया है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को उसके झंडे के नीचे ही आना पड़ेगा। देखना होगा कि कांग्रेस की ओर से दिए गए संदेशों के बाद विपक्षी दल किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। वहीं, कार्यकर्ता चाहते थे कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी सहित अन्य स्तरों पर भी चुनाव हों। परंतु, कांग्रेस ने तय किया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव नहीं होंगे अपितु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही सदस्यों को नामांकित करेंगे। इस निर्णय ने कांग्रेस के नेताओं का मन तो तोड़ा ही है साथ ही आंतरिक लोकतंत्र एवं अनुशासन की चुनौतीपूर्ण स्थिति को भी उजागर किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस बात का डर है कि यदि चुनाव कराए जाने पर पार्टी में फूट पड़ सकती और अनुशासन भंग हो सकता है। आमचुनाव-2024 और आगामी समय में विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों को देखते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था से पार्टी के पदाधिकारी चुनना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है। हालांकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय को लेकर कार्यकर्ताओं में ही नहीं अपितु नेताओं में भी असंतोष है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने तो कहा है कि चुनाव कराने से पार्टी मजबूत होती। उनका कहना कुछ हद तक सही भी है। संगठनात्मक रचनाओं में नेता चुनकर आते, तब उनका प्रदर्शन भी अच्छा होता। जबकि मनोनीत करने की स्थिति में नेता अपने पसंदीदा लोगों के नाम आगे बढ़ा देते हैं, भले ही जनता एवं पार्टी में उनकी पकड़ अत्यंत कमजोर है। इस अधिवेशन में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' भी छायी रही। कांग्रेस को अपना यह प्रयास अत्यंत सफल लग रहा है। उसे उम्मीद है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इस यात्रा से चुनाव में मनवांछित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। अपनी खायी हुई राजनीतिक जमीन वापस पा सकते हैं। इसलिए कांग्रेस ने संकेत दिया है कि अब अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक ऐसी ही एक और भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगा। बहरहाल, जिस समय पार्टी के लिए अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का संकट है, उस समय राष्ट्रीय अधिवेशन का सामान्य आयोजन की तरह सम्पन्न हो जाना, कांग्रेस को मजबूती दे पाएगा, इसकी गुंजाइश कम ही है।

> राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक ने उन्हीं बातों को दोहराया, जो वे प्रतिदिन यहाँ–वहाँ दोहराते रहते हैं। जबकि विपक्षी दल चाहते थे कि 2024 के चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकजुटता एवं गठबंधन को लेकर कोई ठोस संकेत दे। परंतु कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना नहीं बन सकता। अर्थात्यदि कोई गठबंधन बनता है तो उसमें कांग्रेस का नेतृत्वकारी भूमिका में रहेगा। यदि कांग्रेस को छोड़कर तीसरा मोर्चा बनता है, तब वह भाजपा का सहयोग ही करेगा। यानी कांग्रेस ने साफ संदेश दिया है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को उसके झंडे के नीचे ही आना पड़ेगा। देखना होगा कि कांग्रेस की ओर से दिए गए संदेशों के बाद विपक्षी दल किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। वहीं, कार्यकर्ता चाहते थे कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी सहित अन्य स्तरों पर भी चुनाव हों। परंतु, कांग्रेस ने तय किया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव नहीं होंगे अपितु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही सदस्यों को नामांकित करेंगे।

## बोध कथा

### असंतुष्ट

**एक** समय शहर के प्रवेशद्वार पर दो देवदूत मिले। आपस में दुआ–सलाम के बाद वे बातचीत करने लगे। पहले देवदूत ने कहा, ''आजकल क्या कर रहे हो? तुम्हें क्या काम मिला है?'' दूसरे ने बताया, ''मुझे घाटी में रहने वाले एक पापी आदमी पर नज़र रखने का काम दिया गया है, वह बहुत बड़ा अपराधी और चरित्रहीन है। तुम्हें क्या बताऊंयह बहुत महत्त्वपूर्ण काम है। मुझे इसमें बहुत मेहनत करनी पड़ती है।'' पहले देवदूत ने कहा, ''मुझे न जाने कितनी बार पापियों पर नियुक्त किया गया है, यह बहुत साधारण–सा काम है। मैं आजकल एक संत की देखभाल कर रहा हूँ, जो उधर लताकुंज में रहता है। सच मानों यह काम बहुत कठिन है। इसके लिए कुशाग्र बुद्धि की जरूरत होती है।'' दूसरा देवदूत बोला, ''निरी बकवास! यह तुम्हारा अहंकार बोल रहा है। भला किसी पापी की तुलना में संत की देख–रेख करना कैसे कठिन हो सकता है?'' पहले ने उत्तर दिया, ''तुम ढीठ! मुझे अहंकारी कहते हो? मैंने सच कहा है। घमण्डी तो तुम हो!'' दोनों झगड़ने लगे। बातचीत से हाथापाई पर उतर आए। तभी वहाँ पर बड़ा देवदूत आ गया। उसने उन्हें रोकते हुए कहा, ''क्यों लड़ते हो? नगर के प्रवेशद्वार पर देवदूतों का आपस में लड़ना कितनी शर्म की बात है। बताओ, आखिर बात क्या है?'' दोनों एक साथ बोलने लगे। दोनों अपने काम को अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्ध करने में लगे थे। बड़े देवदूत ने सिर हिलाया और कुछ सोचते हुए बोला, ''मित्रो! मेरे लिए यह कह पाना मुश्किल है कि कौन प्रशंसा और इनाम का अधिकारी है।

## अमृत कलश

### जीवन में सुधार

**आज** के विद्यार्थी प्रतिकूलता से डरते हैं, वे अनुकूलता चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जैसा हम चाहे वैसा ही हो। अगर विद्यार्थी खूब परीषह और उपसर्ग सहन करने में तैयार हो जाये तो वह तीन लोक को मात कर सकता है, उसका स्वामी बन सकता है, मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। शिक्षा का मतलब मात्र भौतिक सुख समृद्धि ही नहीं है। किसान खेती करता है, धान के लिए, न कि मात्र घास के लिए। धान के साथ घास तो मिलेगा ही। भोजन करवाने वाला व्यक्ति भोजन को करवाएगा पर साथ में पानी भी पिलाएगा। आप घास के पीछे पड़कर धान को भूल जाते हैं। घास से पेट नहीं भरेगा उससे तो दुखी ही बनोगे। दुख फल के अभाव में होता है। विद्यार्थियों को शिक्षण में फल नहीं मिल पा रहा है, उनको यह नहीं बताया जाता कि शिक्षा के द्वारा तीन लोक की उपाधि मिल सकती है। आज तो बाप दादाओं की सीख होती है कि शिक्षा के बाद मात्र कमाना है, पर आज तो कमाना भी रुक गया क्योंकि यही चिन्ता है कि जो धन है उस पर छापा न पड़ जाये, यही माला जप रहे हैं कि इसकी सुरक्षा कैसे हो। जिस शिक्षण के द्वारा जीवन में सुख शांति नहीं, वह किस काम का। हम साधन को बाधक समझ रहे हैं, यही भूल है, यही महान् अन्तर है। भगवान् महावीर के समान उज्ज्वल जीवन बनाने के लिए उस प्रकार का बनना चाहिए। पीछे नहीं हटना है। मात्र खाना, पीना, सोना ही नहीं। शिक्षा जीवन चलाने के लिए नहीं किन्तु वह जीवन का विकास करने, उसे सुधारने के लिए ही साधन है। और त्याग तपस्या के द्वारा ही जीवन सुधरता है। कहा भी है:- जन्म सफल जब जानिये, विनय करत दे दान। श्वभ्र भरण आयु पूरण, सुत उपजावत श्वान ॥ जीवन में सुधार मनुष्य ही ला सकता है, अन्य नहीं। तिर्यञ्च भी तो सिर्फ जीवन चलाता है, सुधारता नहीं। मनुष्य पुरुषार्थ कर जीवन चलाते हुए उसमें सुधार कर सकता है। उसके लिए समीचीन परिश्रम विवेक के साथ जो करता है, उनके लिए महावीर का वरदहस्त रहता है, उनका मार्ग ज्ञान चक्षुओं के द्वारा देख सकते हो। विद्यार्थी, समय का सदुपयोग करते हुए समीचीन पथ पर आरूढ़ होकर स्व पर कल्याण की ओर अग्रसर हो। जवानी के जोश को होश के साथ काम में ले।

## भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया

# घटती जनसंख्या व चीन की मुश्किलें

डा. अश्विनी महाजन

> गौरतलब है कि चीन से आने वाले अंधाधुंध आयातों के कारण पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग प्रभावित हुई, जिसके कारण दुनिया भर के मुल्कों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत के चलते, भारत समेत चीन के सभी पड़ोसी देश ही नहीं, कई दूसरे मुल्क भी आशंकित हैं। आज जब चीन संकट में है तो उन सभी मुल्कों को एक रणनीति के तहत वे सभी उपाय अपनाने होंगे ताकि चीन के कम्युनिस्ट शासकों की आर्थिक और सामरिक ताकत घटे, ताकि उस ताकत के बलबूते वे दुनिया को फिर से परेशान न कर सके। भारत में युवाओं की आबादी बढ़ रही है और देश को इसका लाभ उठाना चाहिए। भारत में जनसंख्या को रोकने के लिए प्रयास जरूर हुए, लेकिन क्रूरता नहीं बरती गई।

**'वर्ल्ड** पोपुलेशन रिव्यु' के अनुमानों के अनुसार वर्ष 2022 के अंत तक भारत की जनसंख्या 141.7 करोड़ पहुंच गई थी और 17 जनवरी 2023 को चीन द्वारा घोषित उसकी जनसंख्या 141.2 करोड़ से अब यह 50 लाख ज्यादा हो गई है। यानी भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यही नहीं, चीन द्वारा घोषित जनसंख्या अनुमानों के अनुसार चीन की जनसंख्या में पिछले वर्ष 8.5 लाख की गिरावट हुई है। यानी 1960 के बाद चीन की जनसंख्या में यह गिरावट पहली बार आई है, जबकि भारत की जनसंख्या में वृद्धि दर तो पहले से कम हुई है, लेकिन जनसंख्या अभी भी बढ़ रही है और विशेषज्ञों के अनुसार यह कम से कम वर्ष 2050 तक लगातार बढने वाली है। हालांकि कोरोना महामारी के कारण 2021 में होने वाली जनगणना, जो हर 10 वर्ष बाद की जाती है, टाल दी गई थी और इसलिए उसके अनुमान आना अभी बाकी हैं। आधिकारिक जनसांख्यिकी आंकड़ों के अभाव में विभिन्न एजेंसियां अलग-अलग प्रकार के आंकड़े प्रस्तुत कर रही हैं, लेकिन सभी में समानता यह है कि भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। यह बात तो सर्वविदित ही है कि भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा देश है, यानी भारत की युवा आबादी चीन समेत दुनिया में किसी देश से ज्यादा है। चीन की जनसंख्या हालांकि लंबे समय से भारत से ज्यादा रही है, तो भी उसकी युवा जनसंख्या भारत की युवा जनसंख्या से कम ही रही। इसका कारण यह है कि 1980 के दशक में चीन ने अपनी जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए हर दंपत्ति के लिए एक संतान की अनिवार्य शर्त रख दी, यानी कोई भी दंपत्ति एक संतान से अधिक पैदा नहीं कर सकता। यदि किसी भी महिला द्वारा एक से अधिक संतान पैदा करने का प्रयास किया जाता था तो उसे विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता था। एक बच्चे के जन्म के बाद गर्भ धारण करने पर जबरदस्ती गर्भपात भी करवाया जाता था। इस प्रकार से एक संतान की नीति को क्रूरता से लागू करने के कारण चीन की जनसंख्या की वृद्धि दर में भारी कमी आ गई और अब अंततोगत्वा चीन की जनसंख्या घटने लगी है। दूसरी तरफ भारत में भी हालांकि जनसंख्या नियंत्रण के उपाय तो अपनाए गए और सामान्य परिवार दो बच्चों तक ही सीमित हो गए, लेकिन इसमें ज़बरदस्ती का पुट नहीं था। कुछ वर्गों में अधिक बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति जारी रही, लेकिन जनसंख्या की वृद्धि दर घटने लगी।



हाल ही में प्रकाशित जनसांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार कुल प्रजनन दर 2019 में 2.2 से घटकर 2022 तक 2.159 तक ही रह गई और गौरतलब यह है कि यदि प्रजनन दर 2.0 प्रतिशत से कम होती है तो जनसंख्या अंततोगत्वा घटने लगती है। लेकिन पूर्व में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्तियों के कारण 1980 और 1990 के दशकों में जनसंख्या वृद्धि की दर 2 प्रतिशत के आसपास होने के कारण देश में बच्चों की जनसंख्या में खासी वृद्धि हो गई। यही बच्चे जो 1980 और 1990 के दशक में पैदा हुए, वे 2000 और 2010 के दशक में युवा अवस्था को प्राप्त हुए। यानी भारत में युवा जनसंख्या का अनुपात बढने लगा। आज हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम है। लेकिन चीन की एक संतान नीति के कारण उनकी जनसंख्या में युवाओं का अनुपात कम होता गया। हालांकि भारत में युवा जनसंख्या के बढने और देश में उस अनुपात में रोजगार नहीं बढ़ पाने के कारण भारत के युवा दुनिया के दूसरे मुल्कों में रोजगार की तलाश में जाने लगे। इस कारण से शेष दुनिया में भारतीयों की संख्या बढने लगी और उनके द्वारा भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमाकर भारत में भेजी जाने लगी। वर्ष 2022 में भारतीयों द्वारा स्वदेश भेजी जाने वाली राशि 100 अरब डालर से भी ज्यादा रही और यह राशि अनिवासी चीनियों द्वारा चीन भेजी जाने वाली राशि से कहीं ज्यादा है। भारत में भी श्रमशक्ति की उपलब्धता काफी बढ़ गई और उसका पूरा उपयोग भी नहीं हो पाता और देश में बेरोजगारी में भी भारी वृद्धि देखी जा रही है।

**चीन के लिए बढ़ती मुश्किलें**

चीन में बड़ी और तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण और उसके अनुपात में संसाधनों की कमी से घबरा कर वहां के कम्युनिस्ट शासकों ने अत्यंत क्रूरता से एक संतान नीति लागू तो कर दी, लेकिन चीन को इसके साथ एक अन्य समस्या का सामना करना पड़ा, कि चीन में युवाओं की तुलना में बुजुर्गों का अनुपात बढने लगा। इसका असर यह हुआ कि देश में श्रमशक्ति की कमी हो गई और मजदूरी दरें भी बढने लगी। लेकिन अब जब चीन की जनसंख्या ही घटने लगी है, इसके कारण चीन की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। पहले से ही विकास दर की कमी, महामारी, सरकारों और निजी क्षेत्रों की बढ़ती ऋणग्रसता और अमरीका समेत दुनिया के विभिन्न मुल्कों की बढ़ती बेरुखी के चलते पहले से ही मुश्किल में आए चीन की मुश्किलें जनसंख्या की कमी के कारण और भी बढ़ सकती हैं। आज चीन में खाद्य पदार्थों और अन्य विनिर्मित उत्पादों और साजोसामानों का उत्पादन बहुत अधिक मात्रा में होता है, लेकिन घटती जनसंख्या के चलते देश में घरेलू मांग प्रभावित हो सकती है। भारत और अन्य मुल्कों में आत्मनिर्भरता के प्रयास उसके साजोसामान की मांग को कम कर सकते हैं। ऐसे में घटती घरेलू मांग चीन की अर्थव्यवस्था में ठहराव का कारण बन सकती है। हालांकि चीन की सरकार ने कुछ साल पहले, आने वाली मुसीबतों को समझते हुए अपनी एक संतान नीति में कुछ ढिलाई का ऐलान किया है, लेकिन श्रमशक्ति और घरेलू मांग में वृद्धि के संबंध में इसके परिणाम आने में काफी देर लग सकती है। आज अवसर है कि भारत अपने जनसांख्यिकी लाभ (डेमोग्रेफिक डिविडेंड), चीन के संकटों और रूस समेत दुनिया में भारत के लिए खुलते नए बाजारों का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भरता के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़े। गौरतलब है कि सरकार इस मामले में संवेदनशील है और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए चीन से आयातों को रोकने हेतु पीएलआई स्कीम, एंटी डंपिंग ड्यूटी और अन्य रुकावटें लगा रही हैं। गौरतलब है कि चीन से आने वाले अंधाधुंध आयातों के कारण पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग प्रभावित हुई, जिसके कारण दुनिया भर के मुल्कों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत के चलते, भारत समेत चीन के सभी पड़ोसी देश ही नहीं, कई दूसरे मुल्क भी आशंकित हैं। आज जब चीन संकट में है तो उन सभी मुल्कों को एक रणनीति के तहत वे सभी उपाय अपनाने होंगे ताकि चीन के कम्युनिस्ट शासकों की आर्थिक और सामरिक ताकत घटे, ताकि उस ताकत के बलबूते वे दुनिया को फिर से परेशान न कर सकं।

# विकास का समावेशी ढांचा

> विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। साम्राज्यवाद की समाप्ति के बाद भारत के समक्ष दो ही प्रमुख मुद्दे थे। पहला, राष्ट्र निर्माण और दूसरा सामाजिक–आर्थिक प्रगति। इसी पृष्ठभूमि में विकास प्रशासन का जन्म हुआ और समाज के बहुमुखी और नियोजित विकास पर जोर दिया जाने लगा। इस यात्रा को पचहत्तर वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसमें कोई दुविधा नहीं कि आवाजविहीन, जड़विहीन और भविष्यविहीन विकास को तभी रोका जा सकता है, जब इसके लिए सुनियोजित और दूरदर्शी कदम निरंतर उठते रहें। इसी कड़ी में समावेशी विकास, विकास की एक ऐसी परिकल्पना है, जिसमें रोजगार के अवसर निहित होते हैं और यह गरीबी को कम करने में मददगार साबित होता है। अवसर की समानता तथा शिक्षा और कौशल के माध्यम से लोगों को सशक्त करना भी इसका निहित लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, मसलन आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य आदि समेत आजीविका के साधनों को निरंतर गतिशील बनाए रखना समावेशी विकास की लक्ष्योन्मुख अवधारणा है। गौरतलब है कि देश कई ढांचों और उसमें निहित विकास की कई जमावटों से युक्त है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी विकास समेत अन्य शामिल हैं।

**गांवों** में बुनियादी सुविधाएं न होना, गांवों से पलायन और शहरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ना, कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना, समावेशी विकास की दृष्टि से सही नहीं है। विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। साम्राज्यवाद की समाप्ति के बाद भारत के समक्ष दो ही प्रमुख मुद्दे थे। पहला, राष्ट्र निर्माण और दूसरा सामाजिक-आर्थिक प्रगति। इसी पृष्ठभूमि में विकास प्रशासन का जन्म हुआ और समाज के बहुमुखी और नियोजित विकास पर जोर दिया जाने लगा। इस यात्रा को पचहत्तर वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसमें कोई दुविधा नहीं कि आवाजविहीन, जड़विहीन और भविष्यविहीन विकास को तभी रोका जा सकता है, जब इसके लिए सुनियोजित और दूरदर्शी कदम निरंतर उठते रहें। इसी कड़ी में समावेशी विकास, विकास की एक ऐसी परिकल्पना है, जिसमें रोजगार के अवसर निहित होते हैं और यह गरीबी को कम करने में मददगार साबित होता है। अवसर की समानता तथा शिक्षा और कौशल के माध्यम से लोगों को सशक्त करना भी इसका निहित लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, मसलन आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य आदि समेत आजीविका के साधनों को निरंतर गतिशील बनाए रखना समावेशी विकास की लक्ष्योन्मुख अवधारणा है। गौरतलब है कि देश कई ढांचों और उसमें निहित विकास की कई जमावटों से युक्त है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी विकास समेत अन्य शामिल हैं। इसी के अंतर्गत इक्कीसवीं सदी के पहले दशक में समावेशी विकास को सशक्त करने की दिशा में मनरेगा योजना शुरू की गई थी। गौरतलब है कि इसे पहले नरेगा यानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना नाम दिया गया था, फिर 2 अक्तूबर 2009 को इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ते हुए इसे मनरेगा की संज्ञा दी गई। इस योजना के माध्यम से देश के करोड़ों नागरिकों को लाभ मिल चुका है। यह योजना ग्रामीण रोजगार की दृष्टि से एक क्रांतिकारी पहल है। इसने देश के समावेशी ढांचे को न केवल पुख्ता किया, बल्कि पलायन से लेकर गरीबी और भुखमरी आदि पर भी अंकुश लगाने में कारगर सिद्ध हुई है। अगर सुशासन की दृष्टि से देखें, तो यह शासन की ओर से उठाया गया ऐसा कदम है, जो लोक सशक्तिकरण के साथ कदमताल करता और निहित मापदंडों में बुनियादी विकास की दृष्टि से आजीविका की एक बेहतरीन खोज है। केंद्रीय बजट 2023-24 में मनरेगा के लिए साठ हजार करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं, जो 2022-23 के बजट में तिहत्तर हजार करोड़ के मुकाबले अट्ठारह फीसद और संशोधित अनुमान से करीब बत्तीस फीसद कम है। किसी भी योजना की प्रगति और सफलता में निहित बजट कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। बीते नौ वर्षों की पड़ताल बताती है कि सरकार मनरेगा को लेकर कहीं अधिक सकारात्मक रही है और हर बजट में अनुमान बढ़ी हुई दर में ही देखने को मिलते हैं, जबकि इस बार सरकार का रुख इससे कुछ ज्यादा ही विमुख हुआ है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की मानें तो मनरेगा के लिए बजट आबंटन घटाने से रोजगार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि मनरेगा के बजट में कटौती हुई है, मगर पीएम आवास योजना, ग्रामीण और जल-जीवन मिशन आदि मदों में राशि अच्छी-खासी बढ़ा दी गई है। माना जा रहा है कि इस प्रकार की योजनाओं से ग्रामीणों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। जबकि मनरेगा की तुलना रोजगार की दृष्टि से किसी अन्य से करना इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि यह रोजगार की गारंटी योजना है, जबकि अन्य किसी मिशन में रोजगार की संभावना कम-ज्यादा के साथ वैकल्पिक होगी। मनरेगा में बजट की कटौती ग्रामीण रोजगार की दिशा में जारी समावेशी विकास के लिए भी नई समस्या बन सकती है। गौरतलब है कि कोरोना काल में बंदी के दौरान जब नगरों और महानगरों से करोड़ों कामगार अपने गांव-घर पहुंचे थे तो मनरेगा ने ही उनकी आजीविका चलाने में बड़ी भूमिका अदा की थी। देखा जाए तो मनरेगा दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है, जिसने ग्रामीण श्रम में एक सकारात्मक बदलाव को प्रेरित किया है। आंकड़े बताते हैं कि कार्यक्रम के शुरुआती दस वर्षों में कुल तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए और आजीविका और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से यह गरीबों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन गया। वर्ष 2013-14 में मनरेगा के तहत कार्यरत व्यक्तियों की संख्या लगभग आठ करोड़ थी, जो 2014-15 में घट कर पौने सात करोड़ के आसपास हो गई। उसके बाद इसमें बढ़ोतरी भी हुई और कमोबेश ग्रामीण बेरोजगारों के लिए यह संजीवनी का रूप लिए हुए है। इसमें महिलाओं की संख्या आधी और किसी वर्ष तो आधी से अधिक भी देखी जा सकती है। इसके तहत प्रत्येक परिवार के श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों के लिए सौ दिन की गारंटी युक्त रोजगार, दैनिक बेरोजगारी भत्ता और परिवहन भत्ता, अगर पांच किलोमीटर दूर है, तो आदि का प्रावधान है। सूखा ग्रस्त क्षेत्रों और जनजातीय इलाकों में डेढ़ सौ दिनों के रोजगार का प्रावधान है। जनवरी 2009 से केंद्र सरकार सभी राज्यों के लिए अधिसूचित की गई मनरेगा मजदूरी दरों को प्रति वर्ष संशोधित करती है। मजदूरी का भुगतान न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत राज्य में खेतिहर मजदूरों के लिए निर्दिष्ट मजदूरी के अनुसार ही किया जाता है। गौरतलब है कि 1992 में पंचायती राज व्यवस्था को तिहत्तरवें संविधान संशोधन के अंतर्गत संवैधानिक स्वरूप दिया गया। यह स्थानीय स्वशासन भारत विकास की कुंजी सिद्ध हुआ। इसी पंचायती राज व्यवस्था को मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों के नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी हेतु उत्तरदायी बनाया गया है। इस तरह पंचायती राज व्यवस्था शासन के विकेंद्रीकरण के साथ समावेशी ढांचे को भी मजबूती बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। समावेशी विकास के लिए समावेशी ढांचे का होना आवश्यक है। गांवों में बुनियादी सुविधाएं न होना, गांवों से पलायन और शहरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ना, कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना, समावेशी विकास की दृष्टि से सही नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक गरीबी के सभी रूपों, मसलन बेरोजगारी, निम्न आय और भुखमरी आदि को समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था। विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। इस बार के बजट में कृषि के लिए पैकेज तैयार करने समेत ग्रामीण डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने आदि का संदर्भ दिखता है। मगर यह नहीं भूलना चाहिए कि मनरेगा समावेशी विकास का पर्याय है, जो न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक अनिवार्यता भी है।

## देश दुनीया से

### विज्ञान-प्रौद्योगिकी का ज्ञान जरूरी


**आधुनिक** सभ्यता के विकास में विज्ञान का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जो समाज या देश तकनीकी रूप से सक्षम हैं वे आर्थिक रूप से भी सबल बन जाते हैं। विज्ञान ने हमारा जीवन आसान बना दिया है और हमें इतनी सुख-सुविधाएं दी हैं जिसके बारे में हम इससे पहले कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। इससे हमारा जीवन स्तर तो सुधरा ही है, साथ ही साथ देश-दुनिया के विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। हालांकि बढ़ती टेक्नोलॉजी का बुरा प्रभाव वातावरण और हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक विकास की दर को टेक्नोलॉजी की मदद से बढ़ाया जा सकता है। विकसित देश इसलिए संपन्न हैं क्योंकि वहां की उन्नत प्रौद्योगिकी ने उन्हें विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं और आर्थिक दर को बढ़ाने में भी मदद की है। आज का युग विज्ञान और तकनीकी का युग है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, पर्यटन, यातायात, कृषि आदि क्षेत्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी वजह से कई ऐसे उपकरण और साधनों को बनाया गया है, जिससे हमारा जीवन बेहद आसान हो गया है। आजकल इंटरनेट का जमाना है। इसी के कारण हम घर पर बैठे-बैठे ही देश-दुनिया के किसी भी कोने का हाल कुछ ही सैकेंड्स में जान सकते हैं। चंद्रशेखर वेंकटरमन ने सन् 1928 में कोलकाता में इस दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। यह खोज 28 फरवरी 1930 को प्रकाश में आई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस महान अवसर को मनाने के लिए तकनीकी संस्थानों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थियों को विज्ञान मेलों, विज्ञान क्विज़ और वैज्ञानिक संस्थाओं में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालयों की यात्रा करनी चाहिए जिससे उन्हें कई नई रोचक तथ्य और जानकारियां हासिल होंगी। आइए जानें अपने देश के कुछ महान वैज्ञानिकों और उनके योगदान के बारे में। शुरुआत करते हैं होमी जहांगीर भाभा जी से। होमी जहांगीर भाभा को भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। एसएस भटनागर ने देश भर में वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की थी। जगदीश चंद्र बसु ने बताया कि पौधों में जीवन होता है, वे भारत के पहले वैज्ञानिक शोधकत्रा थे। चंद्रशेखर वेंकट रमन को स्पेक्ट्रम से संबंधित रमन प्रभाव का आविष्कार करने के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। सुब्रमण्यम चंद्रशेखर को 1983 में तारों पर की गई खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हरगोविंद खुराना को 1968 में प्रोटीन संश्लेषण में न्यूक्लिटाइड की भूमिका का प्रदर्शन करने के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया। एपीजे अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसे प्रक्षेपण अस्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। इस दिशा में कई नए नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने को केन्द्रीय साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड मानक योजना चलाई है जिसमें स्कूली बच्चों को मॉडल और अन्य वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। गत वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के स्कूली छात्रों के लिए पहली बार अपनी प्रयोगशालाएं खोलीं।

> प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास एक–दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक विकास की दर को टेक्नोलॉजी की मदद से बढ़ाया जा सकता है। विकसित देश इसलिए संपन्न हैं क्योंकि वहां की उन्नत प्रौद्योगिकी ने उन्हें विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं और आर्थिक दर को बढ़ाने में भी मदद की है। आज का युग विज्ञान और तकनीकी का युग है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, पर्यटन, यातायात, कृषि आदि क्षेत्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी वजह से कई ऐसे उपकरण और साधनों को बनाया गया है, जिससे हमारा जीवन बेहद आसान हो गया है।

## नागरिक बोध

### मनीष सिसोदिया को और उनकी पार्टी को सीबीआई की जांच में सहयोग करना चाहिए

**मनीष** सिसोदिया की सीबीआई द्वारा गिरफ़्तार किए जाने के बाद आप कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। शराब नीति में टेंडर के बाद केजरीवाल सरकार ने गलत तरीके पर करोड़ो रुपए माफ करने का आरोप लगाया है। इसी क्रम में 144 करोड़ रुपए माफ करने का आरोप केजरीवाल सरकार पर लगा है। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। आप कार्यकर्ताओं ने मनीष सिसोदिया का बचाव करते हुए देश मे प्रदर्शन कर हाय हाय के सुत्रोचार से सीबीआई पर आप दबाव बनाने की कोशिश रही है। जब भी मनीष सिसोदिया को सीबीआई जांच के लिए सीबीआई दफ्तर बुलाती है। उसके पहले मनीष सिसोदिया रोड शो जरूर करते है।वे ये बताने की कोशिश करते है कि मैं निर्दोष हूँ और भाजपा खामख्वाह जूठे आरोप लगा रही है। आप मनीष सिसोदिया पर आरोप लगाने के बाद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई है। शराब नीति में व्यापारियों को फायदा कराने के लिए नई शराब नीति बनाई गई थी। शराब नीति के केंद्र में केजरीवाल सरकार ने 2020 में लागू की थी। नई शराब नीति में मनीष सिसोदिया की इस मुहिम के पीछे भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि मनीष सिसोदिया ने 170 सिम को नष्ट कर दिया गया था। जिसका पूरा बायोडेटा उनके पास उपलब्ध है। सफेद पॉश के काले कारनामे से भ्रष्टाचार करने वाला और पार्टी दोनों के नाम की मुहर लग जाती है। अपने को बचाने के जतन हो रहे है। वह बेबुनियाद है। चोर चोर मौसेरे भाई वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है। मनीष की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थको का हंगामा यह दर्शाता है कि मनीष निर्दोष होने का ढोल पीटा जा रहा है। आप के केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर आरोप लगा है वह बेबुनियाद नही है। फोरेंसिक जांच में पता चला है कि मनीष ने दस्तावेज बाहर से बनाए गये थे। आप और कांग्रेस की नीतियों में कोई ज्यादा तफावत नही है। सोनिया और राहुल को जांच एजेंसी ने उनके दफ्तर पर बुलाया गया था। उस समय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर हंगामा खड़ा किया था। उसी के नक्शेकदम पर आप कार्यकर्ताओ भी है।



# अमेरिका के न्यूयॉर्क में चीनी पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन, जासूसी करने का आरोप

**न्यूयॉर्क।**
अमेरिका के न्यूयॉर्क में चीन के नागरिकों ने चीनी पुलिस स्टेशन आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चीनी सरकार पर पुलिस स्टेशन के माध्यम से असंतुष्टों की जासूसी करने का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते शनिवार को कई दर्जन प्रदर्शनकारी 107 ईस्ट ब्रॉडवे के बाहर जमा हुए, जहां से चीनी पुलिस स्टेशन का संचालन होता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने शहर में चीनी नागरिकों को परेशान करने और उनकी जासूसी करने को लेकर विदेशी पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठे होकर अपना विरोध जताया। एक प्रदर्शनकारी टोनी काई ने कहा कि चीनी समुदाय के लोग जीसूसी से काफी परेशान हैं। यह गंभीर समस्या है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) ने चीन के लोगों का जीना दूभर कर दिया है। अमेरिकी और एशियाई-अमेरिकी राजनेताओं के माध्यम से उन पर दबाव डाला जा रहा है।

टोनी काई लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता हैं, जिन्हें चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चीन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए दो बार गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने वर्ष 2000 में अमेरिका में शरण ली थी। काई ने कहा, मैं बहुत चिंतित हूं, लेकिन मैं समुदाय के उन ईमानदार नेताओं का समर्थन करता हूं जो सीसीपी के कार्यों का खुलकर विरोध करते हैं। वीमेन राइट्स इन चाइना संस्था की संस्थापक और कार्यकारी निदेशक जिंग झांग भी विरोध प्रदर्शन शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों को एक दूसरे का साथ देने की जरूरत है। हम सभी यहां आजादी के लिए आए हैं।

इससे पहले, अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने न्यूयॉर्क में इस कार्यालय भवन पर छापा मारा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीनी पुलिस स्टेशन एक अमेरिकी चैरिटी की मदद से चलाया जाता है जो आईआरएस (आंतरिक राजस्व सेवा) की तरफ से ब्लैकलिस्ट की गई है। पिछले साल मई में आईआरएस ने तीन वर्षों तक टैक्स फाइलिंग जमा करने में विफल रहने के लिए चैरिटी संस्था के टैक्स-फ्री स्टेटस को रद्द कर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत में होने वाली जी20 की अहम बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे जापानी विदेश मंत्री, घर में ही शुरू हुआ विरोध

**टोक्यो।** जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हयाशी बुधवार से भारत में शुरू हो रही जी20 देशों के विदेश



मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। दरअसल जापान की संसद में बजट को लेकर चर्चा होनी है और माना जा रहा है कि उसी वजह से जापानी विदेश मंत्री ने जी20 की बैठक के लिए अपना भारत दौरा रद्द कर दिया है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि जापानी विदेश मंत्री शुक्रवार को होने वाली क्वाड देशों की बैठक में शामिल होंगे या नहीं। जापानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, जापान के विदेश मंत्री की जगह एक उपमंत्री इस बैठक में शिरकत कर सकते हैं। जापानी सरकार के इस कदम का घर में ही विरोध शुरू हो गया है। जापानी मीडिया का कहना है कि जब जापान, चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने में जुटा है और भारत के साथ साझेदारी को मजबूत कर रहा है। साथ ही रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है, ऐसे वक्त में जापान के विदेश मंत्री का जी20 की बैठक में हिस्सा नहीं लेना जी20 देशों में गलत संदेश देगा। जापान के कई जनप्रतिनिधियों और वहां की जनता का भी मानना है कि विदेश मंत्री भारत में हो रही जी20 की बैठक में शामिल ना होकर एक अच्छा अवसर खो रहे हैं। बता दें कि चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान सरकार भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में जुटी है। क्वाड का उद्देश्य भी चीन की विस्तारवादी नीति का विरोध करना है। इसके अलावा जापान और भारत के बीच जनवरी में एक संयुक्त युद्धाभ्यास भी हुआ था। जिसमें भारतीय वायुसेना और जापानी वायुसेना के जवानों ने हिस्सा लिया था।


### चीन के खिलाफ अमेरिका को जो साझेदार चाहिए, भारत उसके लिए एकदम सही- अमेरिकी सांसद का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ सीनेटर चक शूमर का कहना है कि चीन के खिलाफ अमेरिका को जैसा साझेदार चाहिए, भारत उस भूमिका के लिए एकदम सटीक है। शूमर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी भी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधिनायकवाद के खिलाफ दुनिया के दो बड़े लोकतंत्रों के साथ काम करने की जरूरत बता चुके हैं। बता दें कि हाल ही में अमेरिका के सीनेटर्स का एक प्रतिनिधिमंडल भारत, पाकिस्तान, जर्मनी और इस्राइल के दौरे कर अमेरिका लौटा है। चक शूमर ने ही इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। चक शूमर ने कहा कि हमने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम संदेश दिया, जिसमें भारत और अमेरिका को चीन के खिलाफ एक दूसरे का साथ देने की जरूरत बताई गई। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और भारत काफी युवा देश है और आने वाले समय में वह तेजी से विकास करेगा।

### रूस-यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका, सीआईए प्रमुख बोले- भारत और चीन का विरोध अहम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खूफिया एजेंसी सीआईए के मुखिया बिल बर्न्स का कहना है कि भारतीय प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का परमाणु हथियारों का विरोध करना, बेहद अहम है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को आशंका है कि रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है, ऐसे में अमेरिका द्वारा कोशिश की जा रही है कि रूस को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से रोका जा सके। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने भारत और चीन को रूस से बात करने की अपील की थी ताकि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को रोका जा सके। ऐसे हालात में भारत और चीन ने जिस तरह से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का विरोध किया है, उस पर अमेरिका ने संतोष जताया है। बर्न्स ने बताया कि बीते साल रूस की खूफिया एजेंसी के प्रमुख सर्गेई नरशकिन के साथ, उनकी तुर्किये में मुलाकात हुई थी। बर्न्स ने बताया कि यह बातचीत बेहद निराशाजनक रही। इस बातचीत के दौरान बर्न्स ने सर्गेई नरशकिन और उनके द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह संदेश देने की कोशिश की कि अगर उन्होंने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## इजराइली नागरिकों की हत्या के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा

# नाराज लोगों ने फिलिस्तीन के 4 गावों पर हमला किया, घर-कारें जलाई

**यरूशलम।**
फिलिस्तीनी गनमैन के हाथों रविवार को 2 इजराइलियों की मौत के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा भड़क गई है। वेस्ट बैंक में रह रहे इजराइली लोगों ने फिलिस्तीनी गांवों पर हमला बोल दिया। इस हमले में 37 साल के फिलिस्तीनी समीह-अल-अक्तश की मौत हो गई। वहीं करीब 390 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। हमला नबलस शहर के हुवारा, जतारा, बुरिन और असीर-अल-किब्लिया गांव में हुआ। इसके बाद फिलिस्तीनी हमलावरों ने एक इजराइली-अमेरिकी व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। इजराइली सेना के मुताबिक, हमलावरों ने इजराइली गाड़ियों पर तीन बार गोलियां चलाईं और बाद में अपनी गाड़ियों को भी जला दिया। अभी तक किसी भी फिलिस्तीनी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, गाजा पट्टी पर कंट्रोल करने वाले आतंकी संगठन हमास ने कहा कि ये हमला इजराइलियों के हमले का जवाब था।

**फिलिस्तीनियों पर मेटल रॉड और पत्थरों से हमला** - सोमवार को फिलिस्तीनी गांवों पर हुए हमले में 30 से ज्यादा घरों और करीब 100 कारों में आग लगा दी गई। फिलिस्तीनी मीडिया के मुताबिक, लोगों पर मेटल रॉड और पत्थरों से हमला किया गया। इस दौरान इजराइली सेना ने हालात काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले के बाद इजराइली अधिकारियों ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। हालांकि, बाद में उनमें से 6 को छोड़ दिया गया।

**हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन** - इजराइली लोगों के फिलिस्तीनी गांवों पर हमले के बाद कई इजराइलियों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। लोग बैनर-पोस्टर लेकर तेल अवीव की सड़कों पर नजर आए और उन्होंने हिंसा खत्म करने के लिए नारे लगाए। इस दौरान इजराइली सेना भीड़ पर काबू करने की कोशिश करती रही।

**अमेरिका ने हिंसा की निंदा की** - इस हिंसा के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइज ने कहा- वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों पर हुआ हमले की हम निंदा करते हैं। हमें उम्मीद है कि इजराइल की सरकार हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए आरोपियों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही फिलिस्तीनियों को भी सही मुआवजा दिया जाएगा।

**फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने इजराइली सरकार को जिम्मेदार ठहराया** - फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस हिंसा के लिए इजराइली सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ये आतंकी गतिविधि उन लोगों ने की है जो इजराइली सेना के कंट्रोल वाले इलाके में रहते हैं। दूसरी तरफ इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतनयाहू ने शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को शांत रहते हुए इजराइली सेना की आरोपियों को पकड़ने में मदद करनी चाहिए।


इससे पहले फिलिस्तीनी हमलावरों ने ब्राचा में रहने वाले 2 इजराइली भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों भाई हुवारा से गुजर रहे थे जब एक फिलिस्तीनी हमलावर उनकी कार में घुस गया और उन पर गोलियां चला दीं।

### आतंक के खिलाफ पाकिस्तान की मंद चाल, 2020 के मुकाबले 2021 में बढ़े धमाके और सामूहिक हत्या के मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पर हमेशा से आतंक के वित्तपोषण और आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगता रहा है। इसको लेकर उसे कई तरह के प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ा है, जिसके बाद पाकिस्तान सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान छेड़ने का दुनिया को आश्वासन दिया। हालांकि, यहां पर भी इस मुल्क ने दुनिया की आंखों में धूल झोंकने का काम किया। यूएस ब्यूरो ऑफ काउंटरटेरिज्म की रिपोर्ट कहती है कि आतंकवादियों के खात्मे को लेकर पाकिस्तान में चलाए जा रहे अभियान की चाल बहुत सुस्त है। यहां तक कि 2020 के मुकाबले पाकिस्तान में 2021 में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में आतंकी हमलों और हताहतों की संख्या काफी अधिक थी। अमेरिकी रिपोर्ट में पाकिस्तान की जमीन पर पनप रहे आतंकी संगठनों का सीधे तौर पर नाम लिखा गया है।

## चीन पर कोरोना फैलाने के आरोप से पीछे हटा अमेरिका

# पहले कहा- वुहान लैब से लीक हुआ वायरस, अब बोला- इसके ठोस सबूत नहीं



**वॉशिंगटन।**
अमेरिका के एनर्जी डिपार्टमेंट ने सोमवार को दावा किया था कि कोरोना वायरस चीन की वुहान लैब से लीक हुआ है। इसके बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने इन दावों को खारिज कर दिया था। चीन की प्रतिक्रिया के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि कोविड-19 वायरस के लीक होने को लेकर अभी कोई पक्का नतीजा नहीं निकाला गया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा- हमारे इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट और सरकार अभी भी कोरोना के लीक होने को लेकर जांच कर रही है। इसमें अभी कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं है इसलिए इस मामले में कुछ भी कहना मुश्किल है। मैं वायरस के लीक होने को लेकर किसी भी रिपोर्ट का बचाव करना जरूरी नहीं समझता हूं।

जॉन किर्बी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति बाइडेन सिर्फ इतना चाहते हैं कि सब लोग मिलकर सच सामने लाने के लिए काम करें और हम यही कर रहे हैं। जब हमारे पास कुछ ठोस सबूत होंगे तो उसे अमेरिका के लोगों और दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। इसकी मदद से हमें भविष्य में ऐसी महामारी से लड़ने में मदद मिलेगी। इससे पहले चीन ने अमेरिका के एनर्जी डिपार्टमेंट की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कोविड-19 वायरस चीन की वुहान लैब से लीक हुआ है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा- कोरोना की उत्पत्ति की खोज साइंस से जुड़ा मामला है और इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। कई अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट्स पहले ही कह चुके हैं कि वायरस के वुहान लैब से लीक होने की बहुत ही कम आशंका है। माओ निंग ने कहा- डब्लूएचओ और चीन के जॉइंट मिशन के तहत एक्सपर्ट्स ने वुहान लैब में कई फील्ड ट्रिप्स की थीं। इस दौरान हमारे रिसर्चर्स से बात की गई थी।

# ब्लिंकन की भारत यात्रा आज, विदेश मंत्री की रवानगी से पहले अमेरिका ने की पीएम मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन।**
अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की तीन दिवसीय भारत यात्रा (एक मार्च) से शुरू हो रही है। वह यहां जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के साथ ही साथ क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक और विदेश



मंत्री एस जयशंकर के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे। मंगलवार को विदेश मंत्री ब्लिंकन अमेरिका से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वह कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान होते हुए भारत पहुंचेंगे। भारत पहुंचने से पहले ब्लिंकन इन दोनों देशों के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों में प्रतिभाग करेंगे।

**चीन-रूस और हिंद प्रशांत हो सकता है बैठक का मुद्दा** - जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक में चीन और रूस की आक्रामकता और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति व्यवस्था की बहाली बैठक का मुद्दा हो सकता है। दोनों नेताओं के बीच इन मुद्दों पर बातचीत संभव है।

**बाइडन प्रशासन ने की पीएम मोदी की तारीफ** - विदेश मंत्री की रवानगी से पहले बाइडन प्रशासन ने जमकर भारत और पीएम मोदी की तारीफ की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बताया, भारत अमेरिका का एक वैश्विक रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, हम एक मुक्त और खुले भारत-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। क्वाड के साथ-साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय समूहों के संदर्भ में भारत द्विपक्षीय रूप से हमारा एक प्रमुख भागीदार है। हमने हाल ही में आई22 के बारे में काफी बात की है। नेड प्राइस ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा, आपने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना है, उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह युग युद्ध का युग नहीं है। विशेष रूप से रूस नियम-आधारित आदेश और सिद्धांतों को चुनौती दे रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय कानून, सिद्धांत और मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है।

# उत्तरी वजीरिस्तान में सुरक्षा चौकी पर आतंकियों का बड़ा हमला, दो अधिकारी मारे गए

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में आतंकवाद की ताजा लहर थमने का नाम नहीं ले रही है। देश में सिलसिलेवार आतंकी हमले हो रहे हैं। सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में एक सुरक्षा जांच चौकी पर सशस्त्र आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इसमें दो अधिकारी मारे गए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**सेना की मीडिया शाखा ने बयान में क्या कहा** - इस्लामी देश की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, आतंकवादियों ने रविवार को पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पिनवाम क्षेत्र में एक सुरक्षा जांच चौकी पर



गोलीबारी की, जिसका सेना ने तत्काल जवाब दिया। आईएसपीआर ने कहा, गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए जबकि दो अन्य को गोला-बारूद के साथ पकड़ा गया। गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के दो अधिकारी भी मारे गए हैं। सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि आतंकवादियों के सफाए के लिए इलाके की तलाशी ली जा रही है।

**प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की हमले की निंदा** - प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है और पाकिस्तानी सेना के दोनों अधिकारियों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। हमले की अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। रविवार की घटना देशभर में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच हुई। पाकिस्तान आतंकवाद की लहर से प्रभावित है। देश का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत, बलूचिस्तान, पंजाब और सिंध प्रांत इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

**पिछले माह पेशावर की मस्जिद पर हुआ था बड़ा हमला** - 30 जनवरी को पेशावर की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज के दौरान तालिबान के एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था, जिसमें 101 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। पिछले साल नवंबर में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने जून 2022 में सरकार के साथ हुए अनिश्चितकालीन संघर्ष विराम को रद्द कर दिया था।

# 1971 के युद्ध अपराधों का दोषी जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ता गिरफ्तार, सुनाई गई थी मौत की सजा

**ढाका।**
बांग्लादेश के सुरक्षा बलों ने जमात-ए-इस्लामी के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है, जो बीते एक दशक से फरार चल रहा था। एक न्यायाधिकरण ने उसकी गैरमौजूदगी में उसे 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने का दोषी ठहराया था और उसे मौत की सजा सुनाई गई थी। अपराध रोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) की एक टीम गोपनीय सूचना के आधार पर शनिवार को ढाका के बाहरी देमरा इलाके पहुंची, जहां से उसने अबू मुस्लिम मोहम्मद अली (70 वर्षीय) को गिरफ्तार किया। आरएबी ने एक बयान में बताया कि अली1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान जमात-ए-इस्लामी का कार्यकर्ता था। तब वह गैबंधा (उत्तर-पश्चिमी इलाका) में सामूहिक हत्याओं, आगजनी, दुष्कर्म और लूटपाट की घटनाओं में शामिल था।

### न्यायाधिकरण ने 2017 में सुनाई गई थी मौत की सजा

दरअसल, मुक्ति संग्राम के दौरान अत्याचारों के पीड़ितों में से एक की शिकायत पर अबू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई थी। लेकिन वह 2013 में कहीं छिप गया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय अपराध



न्यायाधिकरण ने 2017 में उसकी गैरमौजूदगी में उसे मौत की सजा सुनाई थी।

### लो प्रोफाइल बनकर झुग्गी जैसे घर में रह रहा था अली

आरएबी के लेफ्टिनेंट कर्नल आरिफ मोहिउद्दीन अहमद ने कहा, हमने उसे झुग्गी जैसे घर से गिरफ्तार किया है, जहां वह लो प्रोफाइल बनकर रह रहा था। अहमद ने कहा, अली जमात-ए-इस्लामी की तत्कालीन छात्र शाखा इस्लामिक छात्र संघ का सक्रिय सदस्य था। वह ट्रिब्यूनल के समक्ष कभी पेश नहीं हुआ।

### आरएबी ने मोहम्मदपुर और मुग्धा इलाकों में की छापेमारी

आरएबी ने ढाका के मोहम्मदपुर और मुग्धा इलाकों में अलग-अलग छापेमारी की, जहां युद्ध अपराध के अपराधी अली को गिरफ्तार किया गया। दस दिन पहले युद्ध अपराध के दो अन्य दोषियों को भी गिरफ्तार किया गया था। उनमें से एक जसीसर रहमान (69 वर्षीय) था, जबकि दूसरा लगभग इसी उम्र का अब्दुल वाहिद था। दोनों को मानवता के खिलाफ अपराध करने के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी।

### इसी माह जमात का एक और कार्यकर्ता हुआ था गिरफ्तार

एक फरवरी को आरएबी ने दक्षिण-पश्चिम मदारीपुर से जमात के कार्यकर्ता अब्दुल माजिद (70 वर्षीय) को पूर्वोत्तर नेत्रोकोना में अत्याचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरएबी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी दोषी फरार हैं। 26 मार्च, 1971 को बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) ने पश्चिमी पाकिस्तान से अपनी आजादी की घोषणा की थी।

### पाकिस्तानी सेना ने की थी 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नौ महीने के खूनी गुरिल्ला युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने स्थानीय सहयोगियों (बांग्लादेश के) की सहायता से अनुमानित 30 लाख लोगों की हत्या कर दी थी, करीब 2 लाख महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और लाखों लोगों को अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर किया था।

### 50 से ज्यादा फैसले दे चुके न्यायाधिकरण, छह को मिली फांसी

प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने मुक्ति संग्राम के दौरान जघन्य या भीषण अपराधों के अपराधियों और उनके सहयोगियों को न्याय के कटघरे में लाने की पहल की थी। इसके लिए 2010 में न्यायाधिकरण बनाया गया। यह न्यायाधिकरण तब से अब तक पचास से ज्यादा फैसले दे चुका है। छह दोषियों को उनकी अपील, पुनर्विचार याचिका और दया याचिकाओं को खारिज करने के बाद फांसी दी गई।

# राजस्थान के 166 राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल हुए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रूपांतरित

जयपुर, (हि.स.)। राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित हो रहे 166 राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूलों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रूपांतरित किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है। आदेश के मुताबिक इन स्कूलों का संचालन नए शिक्षा सत्र से किया जाएगा। इन स्कूलों में वर्तमान सत्र 2023 में पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं को ही अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित किया जाएगा और आगामी सालों में क्रमशः कक्षा छठीं से आठवीं का संचालन अंग्रेजी माध्यम में होगा। रूपांतरण से पूर्व स्कूल में जिन तृतीय भाषा का संचालन हो रहा था, अंग्रेजी माध्यम में भी उस विद्यालय में उसी तृतीय भाषा का संचालन होगा। रूपांतरित स्कूलों में गैर शैक्षणिक पदों को बिना साक्षात्कार के सीधा ही पदस्थापन से भरा जा सकेगा। इन स्कूलों में आवश्यक अतिरिक्त पदों की पूर्ति प्रारंभिक शिक्षा विभाग में उपलब्ध आरक्षित पदों और अन्य स्कूलों से वर्तमान स्वीकृत स्ट्रेंथ के तहत ही की जाएगी। पदों की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में अतिरिक्त पदों के लिए अलग से विद्यालयवार प्रस्ताव भेजे जा सकेंगे।





आदेशानुसार अजमेर की 10, अलवर की दो, बांसवाड़ा की पांच, बारां की 4, बाड़मेर की 4,भरतपुर की पांच, भीलवाड़ा की 19,बूंदी की 8, चित्तौड़गढ़ की 3, चूरू की 4, धौलपुर की 7, डूंगरपुर की 8, श्रीगंगानगर की 16, हनुमानगढ़ की 4, जयपुर की 2, जैसलमेर की 2, जालोर की 6, झालावाड़ की 7, झुंझुनू की 3, जोधपुर की 12, करौली की 3, पाली की , प्रतापगढ़ की 3, राजसमंद की 3, सीकर की 14 और टोंक की पांच स्कूलों को महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में रूपांतरित किया गया है।

जयपुर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गणपतपुरा सांगानेर और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरिया हरनाथपुरा झोटवाडा को रूपांतरित किया गया है।

## प्रदेश की भर्तियों में बाहरी राज्यों के निवासियों की नियुक्ति काफी कम : शिक्षा मंत्री

जयपुर, (हि.स.)। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की भर्तियों में वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक राज्य से बाहर के मात्र 1.05 प्रतिशत व्यक्ति चयनित हुए हैं। इसी प्रकार कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से वर्ष 2014 से वर्ष 2022 तक केवल .90 प्रतिशत बाहर के लोगों को नौकरी मिली है। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में 30 से 40 प्रतिशत प्रश्न राज्य की कला संस्कृति, भाषा और सामान्य ज्ञान से संबंधित पूछे जाते हैं। डॉ. कल्ला ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का कार्मिक मंत्री की ओर से जवाब देते हुए कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडू, पंजाब और गुजरात आदि राज्यों ने भर्ती परीक्षाओं में अपने राज्य की सरकारी भाषा का प्रश्न पत्र अनिवार्य



किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी राज्यों की भाषा संविधान से मान्यता प्राप्त है।

राजस्थानी भाषा को मान्यता मिलने के पश्चात राज्य में भी यह प्रावधान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में आरएएस, बीडीओ, एईएन, जेईएन आदि की भर्ती परीक्षाओं राजस्थानी भाषा, साहित्य तथा लोक संस्कृति, पर्यटन आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जा रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा इस पर अब तक कोई फैसला नहीं किया गया है। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने विधायक अविनाश के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि सभी सेवा नियमों के नियम 'राष्ट्रीयता' के अन्तर्गत भारत का नागरिक होने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 16 (2) अनुसार निवास स्थान के आधार पर सार्वजनिक नियोजन में भेदभाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि निवास स्थान के आधार पर सार्वजनिक नियोजन में विधिक प्रावधान करने का अधिकार अनुच्छेद 16 (3) अनुसार केवल संसद को है।

## जयपुर में बनेगा राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस

जयपुर, (हि.स.)। प्रदेश में साइबर सिक्योरिटी तथा डाटा सिक्योरिटी को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस की स्थापना की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुल 147.55 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह सेंटर जयपुर के झालाना डूंगरी क्षेत्र स्थित खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में स्थापित होगा। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 100 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा। संस्थान में ब्लॉकचैन, साइबर सिक्योरिटी, आइएफएमएस, डेटा सिक्योरिटी के लिए डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। यहां ई-गवर्नेंस मजबूत करने के लिए उपयोगी आईटी उत्पादों और आईटी सॉल्यूशन्स को विकसित एवं क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक उपकरण व सॉफ्टवेयर उपलब्ध होंगे। शैक्षणिक, औद्योगिक, सरकारी और स्टार्ट-अप इको सिस्टम के लिए सॉफ्टवेयर, उपकरण एवं प्लेटफार्म आदि एक सेवा के रूप में उपलब्ध होंगे। सेंटर साइबर अपराधों को नियंत्रित करने, ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में आमजन को जागरूक करने में सहायक होगा। यहां राज्य के तकनीकी स्नातकों की आधुनिक प्रौद्योगिकी में क्षमता संवर्धन का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही, ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए आवश्यक विशेषज्ञता एवं कौशल को विकसित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस की स्थापना के संबंध में घोषणा की गई थी। इसी क्रम में यह वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

## विज्ञान दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की मुलाकात

जयपुर, (हि.स.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान दिवस पर हम सभी को जीवन के सभी क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टि के साथ काम करने के साथ ही भारतीय भाषाओं में विज्ञान प्रसार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने भी मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को विज्ञान दिवस पर प्रदेश में विज्ञान प्रसार के संदर्भ में होने वाले विभिन्न आयोजनों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल मिश्र ने इस मौके पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 की थीम ह्यवैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञानह्ण को महत्वपूर्ण बताया।



उन्होंने कहा कि देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का पिछले कुछ वर्षों के दौरान तेजी से प्रसार हुआ है। भारत सरकार ने विज्ञान में ऐतिहासिक सुधारों की शुरूआत कर औद्योगीकरण और तकनीकी विकास में एक वैश्विक छवि निर्मित की है। इससे पहले विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने प्रदेश भर में विज्ञान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों और विज्ञान संचार के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में राज्यपाल मिश्र को विस्तार से जानकारी दी।

## राजसिको राज्य के लॉजिस्टिक क्षेत्र मे नई गति प्रदान करेगा : अरोड़ा

जयपुर, (हि.स.)। राजस्थान लघु उद्योग निगम बोर्ड की 368वीं बैठक मंगलवार को राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में उद्योग भवन में आयोजित हुई। राजसिको अध्यक्ष ने बताया कि निगम राज्य में औद्योगिक प्रगति के लिये लॉजिस्टिक क्षमता में बढोतरी के लिये प्रयासरत है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणा के तहत निगम द्वारा उदयपुर में नया एयर कार्गो, बाड़मेर (पचपदरा) एवं बीकानेर में नये इनलैण्ड कंटेनर डिपो तथा जयपुर में एमएसएमई टॉवर खोलना प्रस्तावित है। बैठक में वर्ष 2023-24 का बजट अनुमान तथा वर्ष 2022-23 संशोधित बजट अनुमान पारित किये गये। श्री अरोडा ने बताया कि बजट वर्ष 2023-24 में निगम का कुल व्यवसाय 67.04 करोड़ रुपए तथा कुल लाभ 6.05 करोड़ रुपए अनुमानित हैं। निगम के वर्ष 2022-23 के संशोधित बजट अनुमानों के



अनुसार निगम का कुल व्यवसाय 51.84 करोड़ रुपए तथा लाभ 7.91 करोड़ रुपए है। इसमें कस्टम विभाग से प्राप्त पुराना बकाया 2.29 करोड़ की राशि शामिल है। इस प्रकार वर्ष 2022-23 में अर्जित लाभ की राशि निगम की स्थापना से अब तक सर्वाधिक रहने की संभावना है। अरोड़ा कहा कि निगम सीमित मेनपावर तथा सीमित संसाधनों के बावजूद, लगातार दूसरे वर्ष में शानदार उपलब्धियाँ हासिल करने जा रहा है। शीघ्र ही राजसिको में संविदा पर नई नियुक्तियां शुरू की जायेगी निदेशक मण्डल ने अरोडा, प्रबन्ध निदेशक राजसिको एवं निगम के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक प्रयासो के फलस्वरूप लगातार दूसरे वर्ष में शानदार प्रर्दशन के लिए बधाई दी। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त महेंद्र कुमार पारख, प्रबन्ध निदेशक राजस्थान वित्त निगम अजय शर्मा, निदेशक राजसिको तथा कम्पनी सचिव, मुख्य लेखाधिकारी विशेषाधिकारी सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और बारिश की संभावना

जम्मू, (हि.स.)। सुबह घने बादलों व ठंडे मौसम के बाद जम्मू में दोपहर में तेज धूप निकल आई है। हालांकि आसमान में आंशिक रूप से बादल अभी भी छाए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम दर्जे की बर्फबारी और बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 28 फरवरी (शाम) से 1 मार्च तक मुख्य गतिविधि के साथ जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बर्फबारी व बारिश (जम्मू क्षेत्र में बारिश के साथ गरज के साथ बारिश) होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 3 से 7 मार्च के दौरान शुष्क मौसम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौसम प्रणाली 1-2 मार्च के दौरान श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग, सिंथन टॉप, सदना टॉप आदि जैसे प्रमुख मार्गों पर सतही परिवहन को प्रभावित कर सकती है। इस बीच तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में 1.8 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में शून्य से नीचे 1.2 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग में 3.0 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा शहर मे 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस, बनिहाल में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक), बटोत में 6.0 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक), कटरा में 12.2 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक) और भद्रवाह में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के लेह और कारगिल में न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से नीचे 6.4 डिग्री सेल्सियस और शून्य से नीचे 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## राजौरी के पंजा चौक में संदिग्ध आईईडी की जांच पर निकली पानी की सामान्य बोतल

राजौरी, (हि.स.)। जम्मू संभाग के राजौरी जिले के पंजा चौक में मंगलवार सुबह एक संदिग्ध आईईडी मिलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता व सीआरपीएफ मौके पर पहुंच गए और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। जांच में पता चला कि मौके पर कोई आईईडी नहीं, बल्कि काले रंग की स्टील निर्मित पानी की बोतल थी, जिसमें तापमान बताने के लिए उपकरण लगा हुआ था। यह उपकरण टूट कर बोतल से अलग पड़ा हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह पंजा चौक पर एक लावारिस वस्तु होने की सूचना मिली। इसके बाद लगभग 8 बजे के करीब बम निरोधक दस्ते और सीआरपीएफ के साथ पुलिस के विशेष अभियान समूह ने इलाके को घेर लिया। संदिग्ध वस्तु की पूरी तरह से जांच की गई। इस दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के बाद यह पानी की बोतल निकली।

## तीन मार्च को ही होगा पंजाब का बजट सत्र, गवर्नर ने दी अनुमति, सरकार ने SC को दी जानकारी

पंजाब विधानसभा का बजट सत्र तीन मार्च से ही होगा। पंजाब सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी। सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यपाल ने 3 मार्च को सुबह 10 बजे विधानसभा बुलाने का आदेश पारित किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी देने के लिए बाध्य है। पंजाब सरकार और गवर्नर के बीच टकराव पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक अधिकारियों को आधिकारिक संचार में निश्चित स्तर की बातचीत को बनाए रखना है। साथ ही,



विधानसभा बुलाने पर कैबिनेट की सिफारिशों को स्वीकार करना भी राज्यपाल का कर्तव्य है। इससे पहले पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्यपाल संविधान का पालन नहीं कर रहे। इससे पहले गवर्नर की तरफ से विधानसभा का बजट सत्र बुलाने की अनुमति नहीं दिए जाने के खिलाफ पंजाब सरकार सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। पंजाब सरकार ने सोमवार सुबह अतिरिक्त महाधिवक्ता शादान फरासत के माध्यम से भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इस याचिका पर मंगलवार दोपहर को सुनवाई हुई। इस याचिका में पंजाब के राज्यपाल के प्रधान सचिव को पहले प्रतिवादी के रूप में रखा गया था। याचिका में तर्क दिया गया था कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकार द्वारा दी गई सहायता और सलाह के अनुसार राज्यपाल को विधानसभा को बुलाना पड़ता है।

## हरियाणा सरकार का फैसला, वर्ष 2015 में एचटेट पास अभ्यर्थी कर सकेंगे टीजीटी के लिए आवदेन

चंडीगढ़, (हि.स.)। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग टीजीटी भर्ती में वर्ष 2015 में एचटेट पास करने वाले अभ्यर्थियों को भी मौका देगा। इस संबंध में आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास विज्ञापन संख्या 02/2022 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि यानी 26 अक्तूबर, 2022 को वैध एचटेट / एसटेट प्रमाण पत्र थे, वे भी अब टीजीटी भर्ती के लिए नए विज्ञापन संख्या 02/2023 (विभिन्न श्रेणी) में आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते कि इन उम्मीदवार के पास वैध एचटेट, एसटेट प्रमाणपत्र हो और विज्ञापन में



उल्लिखित 26 अक्तूबर, 2022 को या उससे पहले आयु मानदंड को पूरा करते हों। प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए 27 सितंबर, 2022 को आयोग ने अपने विज्ञापन संख्या 02/2022 के माध्यम से पदों को विज्ञापित किया गया था। हालांकि, वर्ष 2015 से 2022 की अवधि के दौरान टीजीटी के पदों पर भर्ती नहीं की गई और आयोग ने बिना कोई आवेदन स्वीकार किए विज्ञापन संख्या 02/2022 को वापस ले लिया। इस विज्ञापन में आवेदन भरने के लिए आरंभ तथा अंतिम तिथि क्रमशः 5 अक्तूबर, 2022 एवं 26 अक्तूबर, 2022 थी। हालांकि, प्रशासनिक, तकनीकी कारणों से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। इसलिए वर्ष 2015 में एचटेट पास करने वाले अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में आवेदन व उपस्थित हुए बिना ही अपात्र हो गए। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान दो साल तक कोविड महामारी रही। इन परिस्थितियों में आयोग ने ऐसे अभ्यर्थियों को छूट देने का संकल्प लिया है।

## गोइंदवाल साहिब जेल गैंगवार मामले में डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट सस्पेंड

तरनतारन की गोइंदवाल साहिब केंद्रीय जेल में हुई गैंगवार की गाज डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट पर गिर गई है। डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट हरीश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। जेल सुपरिंटेंडेंट इकबाल सिंह बराड़ की भी जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस जेल में रविवार की दोपहर जग्गू भगवानपुरिया और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बीच गैंगवार हुई थी। इस गैंगवार में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी गैंगस्टर मनदीप तूफान और मनमोहन मोना की मौत हो गई थी। मामले में 11 गैंगस्टर घायल हो गए थे। अत्याधुनिक गोइंदवाल केंद्रीय जेल 15 महीने पहले शुरू हुई थी। शुरू से ही ये जेल सुर्खियों में रही है। जेल में गैंगस्टरों के आपस में भिड़ने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसके अलावा इसी जेल में बैठकर गैंगस्टरों द्वारा पाकिस्तान से हथियार व नशा मंगवाने के रैकेट का खुलासा भी हो चुका है लेकिन इसके बाद भी इस मामले को जेल अथॉरिटी गंभीरता से



नहीं ले रही है। वहीं, रविवार को दो गैंगस्टरों की मौत के मामले की रिपोर्ट गृह विभाग ने तलब कर ली है। सीएम भगवंत मान के पास ही गृह विभाग है। ऐसे में उन्हें इस संबंधी सारी जानकारी से अपडेट करवाया जा रहा है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपियों में एक गैंगस्टर दीपक टीनू भी इसी जेल में बंद था। जनवरी में उसने अपने साथियों सहित तीन कैदियों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। हमले में घायल तीनों लोगों को तरनतारन के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। दिसबंर 2022 में तरनतारन के सहराली थाने पर आतंकी हमला हुआ था। इस मामले में उस समय कुल 12 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा था।

## हरियाणा में पर्यटन को लगेंगे पंख, दस हजार एकड़ में केन्द्र बनाएगा अरावली सफारी पार्क

नारनौल, (हि.स.)। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि राज्य का बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला है। किसी प्रकार का नया टैक्स लगाए बिना एक लाख 83 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार अफ्रीका की तर्ज पर गुरुग्राम के पास अरावली पर्वत श्रृंखला में लगभग दस हजार एकड़ में एक सफारी पार्क बनाएगी। बिजली मंत्री रणजीत सिंह मंगलवार को जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने हरियाणा के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए क कि इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। एक सवाल के जवाब में मंत्री सिंह ने कहा कि हरियाणा को पर्यटन के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए अफ्रीका की तर्ज पर गुरुग्राम के साथ अरावली पर्वत श्रृंखला में लगभग दस हजार एकड़ में एक सफारी पार्क बनाया जाएगा।

यह केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है। इसे अरावली सफारी के नाम से जाना जाएगा। दिल्ली के नजदीक यह सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। यह देश ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों के लिए भी बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा। विभाग की टीमें लगातार औचक निरीक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि अब उपभोक्ता ईमानदारी के साथ अपना बिजली का बिल भर रहे हैं। यह हरियाणा में एक बड़ा बदलाव आया है। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव, उपायुक्त डॉ जयकृष्ण आभीर, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, भाजपा जिला प्रधान राकेश शर्मा, जेजेपी जिला प्रधान तेज प्रकाश एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## मिशन दुष्यंत 2024 को लेकर आगे बढ़ें जेजेपी कार्यकर्ता : अजय चौटाला

सिरसा, (हि.स.)। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने जनता भवन में मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए मिशन दुष्यंत 2024 को लेकर पूरी मेहनत करें। पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ. चौटाला ने कहा कि वे पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए बूथ स्तर पर ले जाएं क्योंकि यही पार्टी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि संगठन से ही सत्ता प्राप्त होती है। प्रदेशभर में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के अंतिम दिन सिरसा में जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जेजेपी ने संगठन की वजह से ही विपरीत परिस्थितियों में आगे बढने का काम किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बूथ योद्धा, बूथ सखी बनाकर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थितजनों को दिग्विजय सिंह चौटाला की शादी के लिए निमंत्रण देते हुए कहा कि सिरसा में दस मार्च को सभी के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, पूर्व विधायक भागीराम, कृष्ण कंबोज, डॉ. राधेश्याम शर्मा, सर्वजीत सिंह मसीतां, रविंद्र सांगवान, राजेंद्र लितानी जैसे दिग्गज राजनेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि संगठन को और अधिक प्रभावी बनाना ही बैठक का पहला मकसद है। मंच संचालन अंजनी लढा ने किया। बैठक के दौरान जेजेपी के जिला प्रभारी सुरेंद्र बेनीवाल, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, युवा जेजेपी के जिलाध्यक्ष अजब ओला, वरिष्ठ नेता राजेंद्र कसवां एडवोकेट, जिला प्रेस प्रवक्ता तरसेम मिढा, प्रेम कुकरेजा, सुखमंदर सिहाग, अनिल कासनिया व अमर सिंह ज्याणी सहित पूरे जिले से पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पन्नू ने जी-20 प्रतिनिधियों से संदेश में कहा, वे गुरुग्राम में सुरक्षित नहीं हैं...

गुरुग्राम, (हि.स.)। अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के जनरल काउंसिल गुरपतवंत सिंह पन्नू ने जी-20 गुरुग्राम में होने जा रही जी-20 की बैठक को लेकर भय फैलाने का प्रयास किया है। मीडिया को भेजे अपने एक वीडियो संदेश में पन्नू ने जी-20 प्रतिनिधियों से कहा है कि आप गुरुग्राम में सुरक्षित नहीं हैं। वीडियो संदेश में एसएफजे के जनरल काउंसिल पन्नू ने कहा है कि हरियाणा भारत नहीं है। खालिस्तान जनमत संग्रह के साथ हरियाणा फिर से पंजाब का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने 1 से 3 मार्च के दौरान हरियाणा में खालिस्तान झंडा फहराने के लिए 50,000 डॉलर का इनाम देने की भी पेशकश की। बता दें कि इससे पहले भी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने विशेष आयोजनों पर इस तरह




के भड़काऊ, डराने के लिए वीडियो संदेश जारी किए हैं। कभी वे रेलवे ट्रैक पर धमाके करने की धमकी देते हैं तो कभी किसी अन्य तरीके से विरोध करने की बात करते हैं।

## ईज ऑफ डुईंग बिजनेस कार्यशाला आयोजित

**कार्यशाला में औद्योगिक इकाईयों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे दी जानकारी**

फतेहाबाद, (हि.स.)। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा के अपर निदेशक एसएन सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में औद्योगिक इकाइयों हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसएन सिंह ने कहा कि औद्योगिक इकाई को विभाग की योजनाओं का लाभ लेने व किसी भी उद्योग को स्थापित करने को लेकर विभाग से मंजूरी प्राप्त करने हेतु सरकार द्वारा सिंगल रूफ क्लिअरेंसस पोर्टल चलाया जा रहा है। इसके




अतिरिक्त किसी भी उद्यमी को अगर विभाग की योजनाओं का लाभ लेने में व मंजूरी प्राप्त करने में दिक्कत आ रही हो तो वह इस पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिसका तय समय सीमा में निपटारा किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान एचईपीसी, पंचकुला से विशेषज्ञ दर्शन सिंह ने विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में जिला उद्योग केंद्र के उपनिदेशक ज्ञान चंद, एमएसएमई के सहायक निदेशक गुरप्रताप सिंह, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, एक्सपोर्ट एसोसिएशन से अजय जिंदल, मूनक गोयल, नरेश बजाज, महिला उद्यमी सुनीता देवी सहित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।





# एलन मस्क फिर दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी: 15.4 लाख करोड़ की नेटवर्थ के साथ अरनॉल्ट को पछाड़ा, मुकेश अंबानी का 10वां नंबर

**वॉशिंगटन।**
टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की पोजीशन फिर से हासिल कर ली है। टेस्ला के शेयर 5.5प्रतिशत बढ़कर 207.63 डॉलर पर पहुंच गए है जिस कारण मस्क की नेटवर्थ बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेयनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मस्क की कुल नेटवर्थ 187.1 बिलियन डॉलर (करीब 15.4 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई वितॉ मोएट हेनेसी के बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 185.3 बिलियन डॉलर (करीब 15.32 लाख करोड़ रुपए) है। अरनॉल्ट ने मस्क को दिसंबर के मिड में नंबर 1 की पोजीशन से हटाया था। तब से वो टॉप पर बने हुए थे। अरनॉल्ट को मॉडर्न लग्जरी फैशन इंडस्ट्री का गॉडफादर माना जाता है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ही इकलौते भारतीय हैं जो बिलेनियर्स की टॉप टेन लिस्ट में शामिल हैं। अंबानी अमीरों की लिस्ट में 10वें नंबर पर हैं।


**इस साल 90प्रतिशत बढ़ा टेस्ला का शेयर** – इस साल टेस्ला के शेयर में 90प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जनवरी में शेयर की कीमत 108 डॉलर तक गिर गई थी। अब ये 207 डॉलर पर है। स्टॉक प्राइस डाउन होने के कारण साल की शुरुआत में मस्क की नेटवर्थ 137 बिलियन डालर (करीब 11.33 लाख करोड़ रुपए) थी। अक्टूबर 2022 में हुई ट्विटर डील के बाद से ही मस्क की नेटवर्थ में गिरावट देखी जा रही थी। 8 नवंबर को मस्क की नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर (16.5 लाख करोड़ रुपए) से नीचे आई गई थी।

**2021 में मस्क की नेटवर्थ 27.95 लाख करोड़ रुपए थी** – टेस्ला के शेयरों में तेजी के बाद नवंबर 2021 में मस्क दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी बने थे। उन्होंने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया था। 5 नवंबर 2021 को मस्क की नेटवर्थ 338 बिलियन डॉलर (करीब 27.95 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई थी। तब टेस्ला के एक शेयर की कीमत 400 डॉलर से ज्यादा थी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ही इकलौते भारतीय है जो बिलेनियर्स की टॉप टेन लिस्ट में शामिल है। 81.1 बिलियन डॉलर (6.70 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ अंबानी 10वें नंबर पर है। लिस्ट में तीसरे नंबर पर जेफ बेजोस, चौथे पर बिल गेट्स और पांचवें पर वॉरेन बफे हैं। एक समय लिस्ट में तीसरे नंबर तक पहुंचने वाले भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी 37.7 बिलियन डॉलर (करीब 3.11 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 32वें नंबर पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत-यूरोपीय देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता गेम चेंजर साबित होगा, विदेश मंत्री ने बताई अहमियत




**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने मंगलवार को इंडिया यूरोप बिजनेस एंड सस्टेनेबिलिटी कॉन्कलेव के दौरान कहा कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता गेम चेंजर साबित होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि स्थिरता लाने में बिजनेस की प्राथमिक भूमिका होती है। भारत और यूरोप बहुपक्षीय, भू-राजनैतिक और सुरक्षा चिंताओं में विश्वास रखते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यूरोप, भारत का सबसे बड़ा और अहम व्यापार साझेदार है। भारत की व्यापार समझौतों को लेकर नई सोच, गुणवत्ता, व्यापारिक बाधाओं से परे है। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में भारत ही एकमात्र तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी। डॉ. जयशंकर ने कहा कि जब ग्रीन ट्रांजिशन की बात आती है तो अक्षय ऊर्जा भारत और यूरोप के रिश्तों के लिए अहम है। हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भविष्य में फायदा मिलेगा। अक्षय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के मामले में भारत का तीसरा स्थान है। बता दें कि इंडिया यूरोप बिजनेस एंड सस्टेनेबिलिटी कॉन्कलेव की मंगलवार से शुरुआत हुई है और यह एक मार्च 2023 तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि साल 2021 में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच 88 बिलियन डॉलर पाउंड का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। यह भारत के कुल व्यापार का 10 फीसदी के करीब है। अमेरिका (11.6 फीसदी) और चीन (11.4 फीसदी) के बाद भारत द्वारा सबसे ज्यादा उत्पादों का निर्यात यूरोपीय यूनियन के देशों को ही किया जाता है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच होने वाले व्यापार में बीते एक दशक में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूरोपीय देशों से साल 2020 में करीब 87 बिलियन पाउंड का निवेश आया जो कि 2017 के 63 बिलियन पाउंड से ज्यादा है। इस तरह यूरोपीय यूनियन भारत में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। हालांकि यूरोपीय यूनियन के देशों ने चीन में 201 और ब्राजील में 263 बिलियन पाउंड का निवेश किया हुआ है जो कि भारत के मुकाबले बहुत ज्यादा है। यूरोपीय यूनियन की करीब छह हजार कंपनियां भारत में काम कर रही हैं और इनसे 1.7 मिलियन लोगों को नौकरी मिली हुई है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से करीब 50 लाख लोगों को रोजगार मिलता है।

### पिज्जा-पास्ता के शौकीन हुए परेशान, 400 रुपये किलो पार पहुंचा भाव, ब्रिटेन से टमाटर गायब



**लंदन।** ब्रिटिश लोग फिलहाल टमाटर, खीरा और मिर्च जैसी सब्जियों की तंगी का सामना कर रहे हैं। कई इलाकों में तो सब्जियों की दुकानों पर कई दिन से टमाटर नहीं पहुंचे हैं। जहां, पहुंच भी रहे हैं वहां टमाटर के भाव बहुत बढ़े हुए हैं। ब्रिटेन में ऑनलाइन सब्जियों के ऑर्डर लेकर डिलिवरी करने वाली कई वेबसाइटों पर टमाटर के भाव 400 रुपये प्रतिकिलो तक हैं। पिछले सप्ताह बुधवार को ब्रिटेन के सभी बड़े सुपरमार्केट समूहों ने ग्राहकों के सलाद खरीदने पर सीमा भी लागू कर दी थी। इसे लेकर ब्रिटिश खाद्य आपूर्ति मंत्री थेरिसी कॉफे ने लोगों से कहा है कि जब तक टमाटर नहीं मिलें, शलजम खाकर काम चलाएं। इसे लेकर कॉफे ने कहा कि हमें देश की विशेष परिस्थितियों का खयाल रखने की जरूरत है। इस वक्त टमाटर और खीरा के बारे में सोचने के बजाय परंपरागत कंद जैसे शलजम खाने चाहिए, जो इस मौसम में ब्रिटेन में भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। कम उत्पादन बना वजह : ब्रिटेन और नीदरलैंड्स में बिजली की कीमतें बढ़ने की वजह से ज्यादातर ग्रीनहाउसों में सर्दियों के दौरान इन सब्जियों का उत्पादन बहुत कम हो गया है। दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका से आपूर्ति कम होने की वजह से ऐसे हालात हैं। चालू वित्त वर्ष में देशवासियों पर 735 अरब रुपये का अतिरिक्त बोझ डालने के बावजूद पाकिस्तान के संघीय बजट घाटे के अनुमान को संशोधित कर इतिहास के उच्चत्म स्तर 62.2 खरब रुपये कर दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस अस्थिर स्तर ने पाकिस्तान को बुरी स्थिति में धकेल दिया है, जहां ऋण पुनर्गठन ही एकमात्र व्यवहार्य विकल्प दिखाई देता है। रिपोर्ट के मुताबिक, संशोधित घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 प्रतिशत के बराबर है। संशोधित अनुमान 17 खरब रुपये अथवा 37 फीसदी है।

## सरकार की स्मार्टफोन पीएलआई स्कीम का असर

# 19 महीने में एपल ने भारत में 1 लाख से ज्यादा लोगों को दी नौकरियां

**नई दिल्ली।**
पिछले 19 महीनों में 1 लाख से ज्यादा न्यू डायरेक्ट जॉब्स देने के बाद एपल अब इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में ब्लू कॉलर जॉब्स का सबसे बड़ा क्रिएटर बन गया है। यह जॉब्स भारत में एपल के की-वेंडर्स और कम्पोनेंट सप्लायर्स के इकोसिस्टम द्वारा क्रिएट की गईं, जो सरकार की स्मार्टफोन प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत आईफोन्स की मैन्युफेक्चरिंग करते हैं।

**एपल के 3 वेंडर्स ने मिलकर 60प्रतिशत नए जॉब्स क्रिएट किए** – अगस्त 2021 में पीएलआई स्कीम के लागू होने के बाद से 19 महीनों में ही यह नई 1 लाख से ज्यादा जॉब्स क्रिएट हुई हैं। एपल को असेंबल करने वाले तीन वेंडर्स फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन हैं। इन तीनों वेंडर्स ने मिलकर 60प्रतिशत नए जॉब्स क्रिएट किए हैं। यह आंकड़ा तीनों वेंडर्स के सेकंड ईयर कमिटमेंट से ज्यादा है। वेंडर्स ने पीएलआई स्कीम के तहत 7,000 नए जॉब्स जनरेट करने का दावा किया था। फाइनेंशियल ईयर में एक महीना बाकी है, उम्मीद है कि कुछ हजार और जॉब्स जनरेट होंगी। बची हुई जॉब्स एपल के इकोसिस्टम ने जनरेट की हैं, जिसमें कम्पोनेंट्स और चार्जर्स के सप्लायर्स शामिल हैं। इन सप्लायर्स ने 40 हजार एडिशनल जॉब्स जनरेट की हैं और इनमें टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, सालकॉम्प पीएलसी, एवेरी, फॉक्सलिंक, सुनवोडा और जाबिल जैसे नाम शामिल हैं।

**फॉक्सकॉन ने 35,500 जॉब्स दिए हैं** – यह डेटा तीनों वेंडर्स और एपल के इकोसिस्टम में शामिल कंपनियों पर बेस्ड है। जिन्हें सरकारी अथॉरिटीज के साथ रेगुलर बेसिस पर एंप्लॉयमेंट नंबर्स फाइल करने होते हैं। 1 लाख नई जॉब्स में से तमिलनाडु बेस्ड फॉक्सकॉन जो विशेष रूप से आईफोन बनाती है, उसने सबसे ज्यादा रोजगार दिया है। फॉक्सकॉन ने 35,500 से ज्यादा जॉब्स दिए हैं।

**पेगाट्रॉन ने दिए हैं 14,000 नए जॉब्स** – इसके अलावा तमिलनाडु में ही पेगाट्रॉन है, जिसने इस फाइनेंशियल ईयर में ही प्रोडक्शन शुरू किया है। यह 14,000 नए जॉब्स देने के साथ ही दूसरा सबसे बड़ा



एम्प्लॉयर भी बन गया है। वहीं कर्नाटक बेस्ड विस्ट्रॉन ने 12,800 जॉब्स जनरेट की हैं। हालांकि, एपल की ओर से इन जॉब्स नंबर्स को लेकर अब तक कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। सप्लाई चेन को लेकर सूत्रों का कहना है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, जो मैकेनिकल पार्ट्स के लिए एपल का की-कम्पोनेंट सप्लायर है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी बड़ी संख्या में एम्प्लॉइज को नौकरी पर रखा है। इसके अलावा सालकॉम्प, जैबिल, फॉक्सलिंक और सनवोडा ने साथ मिलकर 11,000 से ज्यादा एम्प्लॉइज को हायर किया है।

**5 सालों में 2 लाख से ज्यादा जॉब्स जनरेट होंगे** – 6 अक्टूबर 2020 को जारी एक सरकारी प्रेस रिलीज के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि स्मार्टफोन पीएलआई स्कीम के तहत 5 सालों में टोटल 2 लाख से ज्यादा डायरेक्ट जॉब्स जनरेट होंगे। यह स्पष्ट है कि इंडस्ट्री यह लक्ष्य प्राप्त करने के रास्ते पर अच्छी तरह से चल रही है, जिसका नेतृत्व ज्यादातर एपल इकोसिस्टम कर रहा है। सरकार ने यह भी अनुमान लगाया है कि हर डायरेक्ट जॉब्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में इन-डायरेक्ट जॉब्स की संख्या लगभग 3 गुना क्रिएट होती है। इस कैलकुलेशन के अनुसार, एपल इकोसिस्टम द्वारा जनरेट डायरेक्टर और इन-डायरेक्ट जॉब्स की कुल संख्या 3 लाख के करीब होगी।

**7 सालों में लगभग 20 लाख जॉब्स जनरेट की गईं** – इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार, 7 सालों में मोबाइल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स और उनके सप्लायर्स द्वारा डायरेक्टर और इन-डायरेक्ट रूप से जनरेट की गईं जॉब्स की कुल संख्या लगभग 20 लाख है। एपल दिसंबर 2022 में एक महीने के भीतर 1 बिलियन डॉलर (8,272 करोड़ रुपए) से ज्यादा मूल्य के आईफोन एक्सपोर्ट करने वाली पहली कंपनी भी है।

इसने अप्रैल-दिसंबर 2022 की 9 महीने की अवधि में 30,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का एक्सपोर्ट किया था, जो देश से एक्सपोर्ट होने वाले टोटल स्मार्टफोन की वैल्यू का 40प्रतिशत है।

### म्यूचुअल फंड में खुदरा निवेशकों की संपत्ति एक साल में नौ फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड में खुदरा निवेशकों की संपत्ति का मूल्य इस साल जनवरी तक 9 फीसदी बढ़कर 23 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। जनवरी, 2022 में यह 21.40 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, संस्थागत निवेशकों की संपत्ति का मूल्य मामूली गिरकर 17.42 लाख करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले 17.49 लाख करोड़ रुपये था। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी में लगातार वृद्धि हो रही है। मूलरूप से खुदरा निवेशक निवेश कर रहे हैं। हर महीने अब इसमें 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम आ रही है। जनवरी में यह 13,856 करोड़ था, जो दिसंबर में 13,573 करोड़ रुपये था।

# अमेरिका-ब्रिटेन के बाद अब कनाडा ने टिकटॉक पर लगाया प्रतिबंध, कर्मचारी नहीं कर पाएंगे इस्तेमाल




**कनाडा।**
**कनाडा सरकार ने शॉर्ट-फॉर्म वीडियो ऐप टिकटॉक को बैन कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार ने यह फैसला साइबर सुरक्षा को देखते हुए लिया है। कनाडा सरकार ने एक बयान में कहा, मंगलवार से प्रभावी रूप से सरकार द्वारा जारी मोबाइल उपकरणों से टिकटॉक एप्लिकेशन को हटा दिया जाएगा। भविष्य में इस ऐप के उपयोगकर्ताओं को एप्लिकेशन डाउनलोड करने से रोक दिया जाएगा। अमेरिका के बाद कनाडा ने डेटा संबंधी चिंताओं को लेकर सरकारी उपकरणों पर टिक्कॉक पर प्रतिबंध लगा दिया है।**

कनाडा सचिवालय के ट्रेजरी बोर्ड के एक बयान के अनुसार, सरकार द्वारा जारी किए गए उपकरणों को टिकटॉक डाउनलोड करने से रोक दिया जाएगा और ऐप के मौजूदा इंस्टॉलेशन को हटा दिया जाएगा। बयान में कहा गया, टिकटॉक की समीक्षा के बाद कनाडा के मुख्य सूचना अधिकारी ने माना कि यह गोपनीयता और सुरक्षा के लिहाज से जोखिम भरा है। ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष मोना फोर्टियर के बयान में कहा गया कि यह निर्णय हमारे अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के अनुरूप है। अमेरिकी संघीय सरकार और यूरोपीय आयोग के साथ सभी ने आधिकारिक नेटवर्क पर प्रबंधित या अनुमति देने वाले उपकरणों पर समान टिकटॉक प्रतिबंधों की घोषणा की है।

टिकटॉक के एक प्रवक्ता ने कहा, हम अपने सरकारी अधिकारियों से मिलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं ताकि हम कनाडाई लोगों की गोपनीयता और सुरक्षा की रक्षा कर सकें, लेकिन इस तरह से टिकटॉक को अलग करना उस साझा लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुछ नहीं करता है। अमेरिका और संबद्ध अधिकारियों द्वारा चिंता व्यक्त की गई कि चीनी सरकार टिकटॉक के उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी सौंपने के लिए मजबूर कर सकती है।

# स्पाइसजेट में 7.5 फीसदी हिस्सेदारी लेगी कार्लाइल एविएशन, 100 मिलियन डॉलर के ऋण पुनगर्ठन पर बनी सहमति




**नई दिल्ली।**
नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट ने कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स के बकाया 10 करोड़ डॉलर को इक्विटी शेयरों और अनिवार्य परिवर्तनीय डिबेंचर (सीसीडी) में पुनगर्ठित किया है। कंपनी ने सोमवार को इसका एलान किया। कंपनी ने जारी बयान में बताया कि कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स अपने कर्ज के बदले में एयरलाइन में 7.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। गौरतलब है कि कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स एक पट्टा कंपनी है। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स को 2.95 करोड़ डॉलर (244.28 करोड़ रुपए) मूल्य के शेयर 48 रुपये प्रति शेयर या सेबी द्वारा तय भाव, जो भी ऊंचा है, पर जारी करने की मंजूरी दी है। इस लेनदेन के बाद कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स के पास स्पाइसजेट की 7.5 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी होगी। इसके साथ ही कार्लाइल को पट्टे की बकाया राशि के बदले कार्गो कंपनी स्पाइसएक्सप्रेस ऐंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड में 6.55 करोड़ डॉलर के अनिवार्य परिवर्तनीय डिबेंचर भी जारी किए जाएंगे। कार्लाइल ने स्पाइसजेट को 13 विमान पट्टे पर दिए हैं। साथ ही बयान में यह भी कहा गया है कि नो-फ्रिल्स कैरियर 2,500 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) मार्ग का भी उपयोग करेगा। स्पाइसजेट के बोर्ड ने एयरक्राफ्ट लीजिंग फर्म कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स को इक्विटी शेयरों और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (सीसीडी) में 100 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक बकाया राशि के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। इस सीसीडी पुनगर्ठित के बारे में स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स द्वारा हमारे यात्री और कार्गो व्यवसाय में हिस्सेदारी लेने से स्पाइसजेट और स्पाइसएक्सप्रेस की क्षमता में बढ़ावा होगा।

# इस साल के मध्य तक महंगी हो सकती है एयरटेल की कॉल दरें, चेयरमैन मित्तल ने कहा- लागत पर रिटर्न बहुत कम

**बार्सिलोना।**
भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने सोमवार को कहा कि दूरसंचार कारोबार में पूंजी पर रिटर्न बहुत कम मिल रहा है इसलिए इस साल के मध्य में कंपनी टैरिफ (कॉल दर) में वृद्धि कर सकती है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में एक सवाल का जवाब देते हुए मित्तल ने कहा कि कंपनी की बैलेंस शीट अच्छी है और उसे ज्यादा पूंजी जुटाने की जरूरत नहीं है।

मित्तल ने कहा कि कंपनी में बहुत ज्यादा पूंजी डाली गई है जिसने बैलेंस शीट को मजबूत बनाया है, लेकिन इस उद्योग में लागत पर रिटर्न बहुत कम मिलता है। इसे बदलने की जरूरत है। हम छोटे तौर पर शुल्क वृद्धि करने जा रहे हैं, जो भारतीय टैरिफ को सही स्थिति में लाने के लिए आवश्यक है। मुझे उम्मीद है कि इस साल के मध्य तक यह वृद्धि हो सकती है।

समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले लोगों पर इस वृद्धि के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा अन्य चीजों



पर किए जा रहे खर्च की तुलना में बढ़ोतरी कम है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन बढ़ गए हैं, किराए बढ़ गए हैं। किसी को कोई शिकायत नहीं है। लोग लगभग न के बराबर भुगतान करके 30 जीबी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मित्तल ने कहा कि हमें देश में एक मजबूत दूरसंचार कंपनी की जरूरत है। भारत का सपना डिजिटल है, आर्थिक विकास पूरी तरह से साकार हुआ है। मुझे लगता है कि सरकार पूरी तरह सचेत है, नियामक सचेत है और लोग भी बहुत जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि वह इस बात से असहमत हैं कि टैरिफ में बढ़ोतरी समाज के निचले तबके के लोगों को प्रभावित कर सकती है।

सुनील भारती मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल ने पिछले महीने आठ सर्किलों में 28 दिनों की मोबाइल फोन सेवा योजना के लिए अपने न्यूनतम रिचार्ज की कीमत लगभग 57 प्रतिशत बढ़ाकर 155 रुपये कर दी थी। कंपनी ने अपने 99 रुपये के न्यूनतम रिचार्ज प्लान को बंद कर दिया, जिसके तहत 200 एमबी डाटा और 2.5 पैसे प्रति सेकंड की दर से कॉल चार्ज लगता था।

पिछले साल कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनी को राहत मिली है। भारती एयरटेल का भारत में मोबाइल औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता 2022-23 की दिसंबर तिमाही के दौरान बढ़कर 193 रुपये हो गया जो दिसंबर 2021 तिमाही में 163 रुपये था, जबकि एयरटेल का अल्पकालिक एआरपीयू लक्ष्य 200 रुपये है। कंपनी सतत संचालन के लिए मूल्य वृद्धि के माध्यम से 300 रुपये के मध्यम से दीर्घकालिक एआरपीयू लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# गौतम अदाणी अमीरों की सूची में 38वें स्थान पर खिसके, बाजार पूंजीकरण 12.38 लाख करोड़ घटा

**नई दिल्ली।**
हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से लगातार शेयरों में गिरावट से अदाणी समूह के मालिक गौतम अदाणी अमीरों की सूची में सोमवार को 38वें स्थान पर खिसक गए। 24 जनवरी को रिपोर्ट आने से पहले वह दूसरे स्थान पर थे। इस अवधि में उनकी संपत्ति 120 अरब डॉलर से घटकर 33 अरब डॉलर रह गई है। फरवरी, 2021 के बाद उनकी संपत्ति का यह निचला स्तर है।

वह आरआईएल प्रमुख मुकेश अंबानी की 83 अरब डॉलर की संपत्ति से अब 50 अरब डॉलर पीछे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 33 दिन में अब तक उनकी कंपनियों के शेयरों में 85प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि शेयरों का मूल्य वास्तविक मूल्य से 85 फीसदी ज्यादा है। इस दौरान अदाणी की कुल 10 कंपनियों के शेयरों की पूंजी अगस्त, 2021 के बाद पहली बार 7 लाख करोड़ से भी नीचे 6.82 लाख करोड़ रुपये रह गई है, जो रिपोर्ट आने से पहले 19.20 लाख करोड़ थी। टीसीएस के 12.19 लाख करोड़ से भी ज्यादा गिरावट अदाणी की कंपनियों में आई है।



**एनसीएलएटी ने अदाणी पोर्ट के प्रस्ताव को सही ठहराया**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कोरबा वेस्ट पावर के कर्ज समाधान के लिए 2019 में पेश अदाणी पावर के प्रस्ताव को सही ठहराने के साथ शापूरजी पलोनजी को लंबित दावों के लिए मध्यस्थता प्रक्रिया में जाने को कहा है। एनसीएलएटी की अहमदाबाद पीठ ने 24 जून, 2019 के आदेश में कर्जदार कंपनी कोरबा वेस्ट पावर के कर्ज समाधान के लिए अदाणी पावर के पेश प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अदाणी के शेयरों में सोमवार को भी भारी गिरावट रही। लगातार गिरावट का असर यह रहा कि समूह की 10 में से अब केवल दो ही कंपनियां ऐसी हैं, जिनका बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। पूंजीकरण के लिहाज से अदाणी समूह अब आईसीआईसीआई समूह से भी पीछे हो गया है जिसकी कुल पूंजी 7.23 लाख करोड़ रुपये रही है।

### समय से पहले आई गर्मी: कूलिंग प्रोडक्ट, सॉफ्ट ड्रिंक्स की डिमांड बढ़ी, फरवरी में 7-25प्रतिशत तक चढ़ी कीमतें



**नई दिल्ली।** इस महीने एसी-फ्रिज की बिक्री 10प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। सॉफ्ट ड्रिंक, दूध से तैयार पेय, पानी और आइसक्रीम भी ज्यादा बिकने लगे हैं। इसके चलते इनके दाम 7-25प्रतिशत बढ़ गए हैं। आगामी महीनों में बिक्री और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में कंपनियों ने उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। दरअसल, देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में दिन का तापमान कई वर्षों का रिकॉर्ड छू रहा है। फरवरी में अमूमन ऐसा नहीं होता। इसके चलते गर्मियों में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ने लगी है। नतीजतन एलजी ने तीन शिफ्टों में काम शुरू कर दिया है। गोदरेज अप्लायंसेस और पैनासोनिक जैसी कंपनियां भी एसी-फ्रिज का प्रोडक्शन 100प्रतिशत तक बढ़ा रही हैं। पेप्सिको: पूरी दुनिया में पेप्सिको की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज ने बीते साल दिसंबर से ही इन्वेंटरी बढ़ाना शुरू कर दिया है। भारत में कंपनी 6 मौजूदा प्लांट्स की क्षमता बढ़ने के साथ-साथ मध्य प्रदेश और राजस्थान में दो नए प्लांट्स भी स्थापित कर रही है। एलजी इंडिया: सीनियर जनरल मैनेजर कुलभूषण भारद्वाज ने कहा, 'महंगाई के बावजूद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की मांग नहीं घटी। इस बीच गर्मी जल्द शुरू होने से बिक्री 10प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी हैं। ऐसे में हमने उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। गोदरेज अप्लायंस: बिजनेस हेड और एक्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि बीते साल के मुकाबले इस वर्ष गर्मियों में सभी कूलिंग अप्लायंसेस की बिक्री करीब 40प्रतिशत बढ़ेगी। पैनासोनिक: पैनासोनिक मार्केटिंग इंडिया के एमडी फूमियासू फुजिमोरी के मुताबिक, अप्रैल 2022 से अब तक एसी और फ्रिज जैसे कूलिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री 35प्रतिशत बढ़ी है। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ इसमें और तेजी के आसार हैं। एफएमसीजी कंपनियां भी बढ़ाने लगीं उत्पादन एसी-फ्रिज जैसे व्हाइट गुड्स के साथ ही एफएमसीजी प्रोडक्ट्स का भी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। कंसल्टेंसी फर्म रेडसीर के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा, '2023 में गर्मियों में इस्तेमाल होने वाले कुछ प्रोडक्ट्स की तगड़ी बिक्री की उम्मीद है।' ये नोट हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, आईटीसी और स्पेंसर्स रिटेल जैसी कंपनियों की बिक्री के आउटलुक पर आधारित है।

# जी सिनेमा अवार्ड: सेलेब्स ने लगाया ग्लैमर का तड़का

## -आलिया ने स्टेज पर नंगे पैर किया दमदार डांस



**मुंबई (ईएमएस)।** रविवार की शाम मुंबई में जी सिनेमा अवार्ड 2023 आयोजन किया गया। इस मौके पर रेड कार्पेट पर बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत के कई सेलेब्स ने ग्लैमर का तड़का लगाया। मां बनने के बाद एक्ट्रेस पहली बार रेड कार्पेट पर शामिल हुई। इस दौरान आलिया बेहद खूबसूरत नजर आई। एक्ट्रेस ने एक स्टाइलिश सी-ग्रीन ड्रेस पहनी थी और इसे नेकपीस के साथ एक्सेसरीज किया था। उसका ऑन-पॉइंट मेकअप और मिलियन-डॉलर की स्माइल उनके लुक को कॉम्पलीमेंट कर रहा था। इस अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू पर डांस परफॉर्म भी दी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देख सकते हैं आलिया गंगूबाई काठियावाड़ी के लुक में नजर आ रही है। उन्होंने व्हाइट साड़ी और बालों का बन बनाया हुआ है। आलिया भट्ट साड़ी पहनकर नंगे पांव ही नाटू-नाटू गाने पर आयुष्मान खुराना के डांस करती नजर आ रही है। इस परफॉर्मेंस में आयुष्मान खुराना के भाई अपारशक्ति खुराना भी उनके साथ नजर आए। इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- आलिया भट्ट का एनर्जी लेवल फीमेल रणवीर सिंह जैसा है। इस दौरान शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना, कियारा आडवाणी, बॉबी देओल और आलिया भट्ट समेत कई हस्तियां शामिल हुई।

# शादी के बाद सिद्धार्थ-कियारा लौटे काम पर

## -शादी के बाद पहली बार काम से दिखाई अपनी झलक




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दोनों शादी करने के बाद अपने-अपने काम पर वापस आ गए हैं। कियारा ने आज ही शादी के बाद पहली बार काम से अपनी झलक दिखाई है।जबकि सिद्धार्थ मल्होत्रा ने दो दिन पहले शहर में एक परफ्यूम लॉन्च इवेंट में शादी के बाद अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। कियारा ने शेयर किया कि वह आज काम पर वापस आ गई हैं। उन्होंने एक बूमरैंग वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें अपनी वैनिटी वैन में तैयार होते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि वह आईने में देख रही हैं। जबकि वह क्या शूटिंग कर रही हैं, इसकी डिटेल शेयर नहीं किया है, नई दुल्हन ने आज काम फिर से शुरू कर दिया है। कियारा, कार्तिक आर्यन के साथ सत्यप्रेम की कथा और एस शंकर की निर्देशित राम चरण के साथ आरसी 15 की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने भूल भुलैया 2 के बाद फिर से कार्तिक के साथ काम किया, जो पिछले साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। सिद्धार्थ और कियारा की शादी के बाद ऐसी अफवाहें थीं कि करण जौहर ने इस जोड़े के साथ तीन फिल्मों का करार किया है लेकिन फिल्म निमार्ता ने इन खबरों का खंडन किया था। इस बीच, सिद्धार्थ को रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स में देखा जाएगा। दोनों ही शादी के बाद अपने काम पर लौट आए हैं और पहले की तरह ही लोग उन्हें दोबारा देखने के लिए काफी एक्साइटेड भी हो रहे हैं। मालूम हो कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस पूरे महीने शहर में चर्चा का विषय रहे हैं और 7 फरवरी को जैसलमेर में शादी करने वाले कपल अब भी चर्चे में ही बने हुए हैं। इस जोड़ी ने सूर्यगढ़ पैलेस में एक प्राइवेट शादी की, जिसके बाद वे सिद्धार्थ के घर गृह प्रवेश के लिए दिल्ली गए। 12 फरवरी को उन्होंने इंडस्ट्री से अपने दोस्तों के लिए मुंबई में एक ग्रैंड रिसेप्शन भी दिया।

# पार्टी से निकलते वक्त कश्मीरा हो गई रोमांटिक



पॉपुलर रिएलिटी शो बिग बॉस 16 की पार्टी में कृष्णा अपनी वाइफ और एक्ट्रेस कशमीरा के साथ पहुंचे थें। पार्टी से निकलते वक्त कश्मीरा इतनी रोमांटिक हो गई किं, उन्होंने कृष्णा को गाल पर किस किया, लेकिन इस्के बाद उन्होंने पति कृष्णा के साथ लिप लॉक कर लिया। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इस दौरान कश्मीरा ने पैपराजी को जम कर पोज भी दिए। साथ ही कश्मीरा ने बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट प्रियंका चहर चौधरी संग भी फोटो क्लीक कराई। बता दें कि, कश्मीरा बिग बॉस 16 के तुरंत बाद आने वाला कॉमेडी चैट शो बिग बज में नजर आईं थी। इस शो में बिग बॉस 16 से इविक्ट हुए कंटेस्टेंट्स को बुलाया जाता था, और उन्हें रोस्ट किया जाता था। इस शो को कृष्णा होस्ट कर रहे थे। मालूम हो कि शो बिग बॉस 16 अब खत्म हो चुका है।

# फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का दूसरा गाना बिल्ली-बिल्ली का प्रोमो आया सामने



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' तैयार है। फिल्म का दूसरा गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। सोमवार को सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर बिल्लियों की एक छोटी-सी क्लिप पोस्ट की और बताया गाना 'बिल्ली बिल्ली' 2 मार्च को रिलीज होगा। नय्यो लगदा के बाद सलमान खान दर्शकों के लिए बिल्ली बिल्ली नाम का एक गाना लाने जा रहे हैं। यह अभिनेता और गायक सुखबीर के बीच पहला कोलिब्रेशन है। उन्होंने नए गाने की पहली झलक अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं। फिल्म ईद 2023 पर रिलीज होने वाली है।

# भाग्यशाली हूं, यश अंकल ने कलाकार ही नहीं, एक ससुर के रूप में भी सिखाया : रानी मुखर्जी


## -डाक्यूमेंट्री-सीरीज द रोमांटिक्स की चर्चा करते हुए रानी ने दिग्गज फिल्म निर्माता यश चोपड़ा के लिए कहीं दिल की बात



**मुंबई (ईएमएस)।** नेटफ्लिक्स की बहुचर्चित डाक्यूमेंट्री-सीरीज द रोमांटिक्स को 14 फरवरी को सर्वसम्मति से प्रशंसा और प्यार के साथ रिलीज किया गया, जो यश चोपड़ा, यश राज फिल्म्स की विरासत और पिछले 50 वर्षों से भारत और भारतीयों पर इसके सांस्कृतिक प्रभाव को एक श्रद्धांजलि है। यश चोपड़ा और यश राज फिल्म्स के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्यार मिलना स्पष्ट था, क्योंकि रिलीज होने के 48 घंटों के अंदर ही रोमांटिक्स नेटफ्लिक्स पर नंबर-1 ट्रेंडिंग शीर्षक बन गया था, एक डाक्यूमेंट्री के लिए यह एक दुर्लभ उपलब्धि है। प्रशंसित डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में रानी मुखर्जी शामिल हैं, जो कहती हैं कि वह न केवल एक फिल्म निमार्ता और एक गुरु के रूप में यश चोपड़ा को पाकर भाग्यशाली महसूस कर रही थीं, जिन्होंने उन्हें एक कलाकार के रूप में बल्कि एक ससुर के रूप में भी सिखाया है। रानी कहती हैं कि बचपन से ही मेरी पसंदीदा फिल्मों की मेरी स्मृति सिर्फ और सिर्फ यश चोपड़ा ने ही निर्देशित की थी, उनका नाम रोमांस का पर्याय था। शिफॉन की सफेद साड़ी पहने महिलाएं, बर्फ से ढके पहाड़, मनमोहक स्थान, खूबसूरती से तैयार किए गए शॉट्स, अभिनेत्रियों के लुभावने खूबसूरत क्लोज-अप, बेहद रोमांटिक दृश्य, और उत्कृष्ट संगीत और नृत्य, ये सभी यश चोपड़ा की फिल्मों के भाग थे, जो बचपन से ही मेरे दिमाग में बैठे हुए थे। चांदनी और लम्हे हमेशा से मेरी पसंदीदा रही हैं। प्रतिष्ठित अभिनेत्री रानी ने कहा कि जब मैं इस प्रोफेशन में आई और मैंने उन्हें एक इंसान के रूप में व्यक्तिगत रूप से जाना, तो मुझे पता चला कि वह सिर्फ एक फिल्म निमार्ता से कहीं ज्यादा हैं, वह बिल्कुल अनोखे व्यक्ति थे।

उनका एक अनेक गुणों वाला और प्रतिभाशाली फिल्म निमार्ता होना स्वाभाविक था, लेकिन वास्तव में मुझे उस समय बहुत प्रेरणा मिली, जब मैं इस महान व्यक्तित्व के पीछे के व्यक्ति से मिली। जमीन से जुड़े हुए, विनम्र, खुशमिजाज और इतने सम्मानित। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर बहुत अच्छा था। वह हमेशा किसी भी मिलन-समारोह या उत्सव में पसंदीदा व्यक्ति होते थे। उनके पास यह चुंबकीय ऊर्जा थी, जो हमेशा हम सभी को अपनी ओर खींचती रहती थी, वह जीवंत थे और हमेशा उनके आसपास रहने में मजा आता था। वह कभी भी द यश चोपड़ा होने के अपने विशाल व्यक्तित्व को अपने अस्तित्व में नही लाए। रानी ने कहा कि इतने सालों में मैंने उनके साथ एक व्यक्तिगत संबंध बना लिया था। जब मैंने द रोमॉटिक्स पहली बार देखी तो मेरे पास इस बात का पूरा परिप्रेक्ष्य था कि यश अंकल को क्या स्पेशल बनाता है। मैं सच में मानती हूं कि यह उनके जीवन पर पैम आंटी का प्रभाव था, जिसने उन्हें रिश्तों को समझने और उस पहलू को पर्दे पर कैद करने में इतना उल्लेखनीय बना दिया। उनकी मौजूदगी ने उनके रोमांस की शैली में इतना प्यार और गर्मजोशी को ला दिया था, जिस्की वजह से वह इतने सम्मानित थे।

# हेराफेरी-3 के साथ वापसी करेंगे अक्षय कुमार



हाल ही में खबर आई कि अक्षय कुमार अपनी कल्ट फेंचाइजी हेरा फेरी 3 के साथ वापसी करने वाले हैं। साल में 5 से 6 फिल्में करने वाले अक्षय कुमार भला इस साल खाली कैसे बैठ सकते हैं। जी हां, अपने फैंस को एंटरटेन करने के लिए अब अक्षय कॉमेडी का डोज वेलकम का भी तीसरा पार्ट लाने की तैयारी में हैं। साल 2007 में आई वेलकम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। वहीं साल 2015 में इसके सीक्वल ने भी लोगों को खूब हंसाया था। अब वेलकम 3 के तीसरे पार्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि फिल्म वेलकम 3 यानी वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के साथ अरशद वारसी और संजय दत्त की जोड़ी भी कॉमेडी का तड़का लगाती नजर आएगी। हालांकि, अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। खबर है कि जैसे ही फिल्म हेराफेरी 3 सिनेमाघरों में रिलीज होगी, वैसे ही वेलकम टू द जंगल की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी।

# वेब सीरीज द नाइट मैनेजर की हो रही खूब चर्चा

## -लड़कियां आदित्य की परफॉर्मेंस पर मर मिटी




**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही एक्टर आदित्य रॉय कपूर जब कुछ फैन्स से मिल रहे थे तो एक महिला सेल्फी लेने के बाद उन्हें जबरदस्ती किस करने की कोशिश करती नजर आई। यह देख कर खुद आदित्य भी शॉक्ड रह गए थे। इस पर अब आदित्य रॉय कपूर का रिएक्शन आया है। आदित्य ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इससे ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ। यह कुछ ऐसा था जिसे मुझे उस समय सही तरीके से संभालना था। वह बहुत स्ट्रॉन्ग थी। इसे उसी तरह से देखें और इस इसलिए मुझे उन्हें हैंडल करना पड़ा। लेकिन मैं इसे समझ सकता हूं। मैं इसे उस नजर से नहीं देखता जहां मैं इसकी आलोचना करूं या इसे गलत कहूं। मैं इसे समझ सकता हूं। यह उनका अपनी फीलिंग्स इजहार करने का तरीका था। शायद वह उसी तरह से एक्सप्रेस करना चाहती थीं। उस पल बस मुझे यही लगा कि मुझे इसे संभालने की जरूरत है। लेकिन ऐसा नहीं है कि इस घटना की वजह से मेरी नींद उड़ गई या फिर इस बारे में ज्यादा ही सोचा। यह घटना तब की है जब हाल ही आदित्य रॉय कपूर द नाइट मैनेजर की स्क्रीनिंग में पहुंचे थे। तब एक फीमेल फैन ने न सिर्फ आदित्य के ज्यादा करीब जाने की कोशिश की, बल्कि सेल्फी के बाद किस करने की गुजारिश करने लगी। वह आदित्य को पकड़कर खींचने लगी, लेकिन एक्टर ने जैसे-तैसे बिना संयम खोए उस स्थिति को संभाला। बात करें द नाइट मैनेजर की, तो इसमें आदित्य ने शान कपूर नाम का लीड रोल प्ले किया। यह इसी नाम की ब्रिटिश सीरीज का हिंदी रीमेक है। ब्रिटिश सीरीज में नाइट मैनेजर का रोल हॉलीवुड स्टार टॉम हिडलस्टन ने निभाया था। हिंदी वाले द नाइट मैनेजर को संदीप मोदी ने डायरेक्ट किया है। इसमें आदित्य और अनिल कपूर के अलावा शोभिता धुलिपाला, रवि बहल और शाश्वत चटर्जी भी नजर आए। मालूम हो कि इन दिनों वेब सीरीज द नाइट मैनेजर की खूब चर्चा हो रही है। इसमें अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोरदार परफॉर्मेंस ने हर किसी का दिल जीत लिया था। लड़कियां तो आदित्य की परफॉर्मेंस पर मर मिटी हैं। सोशल मीडिया पर फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। आदित्य भी फैन्स के इस बेशुमार प्यार से बहुत खुश हैं।

# कर्टनी ने हॉट अंदाज शेयर की तस्वीरें



हाल ही में फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस कर्टनी ने अपनी कुछ हॉट अंदाज की तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। फैंस उनकी इन फोटोज को खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में कर्टनी ब्लैक ट्रांसपेरेंट आउटफिट के साथ पर्पल स्वेटर पहने दिख रही हैं। डीप नेक में एक्ट्रेस के क्लीवेज साफ नजर आ रहे हैं। न्यूड मेकअप और खुले बालों से कर्टनी ने अपने लुक को कंप्लीट किया है। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो कर्टनी को आखिरी बार फिल्म हिज आल दैट में देखा गया था। इसमें एक्ट्रेस के काम को खूब पसंद किया गया था। मालूम हो कि हॉलीवुड एक्ट्रेस कर्टनी कार्दशियन सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

# गंगूबाई काठियावाड़ी का एक साल पूरा



बालीवुड की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को एक साल पूरा हो गया है। पिछले साल रिलीज हुई गंगूबाई काठियावाड़ी में गंगूबाई के किरदार से आलिया ने लोगों का खूब दिल जीता था। फिल्म को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इस मौके पर उन्होंने एक खास पोस्ट शेयर किया है, जो लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज के 1 साल पूरे होने पर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों व्हाइट आउटफिट में नजर आ रहे हैं। फोटो शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- हमारी गंगू का एक साल.#गंगूबाईजिंदाबाद #गंगूवालासफेद. फैंस आलिया के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। बता दें, गंगूबाई काठियावाड़ी की सफलता के बाद, आलिया और संजय लीला भंसाली एक बार फिर बैजू बावरा के लिए साथ आने को तैयार हैं। फिल्म में एक्ट्रेस रणवीर के साथ अहम भूमिका में नजर आएंगी।

## सूडोकु नवताल- 6357

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6356 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## शब्दजाल - 7104

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | ब | न | र | क |
| र | बा | बु | ल | आ | वा | जी | द | इ | ल | ल |
| म | व | दे | पू | ह | जी | स्म | न | का | क | हो |
| म | ची | न | श | ट | ज | प | म | पा | त | न |
| सा | त | ई | पा | में | व | खें | न | भा | र्क | का |
| ला | मे | म | सु | प | गं | र | न | ई | र | बु |
| श | जं | र्म | मे | ता | क | सा | या | न | ज | ल |
| क | क | ग | ए | सं | ज | प | र | ली | न | ए |
| ब्रे | बो | र्न | य | त | चि | क | री | जि | प | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | ट | न्दा | ता | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में जॉन अब्राहम की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

बाबुल, काबुल एक्सप्रेस, जिन्दा, गरम मसाला, काल, कर्म, एतबार, साया,पाप, जिस्म.

### शब्दजाल - 7103 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | मा | प | र | वा | ना | न | ह | क | र |
| हा | म | सू | ह | त | ल | जी | स | ल | मी | ज |
| ग | वी | रा | द | अ | था | त | र | ज | ल | टी. |
| द | र | दा | ज | ल | क | स्तु | ओ | र | सु | अ |
| र | आ | न | ष | ल | म | मी | छ | झे | नो | न |
| प | मी | प | स | जि | स्वा | क | प | ह | स | क |
| के | ह | बु | की | टी | म | मी | टे | न | सु | ही |
| न | पू | सु | पा | खा | पं. | सौ | ल | ब | र | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ती | ने | ने | व | जी | त |
| वा | दा | म | ब | फा | दी | र | ह | ल | क | थ |
| म | ह | न | प | द | य | ह | है | ज | ल | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6057

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 1 | | 3 | | 4 |
| | 31 | | 31 | | 28 | |
| 4 | 5 | 3 | 6 | | | 7 |
| | 27 | | 33 | | 39 | 5 |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | 31 | | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 6 | | 4 | 3 | 2 | | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6056 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 34 | 6 | 31 | 6 | 33 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 31 | 5 | 32 | 7 | 38 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने शादी की : महाराष्ट्र के कर्जत में हुई वेडिंग सेरेमनी, पत्नी रितिका के साथ पहुंचे रोहित; श्रेयस ने डांस किया

**मुंबई।**

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से शादी कर ली है। ठाकुर ने महाराष्ट्र के कर्जत में शादी की। रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा समारोह में शामिल हुए। रोहित के साथ पत्नी रितिका भी पहुंचीं। मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम के कोच अभिषेक नायर और कई दूसरे प्लेयर भी शार्दूल के विवाह समारोह में शामिल हुए।

**श्रेयस अय्यर का डांस** – इस दौरान शार्दूल के टीममेट श्रेयस अय्यर डीजे की धुन पर डांस करते नजर आए। रोहित और मुंबई टीम के दूसरे प्लेयर्स ने भी संगीत सेरेमनी में डांस किया।

**झिंगाट पर झूमे थे शार्दूल** – शार्दूल की हल्दी सेरेमनी 25 फरवरी को हुई थी। 26 को संगीत सेरेमनी के दौरान उन्होंने सैराट फिल्म के झिंगाट गाने पर डांस किया था। संगीत सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने भी डांस किया।

**मराठी रीति-रिवाज से हुई शादी** – 31 साल के शार्दूल ने मराठी रीति-रिवाज से शादी की। मिताली और शार्दूल मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। ठाकुर परिवार और दोस्तों के साथ डांस करते भी दिखे। इंटरनेट पर दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ उनके फोटोज भी वायरल हुए।

**कौन हैं मिताली** – मिताली बिजनेसवुमन हैं। उन्होंने द बेक्स कंपनी की स्थापना की। ये मुंबई और ठाणे में है। उनकी कंपनी बेकरी आइटम्स सप्लाई करती है। 2020 में मिताली ने ऑल द जैज- लग्जरी बेकर्स कंपनी भी खोली थी। इस पर भी बेकरी आइटम्स की बिक्री होती है।

**गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्लान था** – रिपोर्ट्स के अनुसार, शार्दूल और मिताली गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले थे, लेकिन शार्दूल की क्रिकेट में व्यस्तता के बाद दोनों ने महाराष्ट्र में ही शादी की। शादी में 250 से 300 रिश्तेदारों को ही बुलाया गया। मुंबई में ही रिसेप्शन रखा जाएगा। मिताली ने बताया था कि शार्दूल मुंबई में लीग क्रिकेट खेलने में व्यस्त थे। 24 फरवरी को आखिरी मैच खेलने के बाद 25 को ही वह परिवार के साथ जुड़ सके।

**राहुल, अक्षर ने भी पिछले दिनों की शादी** – भारतीय क्रिकेट टीम के तीसरे खिलाड़ी ने पिछले कुछ दिनों में शादी की है। शार्दूल से पहले बैटर केएल राहुल ने 23 जनवरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी संग विवाह किया। राहुल के बाद ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 26 जनवरी को मेहा पटेल संग सात फेरे लिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### वानखेड़े स्टेडियम में लगेगा सचिन तेंदुलकर का स्टैच्यू: नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान होगा अनावरण, इसी मैदान पर तेंदुलकर ने खेला था आखिरी इंटरनेशनल मैच



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बड़ा फैसला लिया है। एसोसिएशन मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर का स्टैच्यू लगाने जा रहा है। सचिन 24 अप्रैल को 50 साल के होने जा रहे है। साथ ही इस साल नवंबर में उन्हें रिटायर हुए 10 साल भी हो जाएंगे। नवबंर 2013 में वानखेड़े स्टेडियम में सचिन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। वानखेड़े में मास्टर ब्लास्टर का स्वर्ण जयंती साल मना रहा है, और स्टैच्यू सेलिब्रेशन का एक हिस्सा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन स्टैच्यू का अनावरण 2023 वर्ल्ड कप के दौरान किया जाएगा।

अमोल काले ने कहा कि वानखेड़े स्टेडियम में पहली बार किसी का स्टैच्यू लगेगा। स्टैच्यू सचिन का क्रिकेट में योगदान की याद दिलाएगा। वे भारत रत्न है। मैंने उनसे तीन हफ्ते पहले बात की थी और उनकी सहमति मिल गई थी। स्टैच्यू बनने पर सचिन तेंदुलकर ने कहा कि, मुझे बहुत खुशी हो रही है। 1998 में वानखेड़े में यह सब शुरू हुआ। यहीं मैंने अपना पहला रणजी मैच खेला। मेरे प्रोफेशनल प्लेयर बनने से अफ्ले यहीं कोच आचरेकर सर ने मुझे फटकार लगाई थी और उसके बाद से मैं एक सीरियस क्रिकेटर बन गया। ये मेरे लिए बहुत खास जगह है इस जगह से मेरी बहुत ही खास यादें जुड़ी हुई हैं। मेरे लिए वानखेड़े स्टेडियम में मेरा स्टैच्यू बनना बहुत बड़ी बात है। 2011 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ही खेला गया था। यहां भारत ने श्रीलंका को हरा कर कई मिथक तोड़े थे। भारत पहली ऐसी मेजबान टीम बनी थी, जिसने वर्ल्ड कप जीता था।

### एक विराट कोहली बचा है और तुसी बचे हो, हैरिस रउफ की बाबर आजम के साथ मजेदार बातचीत का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को हर गेंदबाज आउट करना चाहता हैं और



पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हैरिस रउफ ने भारतीय बल्लेबाज व बाबर आजम को आउट करने की इच्छा जताई है। पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें हैरिस रउफ को अभ्यास सत्र के दौरान पेशावर जल्मी के कप्तान बाबर आजम से बातचीत करते हुए देखा गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जब हैरिस रउफ ने बाबर आजम से कहा कि वो किसी भी कीमत पर दो बल्लेबाजों को आउट करना चाहते हैं तो दोनों खिलाड़ी ठहाके लगाने लगे। हैरिस ने बाबर से कहा, चाहे जो हो जाए। मुझे बस आपका विकेट लेना है। सिर्फ कोहली और आप अपवाद बचे हो। विलियमसन को स्लिप में दो बार जीवनदान मिला। मगर मेरे दिमाग में इन 3-4 बल्लेबाजों को आउट करने की बात है। बाबर आजम ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, मगर आपने अभ्यास सत्र में पहले ही मुझे आउट कर लिया है। आप उनको क्यों नहीं मानते रउफ भी हंसे और जवाब दिया, नहीं, मुझे मैच में आपका विकेट लेना है।

### क्रिकेट को पसंद नहीं करती थी दीपिका पल्लीकल

**नई दिल्ली ।** देश की शीर्ष महिला स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल पहले क्रिकेट को पसंद नहीं करती



थी पर आज वह क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी हैं। दीपिका पेशेवर स्क्वैश असोसिएशन महिला रैंकिंग के शीर्ष-10 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी थीं। दीपिका की मां सुसान इत्तिचेरिया भी पूर्व क्रिकेटर रही हैं और उन्होंने भारत के लिए मैच भी खेले हैं। इसके बाद भी दीपिका को क्रिकेट पसंद नहीं था। दीपिका ने कहा कि मैं बहुत मेहनत करती, जीत दर्ज करती, पर इसके बाद भी उन्हें वह लोकप्रियता नहीं मिली जो क्रिकेटरों को मिलती थी। अखबारों में भी क्रिकेटरों की तस्वीरें आती थी। इसी कारण उन्हें क्रिकेट से नफरत सी हो गयी। कार्तिक और दीपिका की पहली मुलाकात 2012 में हुई। दीपिका ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनकी और दिनेश की मां एक दूसरे को जानती थीं। दिनेश ने कई बार मुझे मैसज कर डिनर के लिए पूछा, लेकिन मैंने हमेशा टाल दिया। एक रोज मैं जिम में थी, वहां दिनेश भी आ गए। हम लोगों की कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद एक बार इंग्लैंड में भी मैं खेलने पहुंची थी तब दिनेश भी वहां पहुंच गए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट आज से : स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी

**इंदौर।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। 4 मैचों की सीरीज के 2 मैच जीतकर भारत सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा टेस्ट जीतने के साथ टीम इंडिया लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत लेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया इस मैच को जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगा।

भारत जहां अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम लेकर उतरेगा, वहीं कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया चले गए हैं। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों के हेड-टु-हेड रिकॉर्ड, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन और सीरीज के टॉप परफॉर्मर पर नजर डालेंगे।



### कमिंस की जगह स्मिथ करेंगे कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया लौट गए। वह तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। टीम मैनेजमेंट कमिंस की जगह मिचेल स्टार्क को टीम में शामिल कर सकती है। भारत में स्टार्क का बॉलिंग रिकॉर्ड तो कुछ खास नहीं है, लेकिन बैटिंग से उन्होंने यहां 4 टेस्ट में 263 से रन बनाए हैं। बॉलिंग से उन्हें इस दौरान 7 ही विकेट मिले।

### भारत में हावी टीम इंडिया

घरेलू मैदान पर टेस्ट में टीम इंडिया हमेशा से शानदार परफॉर्म करती आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी घर में दोनों के बीच 52 मैच खेले गए। 23 में भारत और 13 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 15 ड्रॉ रहे। इंदौर में दोनों के बीच कोई टेस्ट मैच नहीं हुआ, लेकिन भारत ने यहां 2 मुकाबले खेले और दोनों में ही जीत हासिल की।

ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 104 टेस्ट खेले गए हैं। 32 में भारत और 43 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 28 ड्रॉ भी रहे।

### पिच रिपोर्ट

इंदौर के होलकर स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। यहां अब तक 2 टेस्ट खेले गए, दोनों में भारत ने पहली पारी में खूब रनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने 557 और बांग्लादेश के खिलाफ 493 रन बनाए। कीवी टीम 5 और बांग्लादेशी टीम भारत के 6 ही बैटर्स को आउट कर सकी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली, तो बांग्लादेश के खिलाफ मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जड़ा था।

इंदौर में एक बार फिर बैटिंग फ्रेंडली पिच मिलने की उम्मीद है। जहां शुरुआती 2 दिन बैटर्स को मदद रहेगी, तीसरे दिन से पिच टूटेगी और आखिरी 2 दिनों में स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद मिल सकती है।

### वेदर कंडीशन

एक मार्च को इंदौर में 19 से 33 डिग्री के बीच टेम्परेचर रहेगा। बारिश नहीं होगी और पांचों ही दिन धूप रहेगी। ठंड लगभग खत्म हो चुकी है, ऐसे में तेज गेंदबाजों को सुबह भी मदद मिलने की उम्मीद कम है।

### रोहित सीरीज के टॉप रन स्कोरर

सीरीज के टॉप परफॉर्मर की बात करें तो बॉलर्स ही टॉप पर हैं। लेकिन, सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार बैटिंग की। सीरीज के 2 मैचों में उनके नाम सबसे ज्यादा 183 रन हैं। इनमें एक शतक भी शामिल है। 158 रन के साथ अक्षर पटेल दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 119 रन बनाए हैं।

### जडेजा-अश्विन से पार नहीं पा सके कंगारू

शुरुआती 2 टेस्ट में भारत के रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने कंगारू बैटर्स को खुल कर खेलने नहीं दिया। जडेजा ने सीरीज के 2 मैचों में 17, तो वहीं अश्विन ने 14 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया से इस सीरीज में डेब्यू करने वाले टॉड मर्फी 10 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। 8 विकेट के साथ नाथन लायन उनके बाद हैं।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

## पावर हिटिंग में महिला क्रिकेटर पीछे

# 120 गेंद में 116 रन बनाती हैं, पुरुष 151 रन; वुमन क्रिकेट में 160 का स्कोर जीत की गारंटी



**मुंबई।**

क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट में पावर हिटिंग सबसे अहम है। इस डिपार्टमेंट में महिलाएं पुरुषों से पिछड़ती नजर आ रही हैं। महिला टीम 120 गेंदों में औसतन 116 रन बना पाती हैं। पुरुष 151 रन बना लेते हैं। प्रति ओवर रन रेट और स्ट्राइक रेट के मामले में भी महिलाएं पीछे ही हैं। हाल में हुए वुमंस टी-20 वर्ल्ड कप के आंकड़ों का एनालिसिस करने पर ऐसे कई अंतर सामने आते हैं। इस स्टोरी में बात इन्हीं स्टैट्स की। वुमंस टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट इंग्लैंड का, पर सेमी में बाहर हुई महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया सभी को पछाड़ते हुए छठी बार चैम्पियन बनी। टी20 फॉर्मेट के हिसाब से बल्लेबाजी में वह टीम सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उसे दूसरी टीमों के कमजोर खेल का फायदा मिला। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 134 की स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाली इंग्लैंड सेमीफाइनल में बाहर हो गई और 123 के स्ट्राइक रेट से खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया ने खिताब बचा लिया। महिला वर्ल्ड कप में प्रति ओवर 6.90 रन बने, पुरुषों में 7.50 रन रेट रहा टूर्नामेंट में 120 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाली केवल यही दो टीमें रहीं। प्रतियोगिता में प्रति ओवर औसतन 6.90 रन बने। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में 16 में से सिर्फ एक टीम (90.96) ने टूर्नामेंट में 100 से कम की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे, जबकि टूर्नामेंट में 7.50 रन प्रति ओवर बने थे। महिला टीमें 5.78 की रन रेट के साथ हर ओवर में 6 रन बनाने में भी संघर्ष करती नजर आती हैं। सबसे सफल महिला टीम ऑस्ट्रेलिया का भी टी20 स्ट्राइक रेट 114 का ही है। इसका कारण स्किल की कमी भी नहीं है, क्योंकि महिला क्रिकेट में 420 पारियों में ऐसे वाकये हो चुके हैं, जब टीमें बिना ऑलआउट हुए 20 ओवर खेलकर भी 100 से कम रन बना पाई।

# राशिद खान ने खेला हेलीकॉप्टर शॉट: 99 मीटर दूर जाकर गिरी गेंद, पीएसएल में लाहौर कलंदर्स ने इस्लमाबाद युनाइटेड को 110 रन से हराया

**लाहौर।**



पाकिस्तान सुपर लीग के खेले गए मैच में ऑलराउंडर राशिद खान ने हेलीकॉप्टर शॉट खेलकर गेंद को 99 मीटर दूर सिक्स के लिए पहुंचाया। हेलीकॉप्टर शॉट पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का पसंदीदा शॉट रहा है। उनके बाद कई क्रिकेटर इस शॉट को खेलते हैं। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान कई बार हेलीकॉप्टर खेलते नजर आए हैं। राशिद खान पीएसएल में लाहौर कलंदर्स की ओर से खेलते हैं। लाहौर कलंदर्स का मैच इस्लमाबाद युनाइटेड के साथ गद्दाफी स्टेडियम में था। लाहौर कलंदर्स की पारी के 19वें ओवर इस्लमाबाद युनाइटेड की ओर से टॉम करन रहे थे। इस ओवर की तीसरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी। गेंद छोटी भी थी। राशिद ने एक पैर को आगे निकालते हुए बल्ले को हेलीकॉप्टर की तरह घुमा गेंद को डीप मिडविकेट और लॉग ऑन के बीच में से छह रनों के लिए खेल दिया। गेंद 99 मीटर दूर जाकर गिरी। राशिद ने इस मुकाबले में 12 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन की पारी खेली। राशिद ने इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और तीन ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट हासिल किया।

### लाहौर कलंदर्स ने इस्लमाबाद युनाइटेड को 110 रन से हराया

लाहौर कलंदर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 200 रन का स्कोर बनाया। लाहौर कलंदर्स की ओर से अब्दुला शाफिक ने 24 गेंदों पर 45 रन और फखर जमान ने 23 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। वहीं इस्लमाबाद युनाइटेड की ओर से टॉम करन ने 3 और शदाब खान ने 2 विकेट लिए। वहीं जीत के लिए 201 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इस्लमाबाद युनाटेड की पूरी टीम 13.5 ओवर में 90 रन पर ढेर हो गई।

# प्रशासन ने मूंदी आंख तो स्थानीय लोगों ने नौ करोड़ के स्टेडियम को बचाने का उठाया बीड़ा, आखिर क्यों हुई यह हालत

**धनबाद।**

धनबाद का पहला सरकारी खेल मैदान हीरक रोड ठाकुरकुल्ही में मेगा स्पोटर्स कांप्लेक्स के नाम से बनकर तैयार है। नौ करोड़ रुपये इस पर खर्च हो चुके हैं। अभी तक इसका हैंडओवर नहीं हो सका है। इसका नतीजा यह निकल रहा है कि हैंडओवर के इंतजार में यह जर्जर हो रहा है, यहां अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता और और यहां-वहां शराब की बोतलें टूटी हुई मिल जाएंगी। इसे बचाने के लिए ठाकुरकुल्ही और स्थानीय युवा आगे आए हैं और ये बड़ी ही अनूठे तरीके से स्टेडियम बचाने की अपील कर रहे हैं। स्टेडियम में जगह-जगह पोस्टरिंग की जा रही है।



**स्थानीय लोगों ने उठाया स्टेडियम की सुरक्षा का जिम्मा** – स्थानीय निवासी सनोज कुमार अपने हाथों में पोस्टर लिए धनबादवासियों से इस स्पोटर्स कांप्लेक्स को बचाने की अपील कर रहे हैं। सनोज ने अपने पोस्टर में लिखा है कि स्टेडियम आने वाले प्यारे साथियों से अनुरोध है कि कृपया अपने साथ ला रहे शराब की खाली बोतलें, खाने का पैकेट और पानी की बोतले अपने साथ ही लेकर जाएं। इसकी वजह से यहां सुबह टहलने वाले लोगों, खिलाड़ियों और मवेशियों को परेशानी हो रही है। टूटी हुई कांच की बोतल से खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं।

**बड़े-बुजुर्ग कर रहे हैं स्टेडियम को साफ रखने की अपील** – कुछ ऐसा 70 वर्षीय रामकुमार बाबू भी हाथों में पोस्टर लिए कहते दिख रहे हैं। रामकुमार बताते हैं कि हमारे समय ऐसा खेल का मैदान नहीं था। आज है तो हमें इसकी देखरेख करनी होगी। लोग आते हैं और इसे गंदा कर चले जाते हैं। इसे बचाने की जिम्मेवारी हमारी है। ठाकुरकुल्ही के लोग और खिलाड़ी हर दिन स्टेडियम पहुंचकर आने-जाने वालों को जागरूक कर रहे हैं। स्टेडियम साफ रखने की अपील कर रहे हैं।

**सूरज अस्त, शराबी मस्त** – भवन प्रमंडल ने 2003 में मेगा स्पोटर्स कांप्लेक्स की नींव रखी थी। उस समय इसकी लागत साढ़े चार करोड़ रुपये थी। स्टेडियम निर्माण का टेंडर मिलने के बाद निर्माण एजेंसी बीच में अधूरा काम छोड़कर भाग गई। 2020 में दोबारा तीन करोड़ 80 लाख रुपये का टेंडर निकाला गया। ठेकेदार ने इसका काम पूरा कर 2022 में हैंडओवर लेने के लिए भवन प्रमंडल को पत्र लिख।

**हैंडओवर को लेकर चल रही फेंकाफेंकी** – भवन प्रमंडल ने यह कहते हुए हैंडओवर लेने से इंकार कर दिया कि स्टेडियम खेल विभाग का है। अब एक-दूसरे पर फेंकाफेंकी हो रही है। स्टेडियम के अंदर 52 कमरे हैं। यहां शाम ढलने के साथ ही शराबियों एवं अराजकतत्वों को जमावड़ा लग जाता है। कमरे के दरवाजे एवं खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कुछ तो गायब हैं।

## न्यूजीलैंड फॉलोऑन के बाद जीतने वाली तीसरी टीम

# दूसरी पारी में 483 रन बनाए, इंग्लैंड को 258 का टारगेट दिया, एक रन से हराया

**वेलिंगटन।**

न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हरा दिया। फॉलोऑन खेलने के बाद जीतने वाली वह दुनिया की तीसरी टीम बनी है। इससे पहले भारत ने 2001 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। इंग्लैंड दो बार यह कारनामा कर चुकी है। उसने 1881 और 1984 में फॉलोऑन खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया। यानी टेस्ट क्रिकेट में फॉलोऑन खेलकर जीतने की घटना 4 बार हो चुकी है।

टेस्ट में एक रन से जीत का इंट्रेस्टिंग फैक्ट: 1993 में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड टेस्ट में एक रन से मात दी थी। इसके 30 साल बाद न्यूजीलैंड ने यह करिश्मा किया है।

**एक नजर में देखिए सीरीज रिजल्ट** – कीवियों की इस जीत के साथ ही दो मुकाबलों की यह सीरीज एक-एक से बराबर हो गई है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रनों से जीता था।

**इंग्लैंड पहली पारी:** वेलिंगटन में 24 फरवरी को शुरू हुए टेस्ट में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। इंग्लैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 87 ओवर में 435 रन का स्कोर खड़ा किया। जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतक लगाए।

**न्यूजीलैंड पहली पारी:** 209 रन बनाए। टिम साउदी हाईएस्ट स्कोरर रहे। उन्होंने 73 रन बनाए। स्टुअर्ट ब्रॉड ने 4 विकेट लिए। एंडरसन और लीच को 3-3 सफलताएं मिलीं। न्यूजीलैंड 226 रन से पिछड़ रही थी और ऐसे में इंग्लैंड ने उसे फॉलोऑन खेलने के लिए बुला लिया।

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी:** कप्तान केन विलियम्सन ने 132 रन बनाए। ओपनर टॉम लाथम ने 83 और कॉनवे ने 61 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल (54) और टॉम बंडल (90) ने भी अर्धशतक बनाए। टोटल 483 रन पहुंच गया।



**इंग्लैंड दूसरी पारी:** टीम को 258 रन का टारगेट मिला। केवल जो रूट ही गेंदबाजों का सामना कर पाए। उन्होंने 95 रन की पारी खेली। पूरी टीम 256 रन पर सिमट गई और 1 रन से मैच हार गई। नील वेगनर ने 4 और साउदी ने 3 विकेट लिए। आखिरी विकेट क्रीज पर था, तब इंग्लैंड को 7 रन चाहिए थे...नहीं बना सके 35 रन की पारी खेलने वाले बेन फोक्स आउट होने वाले इंग्लैंड के 8वें बल्लेबाज थे। 72वें ओवर में जब वो आउट हुए तो इंग्लैंड का स्कोर 251 था। जीत के लिए 7 रन चाहिए थे।

73वां ओवर फेंकने आए वैगनर। क्रीज पर आखिरी जोड़ी थी। एंडरसन और लीच सामने थे। आखिरी गेंद पर एंडरसन ने चौका मार दिया।

### लियोनल मेसी बने 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, एम्बाप्पे-बेंजेमा को पछाड़ा

**नई दिल्ली ।** अर्जेंटीना को अपनी कप्तानी में विश्व चैंपियन बनाने वाले लियोनल मेसी ने एक और बड़ा खिताब अपने नाम किया है। उन्हें साल 2022 का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चुना गया। वहीं, महिलाओं में स्पेन की एलेक्सिया पुटेलस को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मेसी ने अपने क्लब पीएसजी के साथी किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार अपने नाम किया है। एम्बाप्पे 2022 फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने गोल्डन बूट भी जीता था। फ्रांस की टीम को फाइनल तक पहुंचाने और फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट तक मैच में बनाए रखने में उनका बड़ा योगदान था।

सीख



# बच्चों के 'विलेन' न बनें पैरंट्स

बोर्ड परीक्षाओं के आते ही बच्चों से ज्यादा उनके परिजन तनाव में आ जाते हैं। इसका असर उनके बच्चों पर भी पड़ता है। इसके चलते बच्चों की बेहतरी चाहने वाले पैरंट्स अनजाने में उनके साथ बुरा कर जाते हैं। वहीं, बच्चे भी खुद को साबित करने और माता-पिता के सपनों को पूरा करने के दबाव में आ जाते हैं। ऐसे में जरूरत है कि पैरंट्स अपने बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश करें और शांतिपूर्वक उनका समाधान करें। इससे न सिर्फ उनके व्यवहार में बदलाव आएगा, बल्कि उनमें सकारात्मक ऊर्जा भी आएगी। जानें, परीक्षा के दौरान पैरंट्स को किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। बताते हैं आपको:-

## बच्चों को बोर्ड का डर न दिखाएं

वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. संजीव त्यागी ने बताया कि बच्चों में बोर्ड एग्जाम का डर न दिखाएं। बच्चों के सामने बिलकुल हमेशा की तरह ही पेश आएं। ऐसा न करें कि टीवी बंद कर दो, बाहर नहीं जाना, खेलने नहीं देने और हमेशा पढ़ाई के लिए फोर्स करने से बचें। परीक्षा के चलते घर के माहौल को असामान्य न बनाएं। इस माहौल से बच्चे परेशान हो जाते हैं और पढ़ाई और एग्जाम में गलती हो जाती है।

## सुने और समझें

परिजनों के लिए डॉ. त्यागी ने कहा कि बोर्ड एग्जाम में बच्चों को सुनें और समझें। उन्होंने कहा कि लोग बच्चों को सुनाते हैं और समझाते हैं, जबकि बच्चों को सुनना चाहिए और उनकी बात समझने की कोशिश करनी चाहिए। पढ़ने के लिए दबाव न डालें। अच्छे मार्क्स मायने रखते हैं, लेकिन बच्चे के गोल को भी जानने की कोशिश करें।

## क्रिएटिव बनें

बोर्ड एग्जाम के दौरान पढ़ने के साथ क्रिएटिविटी पर भी ध्यान देना चाहिए। पूरे दिन पढ़ाई कराने के बजाए कुछ ऐसी एक्टिविटी भी कराएं जिनसे उनका पढ़ाई से ध्यान न भटके और उनका माइंड भी फ्रेश हो जाए। पेंटिंग या फिर उनका फेवरेट गेम साथ में खेलें। इससे बच्चे को पढ़ाई से थोड़ा ब्रेक मिलेगा और वे फिर से पढ़ाई शुरू कर पाएंगे।



## स्टडी रूम का ध्यान रखें

एग्जाम के दौरान बच्चों के स्टडी रूम का ध्यान रखें। डॉ. त्यागी बताते हैं कि यह बच्चों का प्राइवेट स्पेस होता है। उनकी इजाजत के बिना उनकी किसी चीज को हाथ न लगाएं। चीजें इधर-उधर न करें और उनकी किताबों को सलीके से रखें, कमरे की सफाई करें।

## मसाज करें

एग्जाम के दौरान बच्चों में अच्छे मार्क्स लाने की टेंशन होती है। माता-पिता फोर्स न भी करें तो भी बोर्ड एग्जाम का दबाव बच्चे समझते हैं। ऐसे में पढ़ाई के साथ बच्चों में एक तरह का दवाब भी रहता है, जिसके कारण अक्सर बच्चों को सिरदर्द की शिकायत होती है। ऐसे में बच्चे के सिर की मसाज करें। इससे उन्हें आराम मिलेगा।

## डायट

कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल की डायटिशन अदिति के मुताबिक एग्जाम में खाने-पीने का ख्याल बहुत महत्वपूर्ण है। शरीर स्वस्थ रहेगा तो बच्चे भी एकाग्रता और आसानी से पढ़ सकेंगे। उन्होंने 5 सुपरफूड के बारे में बताया जिससे इन दिनों पैरंट्स बच्चों की सेहत का ख्याल रख सकते हैं।

- अंडा, पालक, बादाम व अनाज में आयरन और विटामिन होते हैं। इनसे बच्चों में एनर्जी बनी रहती है।
- सेब, जामुन, आलू, गाजर, सलाद और ब्राउन ब्रेड में कार्बोहाइड्रेट होता है, जोकि बच्चों में एनर्जी भरते हैं।
- ओमेगा थ्री फैटी एसिड बच्चों के दिमाग और उसका फोकस बढ़ाता है। ऑलिव ऑयल और सीफूड में भी इसके गुण पाए जाते हैं।
- बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने दें। इसके लिए उन्हें मिनरल वॉटर के अलावा, नारियल पानी और अच्छे एनर्जी ड्रिंक्स दें।
- मैग्नीशियम से बच्चों को थकान नहीं महसूस नहीं होती। इसके लिए केला को उनके आहार में शामिल कीजिए।

## टॉपर्स टिप्स

- एग्जाम से पहले अपने गोल सेट कर लें और गोल बनाने में ईमानदार रहें।
- ब्रेक बहुत जरूरी है, पढ़ने के बाद अपनी पसंद का कुछ जरूर करें, जिससे रिफ्रेश रह सकें।
- एग्जाम के समय स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है और स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है नींद पूरी करना।
- अपने गोल के हिसाब से तीन-चार बार रिविजन जरूर करें।



# बदलते मौसम में ऐसे करें अपनी त्वचा की सुरक्षा

क्या आपकी स्किन पर धूप का गहरा असर पड़ता है या फिर ठंड के मौसम में आपकी स्किन रूखी हो जाती है? दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हमारी स्किन बदलते मौसम के अनुरूप खुद को ढाल नहीं पाती। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप हेमनानी बताते हैं कि बदलते मौसम में जरूरी है कि आप अपनी त्वचा को एक अच्छे क्लेन्ज़र और मॉइस्चराइजर से सुरक्षित रखें। आगे की तस्वीरों पर क्लिक करें और जानें, बदलते मौसम में अपनी स्किन को सुरक्षित रखने के टिप्स-

## साबुन



5 से 5.5 पीएच वैल्यू के बीच के मुलायम साबुन ही खरीदने चाहिए। आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि साबुन में पर्याप्त मात्रा में मिनरल ऑइल या ग्लिसरीन हो। यदि आपको ऐसे साबुन नहीं मिलते हैं तो आप शावर के बाद मिनरल ऑइल बेस्ड बॉडी लोशन भी लगा सकते हैं।

## हल्के से पोछें बदन

नहाने के बाद इस बात का भी ध्यान रखें कि आप शरीर को पूरी तरह से न सुखाएं बल्कि इसे हल्के से पोंछ लें। ऐसा करने से शरीर की नमी बनी रहेगी।

## स्किन हाइड्रेशन

हम अक्सर इस बात को भूल जाते हैं कि शरीर पर त्वचा की मोटाई अलग अलग जगहों पर अलग होती है। इसलिए इनके उपाय भी अलग होने चाहिए। हाथ और पैर कम तेल उत्पन्न करते हैं इसलिए इन्हें बार बार मॉइस्चराइज करने की जरूरत पड़ती है।



## पैर


वैसे तो अब सर्दियां खत्म होने को आईं लेकिन इस मौसम में भी पैर बेहद रूखे-सूखे से हो जाते हैं। इसलिए उन्हें एक्सफोलिएट करना बहुत जरूरी होता है। एक हिस्सा मिनरल ऑइल के साथ दो हिस्सा ग्लिस्रिन लें और इसे पूरी रात लगाकर रखें। इससे पैर की त्वचा हाइड्रेट होगी और नर्म एवं मुलायम बनेगी।

## 5. मॉइस्चराइज

12-13 साल से कम उम्र के बच्चों और 55 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों की त्वचा के लिए मॉइस्चराइजर बेहद जरूरी होता है। इस उम्र में शरीर हॉर्मोन पैदा नहीं करता है जिससे त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए शरीर को नियमित तौर पर मॉइस्चराइज करना बहुत जरूरी होती है।



# ऐसे पहुंचाएं थकी आंखों को आराम



एग्जाम के दौरान बच्चे घंटों तक पढ़ते हैं। खास तौर पर पढ़ने के लिए वह देर रात तक जागते हैं। इसका सीधा असर आंखों पर पड़ता है। आंखें लाल हो जाती हैं, जलन, पानी आना, धुंधला दिखना या डबल दिखना जैसी समस्या होती है। सेक्टर-28 के योगाचार्य हरीश शर्मा ने बताया कि एग्जाम की तैयारी के समय आंखों की थकावट कैसे कम किया जा सकता है।कम करने के तरीके बता रहे हैं।

आंखों की मालिश करें। इससे आंखों में ब्लड सर्कुलेशन सही रहेगा और यह आंखों के आसपास की मांसपेशियों को आराम देगी। मालिश से टियर ग्लैंड भी ठीक काम करेंगे और सूखेपन का अहसास नहीं होगा। मालिश के लिए उंगलियों से पलकों और भौहों के आसपास की 10-20 सेकंड तक मालिश करें। थकावट को दूर करने के लिए हथेलियों से मालिश करें। इसके लिए हथेलियों को तब तक रगड़ें जब तक कि गरम न हो जाएं और फिर हथेलियों को बंद पलकों पर रख दें।

आंखों की एक्सरसाइज के लिए आप एक पेन या पेंसिल को एक हाथ की दूरी पर आंखों के सामने पकड़ें और धीरे-धीरे उसे अपनी ओर ले आए। उसे तब तक देखते रहे जब तक वो आपको साफ दिख रहा हो। इसके बाद फिर उसे धीरे-धीरे दूर ले जाएं। इसे 10 से 15 बार करें।

ठंडे पानी से आंखों की सिकाई करने से आंखों की सूजन और तनाव दूर होता है। इसके लिए साफ कपड़े में बर्फ लपेटें और उसे बंद आंखों पर रखें। गुलाब जल तनावपूर्ण और थकी आंखों के लिए अच्छा है। इसके अलावा खीरे के टुकड़े आंखों पर रख सकते हैं।

# हंसकर मन को

खुश रहना कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन फिर भी लोग खुश नहीं रह पाते। इस बार के सेमिनार में हमारे लाइफ गुरु खुश रहने के तरीके बता रहे हैं। सेमिनार से पहले हमारे रीडर्स ने कई सवाल भेजे जिनमें से कुछ सवालों के जवाब यहां दिए जा रहे हैं।



सेहत

## खुश रहना चाहता हूं, लेकिन रह नहीं पाता?

अमीर हो या गरीब, बच्चा हो या जवान सभी खुश रहना चाहते हैं, लेकिन खुशी के लिए केवल सोचने भर से काम नहीं चलता। उसके लिए मन को समझने व उसको अपने काबू में करने की जरूरत है। इसके लिए आप मन को दिनभर के कामों में लीन करें और जिस समय जो भी काम आप कर रहे है, उस काम को मस्ती के साथ करना शुरू कर दें और चेहरे पर मुस्कराहट बनाए रखें। जब भी मौका मिले खिल-खिलाकर हंस दें। जो भी काम कर रहे हैं, उसको जब तब मस्ती के साथ नहीं करोगे, तो खुश नहीं रह सकते। कई बार आप कोशिश तो करते होंगे लेकिन चंचल मन खुशी को भुलाकर परेशानी में ही ले आता होगा। जिस समय मन खुशी से हटाए उसी समय मन में खुशी भर दो। मन का काम है हमें इधर-उधर दौड़ाकर भारी करना और हमारा काम है मन को खुशी देकर उसको हल्का कर देना।

## क्या विदेशों में रहने वाले लोग सुखी होते हैं?

सुख-दुख का ताल्लुक बाहर की चीजों से कम, आपके मन से ज्यादा होता है। यूं कहें कि सुख-दुख मन में ही होता है तो गलत नहीं। अमीर हों या गरीब, काले हों या गोरे, इस देश के हों या विदेश के, पढ़े-लिखे हों या अनपढ़, कपड़े अच्छे पहने हुए हों या खराब, झोपड़ी में रहते हों या महल में - बाहर का भेष, देश, भाषा, बर्ताव चाहे कैसा भी हो, लेकिन मन के विकार सबके एक जैसे ही होते है, उसमें बदलाव नहीं होता। ऐसा बिल्कुल नहीं कि महल में रहने वाला दुखी नहीं होता। ऐसा भी नहीं कि विदेश में रहने वाला खुश ही है। यह सब तो मन का खेल है। ऐसा नहीं है कि जगह बदलने से खुशी मिलेगी। ऐसा भी नहीं है कि विदेश में रहने से सुख मिलेगा। जगह बदलने से बेहतर होगा कि मन में बदलाव ले आओ और मन को मजबूत करते जाओ। हर दिन को उत्सव की तरह मनाते हुए जीवन को खुश मन से जीना ही जीवन जीने की कला है।

## मैं दूसरों से अपनी तुलना कर दुखी होता हूं?

अगर आधा गिलास भरा सामने रखा हो तो हमें खुद पर गौर करना चाहिए कि हमारी नजर उसके भरे हुए आधे हिस्से पर है या खाली हिस्से पर। भरे हिस्से को देखेंगे तो संतुष्टी का भाव आएगा और खाली हिस्से को देखेंगे तो मन कहेगा आधा खाली क्यों है? खाली हिस्से पर ध्यान जाते ही भरे हिस्से वाला सुख भी चला जाता है। ऐसे ही जो हमारे पास है, उसमें संतुष्ट हैं तो सुखी हैं। हमारे दुख का बहुत बड़ा कारण दूसरों के सुखों से अपनी तुलना करना भी है, क्योंकि तुलना में दुख छिपा है। जब खुद से ज्यादा खुशहाल शख्स से तुलना करोगे तो दुख होगा और अपने से नीचे शख्स से तुलना करोगे तो अहंकार आएगा। इस प्रकार जिंदगी भर किसी-न-किसी से तुलना करके सुखी-दुखी होते रहते हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम मन को बार-बार ऊंचे से ऊंचा विचार देते रहें और खुद को किसी काम में व्यस्त रखें क्योंकि खाली मन दुख ही लेकर आता है।

# महिलाएं करती हैं फ्लर्ट की शुरुआत!



शोध

रिलेशनशिप और फ्लर्टिंग को लेकर हमेशा लड़कों को बादशाह माना जाता है। किसी पार्टी, फंक्शन या फिर शादी में किसी भी लड़की से पहली बात अक्सर लड़के ही करते हैं। किसी से भी पूछने पर वह यही बताएगा कि लड़के ही पहला मूव करते हैं। इसके बाद लड़की अपनी रजामंदी दिखाती है, या फिर रिजेक्शन देती है, लेकिन अब इसे लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है।

एक बायॉलजिस्ट ने अपनी रिसर्च में खुलासा किया है कि लड़कियां लड़कों से भी ज्यादा फ्लर्टिंग करती हैं। हेलन फिशर नाम के इस साइंटिस्ट ने अपनी नई बुक एनाटॉमी ऑफ लव में यह खुलासा किया है। सोचिए आप किसी बार में हैं और आपके सामने एक लड़की अपनी दोस्तों के साथ एन्जॉय कर रही है, लेकिन अचानक वह खूबसूरत सी लड़की एक लड़के के पास जाती है जो दरवाजे पर खड़ा है। यह सब देखकर आपको लगता है कि कुछ शुरू होने वाला है। यह आमतौर पर होता है, लेकिन आप फिर भी यही सोचते रह जाते हैं कि पहली शुरुआत किसने की होगी।

इसका जवाब है लड़की, क्योंकि पहले लड़की अपने एक्सप्रेशन से ही बताती है कि वह इंट्रेस्टेड है या फिर नहीं। यह उसकी स्माइल और आंखों से पता लगाया जाता है। इस पूरे रहस्य को जानने के लिए वॉशिंगटन के एक एंथ्रोपॉलोजिस्ट डेविड गिवन्स और सेक्सॉलजिस्ट टिमोथी पर्पर ने कई बार और क्लबों में सैकड़ों घंटे बैठकर कपल्स को उनकी पहली मुलाकात में देखा।

इस पूरी रिसर्च में जो रिजल्ट निकला वह काफी चौंकाने वाला था, इसमें आधे से ज्यादा केसों में महिलाओं ने पहल की थी, लेकिन हेलन फिशर ने 25 हजार सिंगल लड़के-लड़कियों पर 2010 में स्टडी की थी। जिसमें पता चला था कि हर उम्र और रंग की महिलाएं ही ऐसे मामलों में ज्यादातर पहल करती हैं। इसके बाद 2012 में लगभग 5 हजार पुरुषों ने माना था कि उन्हें किसी महिला ने कहीं बाहर जाने का इनविटेशन दिया और इनमें से 95 प्रतिशत आदमी इस बात से खुश थे। उन्होंने बताया कि महिलाएं और पुरुष दोनों ही इसमें एक अहम रोल अदा करते हैं, लेकिन अगर किसी ने एक हिंट मिस कर दिया तो पूरा खेल खत्म भी हो सकता है।

# बनाएं आलिया के फेवरेट फ्रेंच फ्राइस

रैसिपी

अगर आप 4 लोगों के लिए फ्रेंच फ्राइसबना रहे हैं तो इस प्रकार सामग्री लीजिए -

## जरूरी सामग्री

- **आलू** - 500 ग्राम
- **तेल** - तलने के लिये
- **नमक** - आधी छोटी चम्मच
- **चाट मसाला**- आवश्यकतानुसार ऊपर से छिड़कने के लिये

## बनाने की विधि

सबसे पहले आलू को पीलर की सहायता से छील लीजिये और धोकर पानी में डाल दीजिये। छिले हुए आलू को अब फ्रेंच फ्राइ कटर की मदद से आयताकार लम्बे टुकड़ों में बराबर आकार में काट लीजिये। इसे काटने के तुरंत बाद ही पानी में भी डालते जाइए ताकि इसका रंग काला ना पड़ जाए और इसका स्टार्च निकलकर पानी में चला जाए। इसे पांच मिनट तक पानी में ही रहने दीजिए।



अब एक बर्तन में पानी उबलने के लिए रख दें। जब पानी उबल जाए तो उसमें फ्रेंच फ्राइ के टुकड़ों को डालकर फिर से पांच मिनट तक उबलने दें। इसमें नमक भी याद से डाल दीजि। अब आंच से उतारकर रख दें। अब साफ कपड़े से इस आलू से पानी को पोंछकर दस मिनट के लिए फ्रीजर में रख दीजिए।

कड़ाही में तेल डालकर गर्म कर लीजिए। गर्म होने पर इसमें आलू डालें और हल्के तल कर निकाल लीजिए। अब इसे दो मिनट तक ठंडा होने दीजिए और फिर से इसे गर्म तेल में डाल कर सुनहरा होने तक दोबारा तल लीजिए।

नमकीन क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइ तैयार है। इसके उपर आप चाट मसाला डालकर और भी चटपटा बना सकते हैं। गर्मागर्म फ्रेंच फ्राइस को टॉमेटो सॉस और चाय के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**